स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, शनिवार
24 मई, 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 12
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -272 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

निर्मला सीतारमण के खिलाफ आप नेता की पत्नी ने किया केस



## बहुत जी चुका पाकिस्तान अब होगा खत्म : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नया भारत है जो किसी को छेड़ता नहीं और अगर कोई छेड़ता है तो उसको छोड़ता नहीं हैं। यही काम तो हनुमान जी ने भी किया था। जब हनुमान जी लंका में रावण के सामने पेश किए गए तो रावण ने उनसे यही

### सीएम ने अयोध्या के हनुमानगढ़ी में हनुमत कथा मंडपम का किया लोकार्पण

पूछा था कि तुमने मेरे बेटे (अक्षय कुमार) को क्यों मारा? तब हनुमान जी ने जवाब दिया था कि मैंने नहीं मारा। मैंने तो बस जवाब दिया और वो मर गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही काम भारतीय सेनाओं ने किया। उन्होंने पाकिस्तान पर हमला नहीं किया बल्कि आतंकवाद की कायराना हरकतों का जवाब दिया। आतंकवादियों ने 24 निर्दोष भारतीय नागरिकों को मारा तो भारत की सेनाओं ने 124 आतंकवादियों का खात्मा कर दिया। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को अयोध्या के हनुमानगढ़ी में हनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब 75 साल अपनी पूरी जिंदगी जी चुका है। अब ये खत्म हो जाएगा। इसका समय आ गया है।

हमारे एक पूज्य संत ने भविष्यवाणी की थी कि पाकिस्तान खत्म हो जाएगा। पाकिस्तान को उसके कर्मों की सजा मिलेगी। इससे पहले योगी का निर्वाणी अखाड़ा की ओर से भव्य स्वागत किया गया। सीएम योगी हनुमानगढ़ी के किसी समारोह में पहली बार शामिल होने आए थे।



सनातन परम्परा में अखाड़े सम्प्रदाय की सेना के रूप में स्थापित है। इन अखाड़ों की स्थापना जयपुर के तत्कालीन नरेश के भाई स्वामी बालानंद महाराज ने 17 वीं शताब्दी में की थी। योगी को अखाड़े की ओर से हनुमान जी के प्रतीक गंदा के अलावा साफा व रजत मुकुट भी भेंट किया गया। अयोध्या में हनुमानगढ़ी में हनुमत कथा मंडपम के लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे योगी ने कहा कि हनुमान गढ़ी का अपेक्षित विकास होना चाहिए। हनुमानगढ़ी ने योद्धा भाव से सनातन धर्म की रक्षा की है। कहा बुद्धि और युक्ति का संगम हनुमानगढ़ी बना था। अयोध्या के इष्ट देव राम हैं। इसके बाद योगी ने सरकार के कामों के बारे में बात करते हुए कहा डबल इंजन की सरकार ने डबल स्पीड से काम किया। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले यात्रा के दौरान कितनी परेशानी होती थी आज पूरे देश में श्रद्धा का भाव है,नई चमक दिखती है। पीएम के विजन को धरातल पर उतारने में अयोध्या वासियों ने बहुत धैर्य का परिचय दिया।

## नीरव मोदी की दसवीं जमानत याचिका खारिज

**लंदन।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले के मुख्य आरोपी और भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की 10वीं जमानत याचिका एक बार फिर ब्रिटिश हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। लंदन की रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस में जस्टिस माइकल फोर्डहैम ने कहा कि नीरव मोदी के खिलाफ प्रथम दृष्टया आधार पर सबूत मौजूद हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उनके खिलाफ गंभीर आर्थिक अपराध का मामला बनता है। जज फोर्डहैम ने कहा, मैं दोहराना चाहूंगा कि ब्रिटेन की अदालतें पहले दो बार यह तय कर चुकी हैं कि नीरव मोदी के खिलाफ पेश किए गए सबूत प्रथम दृष्टया दोष दर्शाते हैं। अदालत ने यह भी माना कि अगर नीरव मोदी को रिहा किया गया तो उनके फरार होने की आशंका बहुत अधिक है। 54 वर्षीय नीरव मोदी पर भारत में 13,800 करोड़ रुपये से ज्यादा के बैंक घोटाले का आरोप है। दिसंबर 2019 में भारत की अदालत ने उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया था।

## कोटा में ही क्यों मर रहे छात्र : सुप्रीम कोर्ट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राजस्थान सरकार को कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामले बढ़ने पर

### आत्महत्या के मामले बढ़ने पर राजस्थान सरकार को फटकारा

जमकर फटकारा। सुप्रीम कोर्ट ने स्थिति को बेहद गंभीर बताया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इस साल अब तक कोटा में 14 छात्र-छात्राएं आत्महत्या कर चुके हैं। पीठ ने राजस्थान सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आप बतौर राज्य क्या कर रहे हैं? क्यों कोटा में ही ये बच्चे आत्महत्या कर रहे हैं? क्या बतौर राज्य आप इस बारे में सोच भी नहीं रहे हैं? इस पर राजस्थान सरकार की तरफ से पेश हुए वकील ने बताया कि कोटा में



छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। बीती 4 मई को आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 वर्षीय छात्र ने अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सुप्रीम कोर्ट ने इसी मामले पर सुनवाई करते हुए उक्त टिप्पणी की। पीठ ने नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा के आत्महत्या मामले पर भी सुनवाई की। छात्रा कोटा में अपने कमरे में फांसी के फंदे पर झूलती मिली थी। छात्रा अपने माता-पिता के साथ रह रही थी।

अदालत ने आईआईटी खड़गपुर के छात्र की आत्महत्या के मामले में एफआईआर चार दिन की से देरी से दर्ज होने पर भी नाराजगी जाहिर की। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि इन चीजों को बिल्कुल भी हल्के में मत लीजिए, ये गंभीर चीजें हैं। पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले का भी जिक्र किया, जिसमें छात्रों में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए नेशनल टास्क फोर्स बनाने का निर्देश दिया था। साथ ही तुरंत एफआईआर दर्ज करने का भी निर्देश दिया।

### महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकते

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती। यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की आरे से दायर याचिका पर आया। महिला को दूसरी शादी से हुए बच्चे के जन्म के बाद मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया गया था। अपनी याचिका में महिला ने कहा कि उसे मातृत्व अवकाश देने से इस आधार पर मना कर दिया गया कि उसकी पहली शादी से दो बच्चे हैं। तमिलनाडु में नियम है कि मातृत्व लाभ केवल पहले दो बच्चों को ही मिलेगा।


## बीएसएफ ने गोली का जवाब गोले से दिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह ने कहा

### अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को जमकर सराहा

### बीएसएफ के शौर्य को किया सलाम

कि जब यह निर्णय लिया गया कि एक सीमा पर एक बल सुरक्षा प्रदान करेगा, तो बीएसएफ को दो सबसे कठिन सीमाओं बांग्लादेश और पाकिस्तान बॉर्डर की रक्षा करने की जिम्मेदारी दी गई थी। आपकी क्षमताओं को देखते हुए आपने इसे बहुत अच्छी तरह से सुरक्षित किया है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ के शौर्य को भी सलाम किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की हर गोली का जवाब बीएसएफ ने गोले से दिया। उन्होंने कहा कि 1965 से लेकर 2025 तक अपने कर्तव्य के पथ पर निडर होकर



सर्वोच्च बलिदान की भावना के साथ चलते हुए 2,000 से ज्यादा जिन सीमा प्रहरियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, मैं पूरे राष्ट्र की ओर से उन्हें प्रणाम करता हूं। देशभक्ति के आधार पर सभी कठिनाईयों को पार करके कैसे विश्व में सर्वश्रेष्ठ बल बना जा सकता है, उसका उत्तम उदाहण बीएसएफ है। अमित शाह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर तब सफल हुआ, जब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, हमारी खुफिया एजेंसियों से सटीक जानकारी और सेना की मारक क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन एक साथ आए। जब ये तीनों एक साथ आए तो ऑपरेशन सिंदूर बना। हमारा देश कई दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना कर रहा है। पाकिस्तान ने कई बड़ी घटनाओं को वर्षों से अंजाम दिया, लेकिन उसे माकूल जवाब नहीं दिया गया। 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार बनी और पहला बड़ा हमला उरी में हमारे सैनिकों पर हुआ, उन्हें जिंदा जलाने का दुस्साहस किया और हमने उरी के तुरंत बाद सर्जिकल स्ट्राइक करके पहली बार आतंकियों के ठिकानों में घुसकर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया। फिर पुलवामा में हमला हुआ, सीआरपीएफ के काफिले को निशाना बनाया गया। सेना एयर स्ट्राइक कर के पहले से भी कठोर दंड दिया।

## सुरक्षा बलों ने मार गिराए चार माओवादी

**सुकमा।** महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित गढ़चिरौली जिले में शुक्रवार को एक संयुक्त अभियान में पुलिस की विशेष कमांडो इकाई सी-60 और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने मुठभेड़ के दौरान चार माओवादियों को मार गिराया। कवांडे इलाके में हाल ही में खोले गए एफओबी (फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस) के पास महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर माओवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली खुफिया जानकारी के आधार पर बृहस्पतिवार दोपहर एक अभियान शुरू किया गया। पूर्वी महाराष्ट के गढ़चिरौली जिले में शुक्रवार की सुबह जब घेराबंदी और तलाश की जा रही थी, तभी माओवादियों ने सी-60 कमांडो पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई की।

## नहीं रहे राज्य सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे कल तक (22 मई) लखनऊ के कार्यालय में अपना काम कर रहे थे और सभी जरूरी फाइलें निपटा चुके थे। जानकारी के अनुसार, गिरजेश चौधरी एक सरकारी कार्यक्रम में भाग लेने बस्ती पहुंचे, जहां उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द हुआ। हालत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत लखनऊ के लारी कार्डियोलॉजी संस्थान लाया गया, लेकिन डॉक्टरों की सभी कोशिशें नाकाम रहीं और उन्होंने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सैन्य उड़ानों से जुड़े चार हवाई अड्डों के लिए सख्त निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भारत में हवाई यात्रा के संबंध में एक महत्वपूर्ण और सख्त कदम उठाया है। नए दिशा-निर्देश उन उड़ानों पर

### फ़ोटोग्राफ़ी/वीडियोग्राफ़ी की अनुमति नहीं

लागू होंगे जो भारत में सैन्य हवाई अड्डों से उड़ान भरती हैं या उतरती हैं। भारत की पश्चिमी सीमा के पास संवेदनशील हवाई अड्डों पर इस निर्देश का सख्ती से पालन किया जाएगा।

ये हवाई अड्डे हैं : अमृतसर हवाई अड्डा, जम्मू हवाई अड्डा, श्रीनगर हवाई अड्डा और जैसलमेर हवाई अड्डा।



निर्देशों के अनुसार, यात्रियों को इन स्थानों पर टेकऑफ़ और लैंडिंग के दौरान खिड़कियों के पर्दे नीचे रखने होंगे। डीजीसीए ने कहा है कि इस नियम का पालन तब तक करना होगा जब तक विमान 10,000 फीट की ऊंचाई पर न पहुंच जाए या जमीन पर पूरी तरह से रुक न जाए। राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्देश जारी किया गया है। हाल के वर्षों में, यह देखा गया है कि यात्री अक्सर इन संवेदनशील एयरबेसों पर टेकऑफ़ या लैंडिंग के दौरान विमान की खिड़कियों से तस्वीरें या वीडियो लेते हैं और बाद में उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं।

## एनएसए अजित डोभाल अगले हफ्ते जाएंगे रूस

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से तनाव के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के अगले सप्ताह रूस की यात्रा करने की उम्मीद है। इस यात्रा के दौरान वह रूस पर बाकी बचे हुए दो एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की जल्द डिलिवरी को लेकर दबाव देंगे। मॉस्को में 27 से 29 मई के बीच 13वीं इंटरनेसनल मीटिंग ऑफ हाई रिप्रजंटेटिव फॉर सिक्योरिटी इशूज होने जा रही है। रूस के सिक्योरिटी काउंसिल सिक्रेटरी सरजेई शोइगू इसकी अध्यक्षता करेंगे। भारत ने 2018 में रूस से पांच एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदे थे। इनकी कीमत 5.4 बिलियन डॉलर है। तीन एस-400 की डिलिवरी हो चुकी है। वहीं दो सिस्टम मिलने बाकी हैं।

## नेशनल हेराल्ड : कांग्रेस नेताओं ने वरिष्ठों के कहने पर दान किए

कई कांग्रेसी चार्जशीट में शामिल पर आरोपी नहीं

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में दाखिल आरोपपत्र में कहा कि कुछ कांग्रेस नेताओं ने वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के निर्देश पर यंग इंडियन (वाईआई) और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को धन दान किया। ईडी ने दावा किया कि ऐसा नहीं करने पर उनके राजनीतिक कॅरियर और कारोबार के लिए नुकसानदेह होता। ईडी ने आरोपपत्र में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी (जो उस समय तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे), दिवंगत अहमद पटेल और पवन बंसल को कांग्रेस नेताओं के रूप में नामित किया है, जिनके निर्देश पर कई लोगों ने 2019-2022 के बीच यंग इंडियन को दान दिया था। हालांकि इन्हें आरोपी नहीं बनाया गया है।



ईडी ने 9 अप्रैल को स्थानीय अदालत में आरोपपत्र दायर किया गया था। हालांकि अभी तक इसका संज्ञान नहीं लिया है। ईडी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दायर अभियोजन शिकायत में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और 78 वर्षीय राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को आरोपी नंबर 1 और उनके 54 वर्षीय बेटे राहुल गांधी को आरोपी नंबर 2 के रूप में नामित किया है। इसके अलावा पांच अन्य को भी आरोपी बनाया गया है। नेशनल हेराल्ड-एजेएल-वाईआई मामला यंग इंडियन के 'लाभकारी मालिकों' और बहुसंख्यक शेयरधारकों (सोनिया गांधी और राहुल गांधी) की ओर से एजेएल की 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति अवैध रूप से हासिल करने के लिए कथित साजिश से संबंधित है। एजेएल नेशनल हेराल्ड समाचार प्लेटफॉर्म (समाचार पत्र और वेब पोर्टल) का प्रकाशक है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है।

## पाक को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में शामिल कराने की तैयारी

**नई दिल्ली।** आतंकवाद को पालने वाले पाकिस्तान के खिलाफ भारत एक बार फिर बड़ा ऐक्शन लेने की तैयारी में है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) से पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में शामिल करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। मालूम हो कि पाकिस्तान को साल 2018 में एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में शामिल किया गया था। इसके चलते उसे आतंकवाद वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग पर नियंत्रण की कमी के लिए कड़ी निगरानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, 2022 में 34 बिंदुओं के कार्य योजना को पूरा करने के बाद पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट से बाहर निकाल दिया गया। ऐसे में उसकी वैश्विक ऋणदाताओं के बीच इस्लामाबाद की साख बढ़ गई और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक और अन्य संस्थानों से आर्थिक सहायता प्राप्त करने में आसानी हुई।

## एक्शन : दिल्ली में पकड़े गए 121 अवैध बांग्लादेशी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रह रहे 121 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। इन्हें डिपोर्ट किया जाएगा। दिल्ली में पकड़े गए अवैध बांग्लादेशियों को लेकर उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के माध्यम से की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एक

### बड़े सिंडीकेट का शक होंगे डिपोर्ट

सप्ताह में अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। कैसे भारत में एंट्री मिली और कैसे यहां तक पहुंचे हैं।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) निधिन वलसन ने कहा कि देश में बाहर से आकर रह रहे अवैध प्रवेश और ठहरने में कथित रूप से शामिल एक संदिग्ध सिंडिकेट की जांच के लिए नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस स्टेशन में भी मामला दर्ज किया गया है। जिसकी जांच की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया था कि बाहरी जिला पुलिस ने सबसे ज्यादा 200 से ज्यादा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा उत्तर जिला पुलिस ने 46, द्वारका जिला पुलिस ने 25 से ज्यादा, दक्षिण जिला पुलिस ने 40 से ज्यादा, दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने 30 से ज्यादा और पश्चिमी जिला पुलिस ने 20 से ज्यादा अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा था।

## पंजाब : भ्रष्टाचार में आप विधायक गिरफ्तार



**जालंधर।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने शुक्रवार को भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में सत्तारूढ़ आप विधायक रमन अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। विजिलेंस टीम ने रमन अरोड़ा के जालंधर स्थित घर पर छापा मारा। इसके बाद विधायक को गिरफ्तार कर लिया। रमन अरोड़ा जालंधर सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। आप के प्रवक्ता नील गर्ग ने पुष्टि करते हुए कहा कि रमन अरोड़ा के घर पर छापा मारा गया है। पंजाब सरकार ने हाल ही में विधायक रमन अरोड़ा की सुरक्षा वापस ले ली थी, जिसके बाद विधायक ने मीडिया से कहा कि उन्हें इस कदम के पीछे के कारण की जानकारी नहीं है।

## 'बलूचिस्तान में भारत नहीं हमारे लोग ही हमलावर हैं'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सांसद उमर फारूक ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की सार्वजनिक रूप से जमकर लताड़ा। उन्होंने

### पाक सांसद ने खोली शहबाज की पोल

### पूछा भारत इतनी गहराई तक घुसकर हमें कैसे मार सकता है?

बलूचिस्तान को लेकर भी अपनी सरकार की पोल खोली। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान में बम भारत से नहीं आ रहे हैं। वहां हमला करने वाले हमारे अपने लोग ही हैं। उनके बयानों ने पाकिस्तान के झूठे दावों की पोल खोल दी और उसके प्रोपेगैंडा को भी उजागर कर दिया। पाकिस्तानी सांसद ने पाकिस्तान की रक्षा प्रभावशीलता और सैन्य क्षमता पर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। उमर फारूक ने कहा, भारत इतनी गहराई तक घुसकर हमें कैसे मार सकता है? भारत ने चकलाला एयरबेस पर भी बमबारी की। हमारी



सेना का जीएचक्यू पास में ही था। कोई नहीं पूछ रहा कि भारत इतनी गहराई तक कैसे घुस आया। इसके बाद उन्होंने खुली चुनौती देते हुए कहा, अगर मेरी बातों से कोई नाराज होता है, तो उसे आकर इन मुद्दों पर सीधे चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने बलूचिस्तान में हमलों के लिए भारत पर पाकिस्तान के लगातार आरोपों पर भी सवाल उठाए। उमर फारूक ने पूछा, हमारी एजेंसियां और सेनाएं क्या कर रही हैं? हम अपनी ही सेना से सवाल क्यों नहीं कर रहे हैं? भारत से कोई बम या लोग नहीं आते। हमलावर हमारे ही लोग हैं।

## अगर यूएस में नहीं बनाया आईफोन तो लगाएंगे 25 प्रतिशत टैरिफ : ट्रंप

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी कि अगर कंपनी भारत या कहीं और में आईफोन का निर्माण जारी रखती है तो वह एप्पल उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा देंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी को वाशिंगटन को 25 प्रतिशत टैरिफ देना होगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि मैंने बहुत पहले ही एप्पल के टिम कुक को सूचित कर दिया था कि मुझे उम्मीद है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में बेचे जाने वाले उनके आईफोन का निर्माण और निर्माण संयुक्त राज्य अमेरिका में होगा, न कि भारत या किसी अन्य स्थान पर। अगर ऐसा नहीं है, तो एप्पल को अमेरिका को कम से कम 25 प्रतिशत टैरिफ देना होगा। सोशल मीडिया पर दी गई धमकी से आईफोन की कीमत में नाटकीय रूप से वृद्धि हो सकती है, जिससे अमेरिका की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक की बिक्री और मुनाफे को नुकसान पहुंच सकता है। कंपनी अब अमेजॉन, वॉलमार्ट और अन्य प्रमुख कंपनियों के साथ व्हाइट हाउस के निशाने पर आ गई है, क्योंकि वे ट्रम्प द्वारा लगाए जा रहे आयात करों से उत्पन्न अनिश्चितता और मुद्रास्फीति के दबाव का जवाब देने की कोशिश कर रही हैं।



## जाति जनगणना पर बड़ा अभियान चलाएगी कांग्रेस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को पार्टी प्रवक्ताओं का आह्वान किया कि वे जाति जनगणना के विषय को संवेदनशीलता के साथ और निडर होकर जनता के बीच ले जाएं तथा इसे सिर्फ चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि वैचारिक प्रतिबद्धता समझें। खरगे ने यहां कांग्रेस प्रवक्ताओं के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, 'आज जब देश जातीय न्याय की बात कर रहा है, तब कांग्रेस पार्टी का यह दायित्व बनता है कि वह इस विमर्श को दिशा दे, उसे नारे से नीति तक ले जाए और 'जितनी आबादी, उतना हक' को केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प बनाए।' उन्होंने प्रवक्ताओं का आह्वान किया, 'साथियों, हम सभी जानते हैं कि जातिगत जनगणना का मुद्दा कोई नया नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने इसे लगातार उठाया है, हमारे घोषणापत्रों में, संसद में, सड़कों पर और हर उस मंच पर जहां सामाजिक न्याय की बात होनी चाहिए।' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने अप्रैल 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर यह मांग दोहराई थी कि जाति जनगणना तत्काल शुरू की जाए, क्योंकि जब तक सही आंकड़े नहीं होंगे, तब तक कोई भी सरकार यह दावा नहीं कर सकती कि वह सबको न्याय दिला रही है। खरगे ने कहा, 'आज हमें यह पूछना है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलित और आदिवासी समुदायों की देश की सत्ता, संस्थानों में क्या भागीदारी है? क्या वे मीडिया, नौकरशाही, न्यायपालिका, कॉरपोरेट क्षेत्र और उच्च शिक्षण संस्थानों में अपनी आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व रखते हैं? अगर नहीं, तो इसका कारण क्या है? और समाधान क्या है?'



## अनियंत्रित होकर ई.रिक्शा पलटा युवक घायल

बांगरमऊ उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवलापुर निवासी गोलूकुमार पुत्र जसकरन 22 वर्ष गुरुवार की सुबह अपने घर से ई रिक्शा पर बैठकर बांगरमऊ आ रहा था। तभी रास्ते में लखनऊ मार्ग स्थित ग्राम सुरसेनी के सामने अचानक तेज रफ्तार ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया स हादसे में गोलू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया स जबकि ई रिक्शा सवार अन्य लोग बाल बाल बच गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचे परिजनों ने घायल युवक को निजी साधन से यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए स जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत

बांगरमऊ उन्नाव । गंजमुरादाबाद के मोहल्ला कसैटा निवासिनी एक वृद्धा बीते बुधवार को उन्नाव हरदोई मार्ग पैदल पार कर रही थी। तभी अज्ञात बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी थी। गंज मुरादाबाद के सरकारी अस्पताल द्वारा उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां देर रात वृद्धा ने दम तोड़ दिया। कस्बा के मोहल्ला कसैटा निवासिनी 70 वर्षीय मुन्नी पत्नी सफी जान बुधवार को दोपहर बाद गंज मुरादाबाद में मुख्य हरदोई उन्नाव मार्ग पैदल पार कर रही थी। तभी अचानक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे आनन.फानन सरकारी अस्पताल लाए थे। जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद वृद्धा को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहाँ देर रात इलाज के दौरान वृद्धा की मौत हो गयी। परिजन पोस्टमार्टम कराए बगैर वृद्धा का शव लेकर घर चले आए और शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

फतेहपुर चौरासी उन्नाव।थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते घर पास खड़े नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।पिता की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र की ग्रामपंचायत कटरी गदनपुर आहार के मजरा ग्राम अहिरनपुरवा निवासी तुलसीराम के लगभग चालीस वर्षीय पुत्र केशव ने बुधवार रात अज्ञात कारणों के चलते घर के समीप खेत में खड़े नीम के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता तुलसीराम ने बताया कि वह परिजनो के साथ गांव में चल रही भागवत कथा सुनने गए थे।कथा से लगभग रात नौ बजे घर वापस आने पर घटना की जानकारी हुई।उन्होंने बताया कि केशव अविवाहित था तथा शराब का लती था।उन्होंने आत्महत्या के कारणों पर अनभिज्ञता जताई है । मृतक तीन भाई तीन बहनों में दूसरे नम्बर पर था।वही ग्रामीणों में गृह कलह की चर्चा है।घटना के बाद से मृतक की माँ गेंदा सहित परिजनो रो रो कर बुरा हाल हैं। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया है कि मृतक के पिता की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## मुठभेड़ में पांच दिन पहले हुई लूट के दो अभियुक्त गिरफतार

नवाबगंज उन्नाव।अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चन्डीगढ़ यूनिवर्सिटी के सामने हाइवे पर पांच दिन पूर्व बाइक सवार के साथ हुई लूट के मामले मे पुलिस ने बीती रात हुई मुड़भेड़ मे दो को पकड़ा जबकि तीसरा लुटेरा भागने मे सफल रहा। मालूम हो कि बीती 19 मई को बाइक सवार युवक के साथ तीन लुटेरों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था।जिसके बाद से पुलिस लगातार छानबीन कर रही थी।बीती रहे गस्त के दौरान जैतीपुर मार्ग पर पुलिस ने तीन संदिग्धों को देखा तो पूछताछ के लिए जैसे ही पास पहुंची एक ने पुलिस पर फायर कर दिया ।जिसपर पुलिस ने आत्मरक्षार्थ में जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में 22 वर्षीय गोविंद के पैर में गोली लगी। वह अशोक नगर राजाजीपुरम थाना ठाकुरगंज का रहने वाला है।पुलिस ने 29 वर्षीय शमीम हुसैन को गिरफ्तार कर लिया। वह मीना बेकरी चौराहा थाना बाजारखाला का निवासी है। तीसरा आरोपी सुभाष अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। वह दरियापुर थाना बाजारखाला का रहने वाला है।गोविंद से एक अवैध तमंचा 315 बोर एक जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। मौके से अपाचे मोटरसाइकिल और लूट का सामान भी मिला। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

बांगरमऊ। धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करा देने से नाराज़ अभियुक्तों ने पीड़ित को गाली.गलौज कर जान से मार डालने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहदानी निवासी राहुल राठौर पुत्र श्यामलाल राठौर द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार उसने बीते 19 दिसंबरए 2024 को नगर के मोहल्ला खत्रियाना निवासी राजेश कुमार रस्तोगी पुत्र गिरजा शंकर रस्तोगी आदि के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मुकदमे में सभी आरोपी जमानत पर हैं। आरोप है कि बीते गुरुवार को राजेश कुमार रस्तोगीए अवधेश निवासी परशुराम पुर फतेहपुर 84ए नारेंद्र सिंह निवासी रूरी सादिकपुर व बाबूलाल पुत्र परमसुख सहित कुल नौ लोगों ने उसे गली में घेर लिया और मां.बहन की गालियां देते हुए कहा कि यदि मुकदमे में गवाही देने गए तो जान से मार डालेंगे। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तिलक में शामिल होने आए युवक ने खाया जहर, मौत

**जांच में प्रेम.प्रसंग का मामला सामने आया**

**सफीपुर उन्नाव ।** चचेरे भाई के तिलक समारोह में शामिल होने चंडीगढ़ से आए युवक ने बुधवार रात आठ बजे जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन नर्सिंगहोम के बाद जिला अस्पताल ले गएए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जांच में प्रेम.प्रसंग का मामला सामने आया है।सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के सकहन राजपूतान गांव निवासी श्याम बाबू उर्फ मनोज ;20द्ध चंडीगढ़ में मजदूरी करता है। 22 मई को चचेरे भाई राजाबाबू का तिलक होने से उसमें शामिल होने 19 मई को घर आया था। बुधवार देर शाम घर से बाहर निकलाए कुछ समय बाद वापस आया तो मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन परियर स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेजाए वहां मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की चाची रामदुलारी ने बताया कि श्याम बाबू तीन दिन पहले आया था। जब वह छोटा थाए तभी उसकी मां जनकदुलारी की बीमारी से मौत हो गई थी। बड़ा भाई पप्पू और छोटी बहन सविता है। चर्चा है कि वह चंडीगढ़ में ही किसी लड़की से विवाह करना चाहता था। परिजनों के सामने बात रखी तो वह भड़क गए थे। इससे उसने यह कदम उठाया। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि जांच की गई है। अभी कोई आरोप नहीं है। प्रेम प्रसंग का मामला है।

**शव पहुंचते ही परिजन में मची चीख.पुकार**

श्याम बाबू की चाची रामदुलारी ने बताया कि एक तरफ तिलक की तैयारियां चल रहीं थींए मंगलगीत हो रहे थेए उधर श्यामबाबू के जहर खाने से खुशियां मातम में बदल गईं। उन्होंने बताया कि गुरुवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा चीख.पुकार मच गई। आनन.फानन अंतिम संस्कार कर दिया गया। कन्या पक्ष के लोगों से इस समय अच्छा कार्य न होने की बात रखी गई लेकिन उनकी भी पूरी तैयारी होने से वह भी तारीख आगे बढ़ाने पर राजी नहीं हुए। इसलिए देर शाम सादगी पूर्ण तरीके से तिलक चढ़ाने की बात पर रजामंदी हुई। कहा कि श्यामबाबू को बेटे की तरह पाला थाए वह यह कदम उठाएगा यह उम्मीद नहीं थी।

**महिला ने जहर खाकर थाने में दम तोड़ा**

स्वतंत्र भारत उन्नाव।जिले में एक महिला ने जहर खाकर थाने पहुंचने के बाद दम तोड़ दिया। महिला का एक दिन पहले अपनी मां से मामूली बात को लेकर विवाद हुआ थाए जिससे वह मानसिक रूप से परेशान थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की सजा**

स्वतंत्र भारत उन्नाव । जिले के एक गांव में 21 मई को एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को दस साल की सजा सुनाई गई है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

**बीएड और बीपीएड परीक्षाएं शुरू**

स्वतंत्र भारत उन्नाव । शुक्रवार से बीएड और बीपीएड की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। दोनों कक्षाओं के दूसरे और चौथे सेमेस्टर में 1763 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कश्यपए निषाद समाज कल्याण सोसाइटी उन्नाव के तत्वावधान में सर्व जातीय सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है। 25मई 25को आयोजित कार्यक्रम चंद्र शेखर आज़ाद सामुदा इक केंद्रए पी डी नगर में संपन्न होगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम आयोजक संजय कुमार गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश मुख्य संरक्षक वर्मा प्रसाद भी उपस्थित रहेंगे।




## डीएम ने किया जिला कारागार में जिम का उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत उन्नाव** शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने और शारीरिक रुप से स्वस्थ रहने के उद्देश्य से विगत दिवस जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जिला कारागार मे ओपेन जिम का फीता काटकर शुभारंभ किया?। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर एवं पंकज कुमार सिंह जेल अधीक्षक जिला कारागार मौजूद थे। कारागार मुख्यालय के सौजन्य से उपलब्ध ओपेन जिम का शुभारंभ किया गया ताकि इसके माध्यम से लोग सेहत को स्वस्थ रख सकें तथा शारीरिक रुप से मजबूत रहें।



## किसानों को जोत आकार पत्र. 23 आवंटित किसानों को अभी और आवंटित किए जाएंगे

स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नाव।ग्राम माढ़ापुर स्थित पंचायत भवन में गुरुवार को चकबंदी विभाग द्वारा शिविर आयोजित कर किसानों को जोत आकार पत्र .23 आवंटित किए गए। चकबंदी अधिकारी ने कहा कि किसी के चक में कोई विरोधाभास हो तो ऐसे किसान उनसे किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं। ग्राम प्रधान विजयपाल कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में चकबंदी अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने करीब एक सैकड़ा काश्तकारों को जोत आकार पत्र .23 आवंटित किया। उन्होंने बकाया काश्तकारों को बताया कि अभी शुक्रवार और शनिवार दो दिन और आकार पत्रों का आवंटन किया जाएगा। इसके बाद बांगरमऊ स्थित कार्यालय में आकार पत्रों के आवंटन के अलावा काश्तकारों को उनकी शंका का समाधान किया जाएगा। शिविर में नायब तहसीलदार राजस्व अशोक कुमार मिश्रए सहायक चकबंदी अधिकारी भरत प्रसादए कानून गो संतराम व लेखपाल पुरुषोत्तम सहित अन्य चकबंदी कर्मचारी मौजूद रहे।

## समाजसेवी एवं सुप्रसिद चार्टर्ड एकाउंटेंट सुरेश सेठ का निधन

उन्नाव। शहर के सुप्रसिद चार्टर्ड एकाउंटेंट एवं समाजसेवी सुरेश सेठ का गुरुग्राम सिथत नर्सिंग होम में इलाज के दौरान शुक्रवार को निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पाते ही उद्योग जगत एवं खत्री समाज समेत विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। सिविल लाइंस स्थित आवास पर शोक संवेदना देने वालों का तांता लगा रहा।उनका अंतिम संस्कार शनिवार को शुकलागंज सिथत गंगघाट पर होगा। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। वह पिछ्ले कुछ समय से बीमार थे और गुरुग्राम में इलाजरत थे। उनके निधन पर उद्योग व्यापार मंडल एवं उद्योग जगत से जुडे लोगों ने भी शोक व्यक्त किया है।

## अमृत मित्र महिलाओं ने किया पौधरोपण

स्वतंत्र भारत

उन्नावस्थ्एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अमृत मित्र महिलाओं के द्वारा पौधरोपण कर स्वच्छ व हरित भविष्य की बुनियाद रखी जा रही है। शुक्रवार को आवास विकास स्थित वृंदावन गार्डन में श्भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ़ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्सश् के तत्वावधान में श्जिला नगरीय विकास अभिकरणश् द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को किट वितरित की गयी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी संजय कुमार गौतम जीएपरियोजना अधिकारी अरविंद सिंह जीएआदर्श सिंह जी सहित सभी सम्मानित जन उपस्थित थे। कार्यक्रम में भाग लेने वालों को नगरपालिका परिषद की चेयरमैन श्वेताभानु मिश्रा के हाथों से किट प्रदान की गयी।




## उच्च अंक अर्जित कर शहरी स्कूलों को मात दी

बांगरमऊ।क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण अंचल में संचालित ताहिरा अफ्सार इंटर कालेज के भी छात्र छात्राओं ने यूपी बोर्ड हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा में उच्च अंक अर्जित कर शहरी स्कूलों को मात दी है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आज मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्रामीण अंचल में स्थित ग्राम आसत मोहीउद्दीन पुर में कई दसक से ताहिरा अफ्सार इंटर कालेज संचालित होता चला आ रहा है। जहां शहरी स्कूलों के सामने यहां बच्चों की पढ़ाई के लिए संसाधनों की बेहद कमी है। किंतु पढ़ाई में यह विद्यालय अव्वल है। हाई स्कूल की परीक्षा में विद्यालय के नूर आलम ने 90 प्रतिशतए प्रतिष्ठा 86 प्रतिशत तथा खुशी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जबकि इंटर की परीक्षा में छात्रा इकरा ने 77 प्रतिशत व छात्रा श्रेया तथा छात्र अमित दोनों बच्चों ने 76 फीसदी अंक अर्जित कर विद्यालय और गुरुजनों का नाम रोशन किया है।

## उन्नाव में पुलिस कांस्टेबल की मौत

गांव के तीन लोगों के साथ शराब पी थीए नाक से निकल रहा था खूनए बहराइच में तैनाती

स्वतंत्र भारत उन्नाव। बहराइच पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी वेदप्रकाश पाल का शव उनके पैतृक गांव उन्नाव में मिला है। वह छुट्टी पर घर आए थे। शुक्रवार को उनका शव गांव पुरवा के बाहर मिला। मृतक की नाक से मामूली रक्तस्राव हुआ था। शरीर पर कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं। जानकारी के अनुसारए वेदप्रकाश गुरुवार शाम को गांव के तीन अन्य लोगों के साथ शराब पी रहे थे। इसके बाद देर रात उनका शव गांव के बाहर मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी ने किया निरीक्षण पुलिस अधीक्षक उन्नाव दीपक भूकर ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना माखी पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में हत्या या दुर्घटना का कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पिता ने दो लोगों पर जताया शक पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। मृतक के पिता रामलखन पाल ने दो लोगों पर शक जताया है। एसपी भूकर के अनुसार मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## उन्नाव के तीन युवकों की हरदोई में मौत

**हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजन।**

स्वतंत्र भारत उन्नावरू पड़ोसी जिला हरदोई के अतरौली थानाक्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में उन्नाव के तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों एक शादी समारोह में वीडियोग्राफी का काम करके लौट रहे थे। उन्नाव के नितिन ;25द्धए वैभव ;24द्ध और प्रवीण ;25द्ध गुरुवार को हरदोई के अतरौली क्षेत्र में एक शादी समारोह में वीडियोग्राफी करने आए थे। शुक्रवार सुबह करीब 3रू10 बजे तीनों एक ही बाइक से उन्नाव लौट रहे थे। अतरौली चौराहे पर भटपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।हादसे की सूचना मिलते ही अतरौली पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को सीएचसी भरावन ले जाया गया। डॉक्टर की रिपोर्ट के बाद तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए संडीला भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारए हादसा इतनी तेजी से हुआ कि टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया।सीसीटीवी फुटेज जांच रही पुलिस नितिन के पास से एक टेबलेटए 90 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। इंस्पेक्टर मारकंडेय सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। शादी की वीडियोग्राफी कर लौट रहे थे तभी रास्ते में कार ने टक्कर मारी थी।

# कानपुर देहात समाचार

## अधिवक्ता एक राष्ट्र एक चुनाव की मुहिम को आगे बढ़ाएं - प्रशांत सिंह अटल

**सिविल बार एसोसियेसन अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने कहा एक साथ चुनाव कराने से सरकारों को नीतियां बनाने में सुविधा होगी**

रसूलाबाद कानपुर देहात । एक राष्ट्र एक चुनाव न होने से देश की बड़ी आर्थिक क्षति होती हैएसुरक्षा और अन्य लोक हित के कार्यों में लगे सरकारी कर्मचारियों को उनके मुख्य कार्यों से हट कर चुनाव में समय गवाना पड़ता है। यह बात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य स्थाई अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहबाद लखनऊ बेंच बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन सदस्य प्रशान्त सिंह अटल ने जनपद न्यायालय में अधिवक्ताओं द्वारा आयोजित एकराष्ट्र एक चुनाव और आपरेशन मंगलसूत्र में देश के वीर जवानों की शौर्यगाथा और सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा में कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कही।

उन्होंने कहाकि देश में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनैतिक दल अपने क्षेत्रीय और राष्ट्रीय मुद्दे अलग अलग रख चुनावी हित साधने के लिए क्षेत्रीय और राष्टीय मुद्दे अलग रख उसी अनुसार प्रचार करते है जिससे क्षेत्रीय सामाजिक और सांप्रदायिक वैमनस्यता बढ़ती हैए किन्तु यदि एक राष्ट्र और एक चुनाव लागू हो जाता है तो राजनैतिक दल इस विघटनकारी सोच से बचेंगे। इस संबंध में अधिवक्ताओं की भूमिका पर अटल ने कहा कि अधिवक्ताओं पर समाज आज भी बहुत विश्वास करता है और यदि देश के अधिवक्ताएएक राष्ट्र एक




चुनाव की मुहिम को आगे बढ़ाने में शामिल हो गया तो इससे देश समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक जिला शासकीय अधिवक्ता ;दीवानीद्ध गोपाल स्वरूप ओमर ने कहा कि देश के चहुमुखी विकास के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यक है।इस अवसर पर उन्होंने श्एक राष्ट्र एक चुनावश् पर संदेश पत्रक वितरित किए। कार्यक्रम के सह संयोजक पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार पाण्डे ने कहा कि कई दशकों से देश में लगातार कहीं न कहीं लगातार चुनाव हो रहे है जिससे सरकारों का ध्यान देश और प्रदेश के विकास से हट कर चुनावों में लगा रहता है जिसमें सुधार आवश्यक है।

सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से सरकारों को नीतियां बनाने और उन्हें लागू करने में सुविधा होगी और सरकारों का ध्यान विकास कार्यों परज्यादा केंद्रित किया जा सकता है। जितेन्द्र चौहान ने कहा कि इससे देश के लगातार बिगड़ते सांप्रदायिक माहौल में सुधार भी हो सकता है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष गण रवीन्द्र नाथ मिश्र राकेश मिश्रा विश्वनाथ कटियार अध्यक्ष जिला बार माती मुख्यालय शैलेन्द्र तिवारी महामंत्री अरविंद कुशवाहा जिला शासकीय अधिवक्ता विजय सिंह जिला शासकीय अधिवक्ता रेवेन्यू विमल द्विवेदी पूर्व महामंत्री संजय सिंह सिसोदिया ने विचार रखे।संचालन जिला बार एसोसिएशन महामंत्री अमर सिंह भदौरिया ने किया।अध्यक्षता तीनों बारों के पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र पाण्डे ने की।इसके बाद जनपद न्यायालय में आपरेशन सिन्दूर की ऐतिहासिक विजय पर देश के वीर जवानों की शौर्य गाथा के गीत गाते हुए उनके सम्मान में जनपद न्यायालय से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से अभय त्रिपाठी गिरजाकांत त्रिपाठी के के सिंह प्राची शुक्ला अजय यादव जयमाला वर्मा रवींद्र सिंह भदौरिया अर्पित सचान संतोष कटियार वी के त्रिपाठी क्षमता सिंह सेंगर विशाल सिंह अमित सिंह चौहान शिववीर सिंह भदौरिया आशीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## रनियां में देश के सैनिकों व शहीदों के सम्मान में निकली भारत शौर्य तिरंगा यात्रा

**रनियां.कानपुर देहात।** देश के सैनिकों और शहीदों के सम्मान में शुक्रवार को अकबरपुर रनियां विधानसभा की तिरंगा यात्रा में भारी जनसैलाब उमड़ा।सदर विधायक एवं प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान एवं पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ता और आमजन रनिया कस्बे के माध्यमिक विद्यालय परिषर में इकट्ठे हुए जिसमें मातृशक्ति की भी अच्छी खासी उपस्थिति रही। भारत शौर्य तिरंगा यात्रा माध्यमिक विद्यालय रनिया से शुरू होकर रनिया पड़ाव बाजार स्थित गांधी भवन चीटिकपुर चौराहे से भ्रमण करते हुए वापस माध्यमिक विद्यालय रनिया परिषर में समाप्त हुई।यात्रा के दौरान लोग हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगातार लगाते रहे।देश भक्ति गीतों की गूंज से कस्बा वासियों में भारी उत्साह और देश के प्रति प्रेम की अलग छटा नजर आई।लोग क्षेत्रीय विधायक के साथ हाथों में तिरंगा झंडा लेकर देश प्रेम में सराबोर दिखे।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक एवं प्रदेश सरकार की महिला कल्याण बाल विकास मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि शहीदों के सम्मान में यह तिरंगा यात्रा ऐसे लोगों की नकारात्मक विचारधारा के खिलाफ बिगुल है जो देश के प्रति सम्मान





नहीं रखते।शहीदों के सम्मान में यह भारत शौर्य तिरंगा यात्रा आगाज है ताकि हमारे युवा शहीदों के प्रति अपनी सोच को बदलें और उनके प्रति मन में सम्मान की भावना लाएं। उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर भारत की विजयगाथा है।यह अभियान अब देश के आत्म सम्मान का प्रतीक बन गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान ने भारत की बहादुर बेटियों सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह के साहस को सलाम करते हुए कहा कि रनिया कस्बे में उमड़ा यह जनसैलाब भारतीय सेना के प्रति गर्व और सम्मान को दर्शाता है।पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब देकर दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा और शक्ति का लोहा मनवाया है।भारतीय सेना ने 22 मिनट में पाकिस्तान को घुटनों पर ला खड़ा किया।यह हमारे सैनिकों के अद्भुत पराक्रम का प्रतीक है।ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्यवाही नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक संदेश है।इस विजय ने न केवल भारत का सिर ऊंचा किया है बल्कि शहीदों के परिजनों को भी एक नई उम्मीद दी है।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष मदन पांडेय बबलू शुक्ला बाल जी शुक्ला आशीष मिश्रा अंशु तिवारी उमा द्विवेदी धर्मेंद्र कुशवाहा नितिन कुशवाहा पप्पू शर्मा अरुण त्रिपाठी एअरुण शर्मा जिला पंचायत सदस्य कृष्णा गौतम बउवा पांडेय महेश तिवारी बाल जी शुक्ला गुड्डू मिश्रा सोनू मिश्रा दुर्गा प्रसाद द्विवेदी पप्पू चंदेल मानवाधिकार जिलाध्यक्ष पम्मी सिंह भदौरिया ममता सिंह भदौरिया संजय चंदेल संजय पांडेय विमल त्रिवेदी सुशील बाजपेयी बीनू मिश्रा शिवा पांडेय लालन शुक्ला रोली तिवारी विनोद गुप्ता अंकित परमार आलोक कुशवाहा शुभम शुक्ला विवेक शर्मा अभिषेक शर्मा बउवन द्विवेदी सत्यम सक्सेना आकाश मिश्रा कामिनी द्विवेदी सीमा द्विवेदी रेनू द्विवेदी सोनी द्विवेदी पम्मी सिंह शिवकेश तिवारी शिवम तिवारी अनूप त्रिवेदी विराट त्रिवेदी निक्कू तिवारी सत्यम शुक्ला पवन शुक्ला नीलू सविता मधु कश्यप जगदीश अवस्थी करन सिंह विपिन शर्मा संगीत शर्मा संजय विश्वकर्मा शाहिद सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## भू-माफिया ने पुलिस से सेटिंग कर फर्जी मुकदमें में भेजा जेल



**कानपुर।** भूमाफिया ने पुलिस की मिलीभगत से फर्जी मुकदमें में फंसाकर पीड़ित को भेजने के बाद उसके प्लाट पर कब्जा कर चौकी इंचार्ज को बेंच दिया। दस माह बाद जेल से आने के बाद पीड़ित ने प्लाट की हालत देखी तो वह दंग रह गया। पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाई है। सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में रहने वाले राजीव सक्सेना ने बताया कि भूमाफियाओं ने पुलिस की मिलीभगत से फर्जी मुकदमे में फंसाकर 10 महीने के लिए जेल भिजवा दिया। इस दौरान न सिर्फ पीड़ित परिवार की जिंदगी तबाह हो गई, बल्कि उनका कीमती प्लॉट भी भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया।

- **प्लाट पर कब्जा चौकी इंचार्ज को बेंचा**
- **पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से लगाई न्याय की गुहार**

हैरानी की बात तो यह है कि इस कब्जे में इलाके के ही एक चौकी इंचार्ज की भूमिका भी सामने आई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जेल में बंद रहने के दौरान उनके बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जेल से छूटने के बाद जब उन्होंने अपने प्लॉट की हालत देखी और न्याय की गुहार लगाई, तो उन्हें थाने और अधिकारियों के चक्कर काटने पड़े। न्याय न मिलने से हताश परिवार ने अब पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि भूमाफियाओं ने प्लॉट पर अवैध कब्जा कर उसे चौकी इंचार्ज को बेच दिया और चौकी इंचार्ज ने भी इसी प्लॉट पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर कब्जा कर लिया। अब सवाल यह उठता है कि क्या पुलिस प्रशासन इस गंभीर मामले में संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्रवाई करेगा, या फिर भूमाफिया ऐसे ही गरीबों को फर्जी मुकदमों में फंसाकर उनकी जमीन हड़पते रहेंगे।

## जमीनी विवाद में सगे भाईयों में चले लाठी-डण्डे व फावड़े

कानपुर। जमीनी विवाद में एक ही परिवार के भाईयों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डण्डे व फावडें चलने लगे। पीड़ित ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। कार्यवाही के लिए पीड़ित थाने से एसीपी कार्यालय तक चक्कर लगाया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

महाराजपुर के डोमनपुर का मजरा कपूर फॉर्म के रहने वाले जमीन के बंटवारे के विवाद में एक ही परिवार के भाइयों में आपस में विवाद हो गया। पीड़ित राम प्रसाद ने बताया कि 12 मई की सुबह घर व जमीन के बंटवारे को लेकर भाई संतोष, छोटू, सुखदेई व ज्योति और आंचल द्वारा मुझे व मेरी पत्नी नीलम को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। इसका विरोध किया, तो सभी ने मिलकर लाठियों से पीटा। और जान से मारने की नीयत से फावड़ा उठाकर दौड़ा लिया। किसी तरह भाग कर मैंने अपनी जान बचाई है। पीड़ित राम प्रसाद का कहना है कि वह स्थानीय चौकी गया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद वह थाने गया और वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। 17 मई को एसीपी कार्यालय में जाकर न्याय की गुहार लगाई थी। यहां से मुकदमा पंजीकृत करने का आश्वासन मिला था। 11 दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित ने बताया यदि कार्रवाई नहीं होती, तो वह उच्चाधिकारियों की चौखट पर न्याय की गुहार लगाएगा।

## उधार रूपए मांगने पर युवती ने पिता के साथ मिलकर पीटा

**कानपुर।** उधार रूपए मांगने पर एक युवती ने कपड़े फाड़कर छेड़छाड़ के केस में फंसाने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने विरोध किया तो युवती ने अपने पिता के साथ मिलकर मारपीट की। पीड़ित ने चकेरी थाने में पिता-पुत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

चकेरी थाना क्षेत्र के जगईपुरवा निवासी अजय कुमार ने बताया कि ग्वालटोली निवासी तनुश्री उसी के साथ काम करती थी। उसने अपनी समस्या बताकर 25 दिसम्बर 2024 को एक महीने के लिए एक लाख रुपए उधार ली थी। अजय ने बताया कि उसने ऑनलाइन 50-50 हजार करके दो बार उसके एकाउंट में एक लाख रुपए ट्रांसफर किए। एक माह बाद उसने अपने रुपए मांगे तो तनुश्री ने टाला मटोली शुरू कर दी।

अजय ने आरोप लगाया है कि 16 अप्रैल को तनुश्री के पिता कृष्ण कुमार ने धमकी दी कि अगर बार-बार पैसे मांगे तो हाथ पैर तुड़वा देगा। 11 मई 2025 की शाम वो तनुश्री के घर पत्नी के साथ पहुंचा। वहां पर अजय ने फिर से अपने एक लाख रुपए मांगे। इस बार उसे बेईज्जत करने के साथ ही तनुश्री और उसके पिता ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। धमकी देते हुए कहा कि कोई पैसा नहीं मिलेगा। अगर बार-बार पैसा मांगा तो कपड़े फाड़कर छेड़छाड़ के मुकदमें में फंसा दूंगी।

अजय के मुताबिक वो चुपचाप निकल आया। चकेरी थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला के मुताबिक मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना शुरू कर दी गई है, जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कांशीराम अस्पताल में डॉक्टर रहे नदारद, मरीज करते रहे इंतजार

- **डीएम ने किया औचक निरीक्षण, कई डॉक्टर व कर्मचारी मिले अनुपस्थित**
- **देर से पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**



**कानपुर।** शुक्रवार को डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कांशीराम हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। डीएम को देख अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। इस दौरान 64 कर्मचारी व एक दर्जन डॉक्टर अनुपस्थित मिले। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ नवीन चंद्रा भी देर से पहुंचे। इसके साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई ठीक नहीं मिली। जिस पर डीएम ने नराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों और डाक्टरों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी डॉक्टर शासन के दिशा-निर्देशों का समय से अनुपालन करें और नियमित रूप से ओपीडी में उपस्थित रहकर लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने बताया कि सुबह साढ़े 7 बजे काफी संख्या में मरीज डाक्टरों का इंतजार कर रहे थे। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि डीआरपी प्रोग्राम के अंतर्गत चिकित्सालय में संबद्ध जूनियर रेजिडेन्ट चिकित्सालय पर समय से उपस्थित नहीं हो रहे हैं। वहीं चिकित्सालय परिसर के भूतल पर लगे वाटर कूलर के चारो ओर काफी अधिक मात्रा में पानी भरा हुआ था, जिससे मरीजों/ तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि चिकित्सालय परिसर में संचालित सभी वाटर कूलरों को अद्यावधिक रखने के साथ साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए, ताकि मरीजों व तीमारदारों को स्वच्छ पेय जल हेतु किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### केंद्र प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश

इसके बाद डीएम ने कृष्णा नगर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। इस दौरान केंद्र पर केवल स्टाफ नर्स लार्सा सिंह मिली, जबकि केंद्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ निशा गांधी अनुपस्थित थीं। जबकि ओपीडी रजिस्टर में उनके हस्ताक्षर के बिना ही रोगियों के नाम दर्ज थे, जो कि एक गंभीर अनियमितता है। जिलाधिकारी ने डॉ निशा गांधी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा अनुपस्थित कर्मचारियों का आज का वेतन रोकने के भी निर्देश दिए गए।

## दिव्यांगों को सशक्कत बनाने हेतु दो राष्ट्रीय संस्थानों के साथ हुआ करार

- **विजन दिव्यांग फाउंडेशन ने शिक्षार्थियों के कई बैचों को किया प्रशिक्षित**




**कानपुर।** दिव्यांगो को प्रशिक्षत करके उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के दो राष्ट्रीय संस्थानों के साथ एक करार किया है। प्रशिक्षण विज़न दिव्यांग फाउंडेशन द्वारा देश भर में स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, बैंकिंग संगठनों, सार्वजनिक संस्थाओं सहित विभिन्न संस्थाओं के साथ साझेदारी में प्रदान किया जाएगा। मूल्यांकन और प्रमाणन भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली और राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। विज़न दिव्यांग फाउंडेशन ने हंसराज कॉलेज और भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षार्थियों के कई बैचों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता को देखते हुए भारत सरकार ने अपने राष्ट्रीय संस्थानों के माध्यम से देश भर में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए इस पहल का समर्थन किया है। सरकार की यह कार्रवाई अपने पारंपरिक दृष्टिकोण से एक बड़ी पहल है। विभाग इन दिनों विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर काम करने और दिव्यांगजन तक उनके दरवाजे पर पहुंचने के लिए कर रहा है। यह कदम माता-पिता और दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में मदद करेगा।

## खबर एक नजर

### आरोहण सोशल अवार्ड के चौथे संस्करण का एलान

**कानपुर।** सीएसआर इकाई इन्फोसिस फाउंडेशन ने अपने आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के चौथे संस्करण को लॉन्च करने का एलान किया है। आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड 2025 का उद्देश्य व्यक्तिगत स्तर पर ऐसे लोगों को, टीमों को, एनजीओ को और सामाजिक उद्यमियों को चिह्नित एवं पुरस्कृत करना है, जो टेक्नोलॉजी आधारित ऐसे अनूठे समाधान विकसित कर रहे हैं। इन्फोसिस फाउंडेशन के ट्रस्टी सुमित विरमानी ने कहा इन्फोसिस फाउंडेशन में हम वास्तविक जीवन की चुनौतियों को दूर करने और समुदायों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में इनोवेशन की ताकत में विश्वास करते हैं। आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के माध्यम से हम ऐसे परिवर्तनकारी लोगों को पहचानने और उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी समाधान विकसित कर रहे हैं।

### बाजारों में पिंक टॉयलेट लगवाने की मांग

**कानपुर।** शहर के 110 वार्डों में पिंक टॉयलेट लगवाने की मांग को लेकर शुक्रवार को शकुंतला देवी राज शिक्षा सेवा संस्थान के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि खरीदारी के दौरान बाजारों में महिलाओं को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। अधिकांश बाजारों में शौचालय नहीं हैं। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिवाकर प्रजापति ने बताया कि संस्था महिलाओं की सुरक्षा, स्वच्छता, निजता के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा महिलाओं की सुविधा के लिए सभी वार्डों में पिंक टॉयलेट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि साउथ जोन में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की भव्य मूर्ति और सभागार का भी निर्माण किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने पिंक टॉयलेट, रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा व सभागार निर्माण के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष संध्या चक्रवर्ती, प्रदेश महामंत्री सोनाली त्रिवेदी मौजूद रहीं।

### पांच सौ रूपये प्रति हजार ईंट के दामों में हुई बढोत्तरी


**-कानपुर ब्रिक क्लिन ओनर्स एसोसिएशन की बैठक में लिया गया निर्णय**

**-बेमौसम हुई बारिश से भट्ठे वालों को हुआ बड़ा नुकसान**




कानपुर। शुक्रवार को कानपुर ब्रिक क्लिन ओनर्स एसोसिएशन की एक अहम बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि दो दिन पूर्व हुई बेमौसम मूसलाधार बारिश से ईंट भट्ठों पर हुए नुकसान की भरपाई हेतु निर्णय लिया गया कि ईंट बिक्री के रेट में तत्काल प्रभाव से 500 रूपए प्रति हजार की वृद्धि की गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपी श्रीवास्तव ने कहा कि सीजन समाप्ति की ओर था। सभी भट्ठो पर भारी संख्या में कच्ची ईंटे पकने को तैयार खुले मैदान में थी। इसी बीच बे-मौसम तेज बारिश से भट्ठो पर कच्ची ईंटे पूरी तरह गलकर नष्ट हो गई है। इससे ईंट भट्ठे वालो का बहुत नुकसान हुआ है। ईंटो के गलने के साथ इसमें ईंट पथाई का नुकसान भी शामिल है। महामंत्री घनश्याम दास छाबड़ा ने कहा कि एक तो ईंट भट्ठे का व्यापार पहले से ही मन्दी के दौर से गुजर रहा था। सरकार के कठोर नियमो के चलते नगर के कई भट्ठे पहले ही बन्द हो गये है और बहुत भट्ठे बन्दी की कगार पर है। इस बेमौसम बारिश से भट्ठों पर कच्ची ईंटे गलकर नष्ट हो जाने से बहुत नुकसान हो गया है। एसोसिएशन की बैठक में तय हुआ कि प्रति हजार रूपया 500 प्रतिहजार की बढोत्तरी कर नगर के भट्ठे वाले ईंट की बिक्री करेगें जिससे नुकसान की भरपाई हो सके। बैठक में उपाध्यक्ष राकेश वर्मा, राज कुमार वधावन, मंत्री महेश उत्तम, कोषाध्यक्ष विजय बदलानी, सूरज श्रवास्तव, इकबाल सिंह यादव समेत कई लाग मौजूद रहे।

### जल निगम ने तोड़ा अग्रेजों के जमानें की डॉट लाइन



**कानपुर।** शहर में एक बार फिर से जलनिगम अधिकारियों की लापरवाही जनता पर भारी पड़ गई। सर्वोदयनगर में जलनिगम ने पेयजल लाइन डालने के दौरान अंग्रेजों के जमाने के डॉट नाले को तोड़ दिया। हद तो तब हो गई जब उसी डॉट नाले के अंदर से 1600 एमएम की पाइप लाइन को भी डाल दिया। नाले को तोड़कर उसके अंदर से पाइप लाइन डालने का अंजाम यह हुआ कि नाले से निकलने वाले पानी अब पूरी तरह से फ्लो में बह नहीं पा रहा है और जगह-जगह सीवर भराव हो रहा है। इसकी वजह से यहां पर रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि पिछले एक महीने से इसी तरह की समस्या का सामना कर रहे हैं। मौके पर काम करने वाले ठेकेदार भी उनकी नहीं सुन रहे हैं। इस समय सर्वोदयनगर के हर घर के बाहर सीवर का पानी भरा हुआ है। क्षेत्रीय पार्षद का कहना है कि लगातार दौड़भाग के बाद जलनिगम ने ट्रैक्टर लगाकर काम कराना शुरू किया है। उनका कहना है कि जो डॉट नाला तोड़ा गया है न तो उसकी मरम्मत हो रही है और न ही इसके अंदर जो पाइप लाइन डाली गई है।

## राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा क्षमताओं को सी3आईहब करेगा मजबूत




**कानपुर।** आईआईटी कानपुर का सी3आईहब अब विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशनल रिसर्च पार्क में अपग्रेड किया गया है। चयनित संस्थानों में सेए सी3आईहब को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में इस प्रतिष्ठित टीटआरपी को होस्ट करने का अवसर मिला है।

आईआईटी कानपुर का यह टीटीआरपी खास तौर पर साइबर सुरक्षा तकनीकों को आगे बढ़ाने और गहरे तकनीकी स्टार्टअप्स का समर्थन करने पर काम करता है। उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच मजबूत सहयोग को ये बढ़ावा देगा। आईआईटी कानपुर के प्रस्ताव की गहन समीक्षा के बाद एनएम-आईसीपीएस के मिशन गवर्निंग बोर्ड ने सी3आईहब को साइबर सुरक्षा क्षेत्र में टीटीआरपी के रूप में अपग्रेड करने का फैसला किया है। यह घोषणा केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने एक समीक्षा बैठक के दौरान की। टीटीआरपी का मकसद है शोध को बाजार में तैयार समाधान में बदलना। डीएसटी पुराने टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब्स जैसे सी3आईहब को टीटीआरपी में अपग्रेड करके अकादमी, उद्योग और स्टार्टअप्स के बीच सहयोग को और मजबूत करना चाहता है। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान हमारे साइबर सुरक्षा में निरंतर शोध और नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे हम और बेहतर तरीके से अपने शोध को प्रभावशाली और बाजार योग्य समाधान में बदल सकेंगे और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत कर सकेंगे। मैं पूरी सी3आईहब टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। डीएसटी के समर्थन से 2020-2024 की अवधि में सी3आईहब ने 15 से अधिक तकनीकी उत्पाद लॉन्च किए हैं। 49 स्टार्टअप्स, 3 स्पोक्स और 50 स्पाइक्स का विकास किया है। इनमें से 60 प्रतिशत स्टार्टअप्स ने एक या अधिक उत्पादों का व्यावसायीकरण किया है और 25 प्रतिशत शोध एवं विकास ने तकनीकी समाधान उपलब्ध कराए हैं।10, 000 से अधिक लोगों को मास्टर डिग्री, सर्टिफिकेट प्रोग्राम, हाथों-हाथ प्रशिक्षण और व्यावसायिक प्रशिक्षण के जरिए कौशल विकसित किया गया है, ताकि साइबर सुरक्षा क्षेत्र में स्टार्टअप और शोध को मजबूत किया जा सके।

## समूहों को मंच प्रदान करने हेतु फिक्की फ्लों ने कराई स्वयं शक्ति प्रतियोगिता




**कानपुर।** फिक्की फ्लो के तत्वावधान में स्वयं शक्ति प्रतियोगिता 2025 का आयोजन शुक्रवार को राघेन्द्र स्वरूप ऑडिटोरियम में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह व मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों को एक ऐसा मंच प्रदान करना था, जहाँ वे अपने व्यवसायिक विचारों और उत्पादों को शार्क टैंक शैली में प्रस्तुत कर सकें। प्रतिभागियों ने अपने नवोन्मेषी व्यवसायिक विचारों और उत्पादों को ज्यूरी के सामने रखे। फिक्की फ्लो के पदाधिकारियों ने बताया कि शीर्ष 10 स्वयं सहायता समूहों को एक साल की मेंटरशिप व ब्रांडिंग सपोर्ट किया जाएगा। प्रतियोगिता में चुने गए शीर्ष 3 समूहों को निवेश सहायता भी दी जाएगी। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं महिलाओं में आत्मविश्वास, नवाचार और स्वावलंबन की भावना को सशक्त करती हैं। इस मंच के माध्यम से महिलाओं को स्वनिर्भरता की दिशा में सार्थक प्रोत्साहन मिला है।

## दीनू गैंग ने कपड़ा कारोबारी के दुकान पर किया कब्जा, लाखों रूपए हड़पा

- **पीड़ित ने कोर्ट आदेश पर दर्ज कराई थी एफआईआर, नहीं हुई कार्रवाई**
- **डीसीपी सेट्रल को दिया प्रार्थना पत्र, शुरू हुई जांच**




**कानपुर।** बसपा नेता पिंटू सेंगर हत्या के मामले में जेल भेजे गए कथित अधिवक्ता दीनू उपाध्याय की मुश्किले थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आए दिन नए-नए मामले उजागर हो रहे हैं। शुक्रवार को गुमटी में कपड़ा कारोबारी की दुकान पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीर्ड़ित ने डीसीपी सेट्रल श्रवण कुमार से शिकायत की है। पुलिस जल्द ही दीनू का नाम बढ़ाकर मामले में चार्जशीट दाखिल करेगी।

नजीराबाद के कौशलपुरी में रहने वाले बुजुर्ग सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उनका गुमटी में श्री हेमकुंड स्टोर नाम से कपड़े का 35 साल पुराना कारोबार है। मेरे तीन बेटे सतविंदर, अरविंदर और गुरुविंदर सिंह हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा अरविंदर सिंह आपराधिक प्रवृत्ति का है। अरविंदर ने 21 दिसंबर 2023 को वकीलों के गुट के साथ दुकान पर पहुंचा रात में ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। दुकान में रखा 55 लाख रुपए का माल और कैश काउंटर से करीब डेढ़ लाख रुपए हड़प लिया। पीड़ित ने कब्जा कांड की शिकायत फजलगंज थाना से लेकर डीसीपी सेंट्रल और तत्कालीन पुलिस कमिश्नर से की थी, लेकिन दीनू की साठगांठ के चलते कहीं भी सुनवाई नहीं हुई। अब पुलिस ने दीनू के खिलाफ एक्शन शुरू किया तो सुरेंद्र सिंह ने दीनू की तस्वीर मीडिया में देखी तो मालूम हुआ कि उनकी भी दुकान पर दीनू उपाध्याय उर्फ धीरज, नीरज दुबे उर्फ सोनू पंडित ने अपने गैंग के साथ मिलकर कब्जा कराया था, लेकिन तब तक दीनू के गैंग को पहचानता नहीं था। इस वजह से कोर्ट की मदद से जो एफआईआर दर्ज कराई थी। उसमें सिर्फ अपने बेटे कौशलपुरी निवासी अरविंदर सिंह, बहू मनप्रीत कौर, पौत्र अमनदीप सिंह और अज्ञात लोगों के खिलाफचोरी, मारपीट, दुकान हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि अब दीनू के खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई, तो कारोबारी को पता चला कि उसकी दुकान पर भी दीनू गैंग ने ही कब्जा कराया था। पीड़ित ने दीनू और उसके गैंग के खिलाफवीडियो के साथ साक्ष्य देते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। एसीपी स्वरूप नगर आईपी सिंह और केस की जांच कर रहे नजीराबाद थाने के दरोगा राम ललन को केस में दीनू उपाध्याय, नीरज दुबे उर्फसोनू पंडित और उसके गैंग का नाम बढ़ाने का आदेश दिया है। एसीपी की निगरानी में केस की विवेचना की जा रही है। जल्द ही इस केस में भी फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## एक ही परिवार के दो पक्षों में खूनी संघर्ष चले लाठी डंडे और फावड़े

कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोमनपुर का मजरा कपूर फॉर्म के रहने वाले जमीन के बंटवारे के विवाद में एक ही परिवार के भाइयों में आपस में विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ गया मारपीट की नवमत आ गई। पीड़ित राम प्रसाद पुत्र सदासुख ने बताया कि 12 मई की सुबह घर व जमीन के बंटवारे को लेकर भाई संतोष एछोटू ए सुखदेई व ज्योति और आंचल द्वारा मुझे व मेरी पत्नी नीलम को भद्दी.भद्दी गालियां देने लगे। इसका विरोध कियाए तो सभी ने मिलकर लाठियों से पीटा। और जान से मारने की नीयत से फावड़ा उठाकर दौड़ा लिया। किसी तरह भाग कर मैंने अपनी जान बचाई है। पीड़ित राम प्रसाद का कहना है। कि वह स्थानीय चौकी गया थाए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद वह थाने गया और वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। 17 मई को एसीपी कार्यालय में जाकर न्याय की गुहार लगाई थी। यहां से मुकदमा पंजीकृत करने का आश्वासन मिला था। 11 दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। कई दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने बताया यदि कार्रवाई नहीं होतीए तो वह उच्चाधिकारियों की चौखट पर न्याय की गुहार लगाएगा।

## ककवन में रिटायर्ड फौजी से की गई 10 लाख रुपए की ठगी

**ककवन** कानपुर जनपद के ककवन थाना क्षेत्र निवासी एक रिटायर फौजी के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है जिसमें तीन ठगों ने नकली जेवर को असली बताकर 10 लाख रुपए की ठगी की है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित राजेश शुक्ला निवासी ककवन फौज से रिटायर होने के बाद मेडिकल स्टोर और खाद बीज की दुकान चलाते है और जरूरतमंद लोगों को सामान गिरवी रखकर बिना ब्याज के उधार रुपया देते है। पीड़ित का आरोप है कि कुछ माह पूर्व से राहुल प्रजापति नाम का युवक संपर्क में आया और उसने खुद को पी डब्ल्यू डी का ठेकेदार बताते हुए अरौल कोठी रोड पर ले जाकर अपने कथित मामा और मां से ले जाकर मिलवाया। बाद में राहुल ने एक दिन उनकी दुकान पर आकर बताया कि उसे बहन की शादी के लिए 15 लाख रुपए की जरूरत है और इसके एवज में वह 250 ग्राम वजन के सोने के जेवर गिरवी रख देगा। जिसके बाद राजेश ने उसके द्वारा दी गई माला के तीन मोतियों की स्थानीय सर्राफ से जांच करवाई तो उसमें सोना सही पाया गया। जिसके बाद राजेश ने उसकी बातों के झांसे में आकर उसको 10 लाख रुपए दे दिए और बाकी 5 लाख दो दिन बाद देने की बात तय हुई। अगले दिन जब राजेश ने दोबारा जांच कराई तो उसमें मात्र सात प्रतिशत सोना निकला। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर पूरे मामले की जानकारी और तहरीर दी जिसके बाद पुलिस कमिश्नर के आदेश के बाद इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। ककवन थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता के अनुसार मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच करके सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल नंबर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बिना संकेतक निर्माणाधीन पुलिया से टकराकर युवक की मौत

भीतरगांव के पसेमा गांव के पास हुआ हादसा पुलिस ने शव पीएम को भेजा

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के पसेमा गांव के पास बिना संकेतक निर्माणाधीन पुलिया से टकराकर बारात जा रहा बाइक सवार युवक साथी समेत गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए घायलों को सीएचसी भीतरगांव भेजा जहां हालत गंभीर देख उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हैलेट भेजा गया जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार थाना शिवली के भजपुरा निवासी विजय कुमार 60 पुत्र बलराम श्रवण 35 पुत्र रामबाबू के साथ बाइक से उमरी बारात जा रहा था जैसे ही वह पसेमा गांव के पास निर्माणाधीन पुलिया के पास पहुंचा तो अंधेरा होने और कोई संकेतक न लगा होने के चलते तेज रफ्तार बाइक पुलिया से टकरा गई जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भीतरगांव भेजा जहां हालत गंभीर देख हैलेट रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान विजय कुमार की मौत हो गई मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे।साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।बताया जाता है कि निर्माणाधीन पुलिया के पास किसी प्रकार का संकेतक कार्यदायी संस्था द्वारा नहीं लगाया गया था लेकिन मौत की जानकारी मिलते ही ठेकेदार द्वारा आनन फानन संकेतक लगा दिए गए।

## अविवाहित अधेड़ का फंदे से लटकता मिला शव

भीतरगांव।साढ़ थाना क्षेत्र के ऐमनपुर गांव निवासी अविवाहित अधेड़ ने कमरे के अंदर गमछे के सहारे कुंडे से लटककर आत्महत्या कर ली दो दिन तक बाहर न दिखाई देने पर परिजनों ने तलाश की उसका शव कमरे के अंदर लटका हुआ था सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।जानकारी के ऐमनपुर निवासी ज्ञान सिंह 51 पुत्र रामौतार अविवाहित और शराब का लती था जो छोटे भाई अतर सिंह के मकान में अलग कमरे में रहता था दो दिन तक बाहर न दिखाई देने पर बच्चो ने कमरे में झांककर देखा तो चीख पड़े परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा स्थानीय पुलिस ने बताया कि शव लगभग दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## साढ़ पुलिस ने दो वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भीतरगांव।** अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना साढ़ पुलिस टीम ने मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्तों को बरईगढ़ नहर पुल के पास गिरफ्तार कर लिया जिन्हें विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

बैजूपुर गांव निवासी जगरूप 55 पुत्र रामप्रसाद तथा अमित 30 पुत्र जगरूप के खिलाफ थाना साढ़ में मुकदमा अपराध संख्या 99६25 विभिन्न धाराओं में दर्ज था जिनकी तलाश स्थानीय पुलिस को थी शुक्रवार एसआई यूटी आशुतोष दुबे रोहित कुमार कांस्टेबल मोहित सिंह के साथ बरईगढ़ नहर पुल पर वाहन चेकिंग अभियान चलाने के दौरान गिरफ्त में आ गए थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया है।

## पहले पिलाई शराब फिर सूजे से गोद कर हत्या कर दी

**ब्याज की रकम के लिए किसान की हुई हत्या**



कानपुर में हुए धर्मेंद्र सचान हत्याकांड मामले में पुलिस तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या ब्याज की रकम को लेकर हुई थी। तीनों ने उसे शराब पीने के लिए बुलाया। वह जब में नशे धुत हो गया तो सूजे से कई बार गोदकर मार डाला। उसके बाद लाश खेत में फेंक दी। पुलिस ने घटना के बाद 6 दिन बाद तीनों को उनके घर से गिरफ्तार किया है। उन्होंने हत्या की बात काबुली है। पुलिस ने शुक्रवार को तीनों कोट में पेश कर जेल भेज दिया है। एडीसीपी साउथ महेश कुमार ने बताया कि धर्मेंद्र सचान उम्र 56 थाना सचेती क्षेत्र के कुआंखेड़ा गांव का रहने वाला था बीते 18 में की रात को सचेती थाना क्षेत्र के कुआंखेड़ा गांव में ट्यूबवेल के पास उसकी लाश मिली थी शव ट्यूबवेल से 20 मीटर दूर खेत में फेंका गया था। गांव के लोग सुबह खेत गए थे उन्होंने लाश को देखा तो घर वालों और पुलिस को सूचना दी। घर वालों ने मौका मौके पर जाकर शव की पहचान की थोड़ी देर में पुलिस पहुंच गई गांव के लोगों और परिजन से पूछताछ करने पर पता चला की घटना वाले दिन रात करीब 10रू30 बजे धर्मेंद्र गांव के ही तीन युवक पप्पू उर्फ उदय नारायण सुरेश और कमलेश के साथ आखरी बार देखा गया था। तीनों ने उस रात में साथ में बैठकर शराब पी थी। गांव वालों के बयान आधार पर पुलिस ने इन तीनों को पड़कर अलग.अलग पूछताछ की पहले तो उन्होंने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन बाद में शक्ति करने के बाद हत्या की बात कबूल कर ली पप्पू उर्फ उदय नारायण ने बताया कि उसने धर्मेंद्र से 2 लाख रुपए 10:ब्याज महीने पर लिया था। हर महीने ब्याज देना उसके लिए मुश्किल पड़ रहा था धर्मेंद्र उसे अक्सर घर और रास्ते में पैसे के लिए टोटका रहता गांव के लोगों के सामने उसे खरी.कोटी सुनता था। यह बात उसे अच्छी नहीं लगती थी इसलिए उसने उसकी हत्या कर डाली। इस घटना में उसके साथ पप्पू उर्फ उदय नारायण और सुरेश कमलेश शामिल थे।

## ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



**कल्याणपुर** विकास खंड के अंतर्गत सचेंडी में ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी और वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अवस्थी के नेतृत्व में भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा। तिरंगा यात्रा के दौरान उमड़े जनसैलाब में महिलाओं बुजुर्गों और युवाओं में अलग ही जोश दिखा। देश भक्ति नारो से पूरा कस्बा गूंज उठा। तिरंगा यात्रा के दौरान वरिष्ठ बीजेपी नेता दिनेश अवस्थी ने जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत तीनों सेनन को खुली छूट दे रखी थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की सेना ने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया था। सेना की इस पराक्रम को सलाम करते हुए यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। कल्याणपुर विकास खंड से ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए सेना के जवानों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से बृजेश सिंह चंदेल विक्रांत सिंह तोमर जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा कानपुर ग्रामीण रविंद्र सिंह चौहान पूर्व मंडल अध्यक्ष उर्मिला देवी ग्राम प्रधान योगेंद्र पांडे धर्मेंद्र पांडे भूपेंद्र सिंह चौहान गोविंद कुशवाहा मीरा भदोरिया रंजना सिंह सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## ओपीडी रजिस्टर में डॉक्टर के हस्ताक्षर के बिना रोगियों के नाम थे दर्ज

**कानपुर** शहर के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह शुक्रवार को एक्शन मोड में देखें। शहर के कृष्णा नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करने सुबह 9 रू10 बजे निरीक्षण करने पहुंचे। केंद्र केवल स्टाफ नर्स लार्सा सिंह उपस्थित मिली जबकि केंद्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉण् निशा गांधी ड्यूटी पर मौजूद नहीं मिली और ओपीडी रजिस्टर में उनके हस्ताक्षर के बिना ही रोगियों के नाम दर्ज थे। इस पर जिलाधिकारी ने तुरंत एक्शन लेते हुए। डॉण् निशा गांधी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

## कार्यालय जिला पंचायत फर्रुखाबाद

पत्रोंक–249/निर्माण / जि०पं०फ०/2025–26 दिनांक.– 23.5.2025

**अति अल्पकालिक ई–निविदा सूचना**

जिला परिषद निर्माण कार्य नियमावली 1984 के धारा–18 संशोधन विषयक अधिसूचना संख्या– 1425/33–2–2020–जी०/2020 दिनांक 14 जुलाई, 2020 के अनुपालन में जिला पंचायत, लो०नि०वि० व सिंचाई विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत फर्रुखाबाद के पत्रांक सं0 1415/निर्माण / जि0पं0/2024–25 दिनांक 19 मार्च, 2025 द्वारा दिनांक 28.03.2025 तक आमंत्रित 65 परियोजनाओं की ई–निविदाओं में से 31 परियोजनाओं पर उचित प्रतिस्पर्धा न होने/कोई निविदा प्राप्त न होने के कारण पुनः ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त ई–निविदायें दिनांक 02.06.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सूचना ऑनलाईन दिनांक 26.05.2025 अपरान्ह 03.00 बजे से दिनांक 02.06.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जो ऑनलाइन http://e-tender.up.nic.in पर ही Upload/Download/Submit किया जा सकेगी। आमन्त्रित निविदायें दिनांक 02.06.2025 को ही अपरान्ह 03.30 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। शेष नियम व शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

(अनिल कुमार शुक्ला)
अभियन्ता जिला पंचायत,
फर्रुखाबाद।

(राम गोपाल)
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, फर्रुखाबाद।

(मोनिका यादव)
अध्यक्ष जिला पंचायत,
फर्रुखाबाद।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर

पत्रांक 123 /सूचना/भ०दा०खा०/न०पा०प०घा०/2025–2026 दिनांक 23.05.2025

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर के निम्न भवनों/भूखण्डों के स्वामित्व परिवर्तन/दर्ज/अंकित करने हेतु निम्नलिखित व्यक्तियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। अतः स्वामित्व परिर्वतन/नया भवन/प्लाट/भूखण्ड/भवनकर पांजिका में नाम दर्ज करने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्र में प्रकाशित होने के एक माह के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है. बाद म्याद प्राप्त आपतियों पर विचार करना सम्भव न होगा।

| क्र0 सं० | भूमि संख्या/भवन संख्या | पालिका अभिलेखों/राजस्व अभिलेखों में दर्ज स्वामी का नाम | कालम संख्या तीन के स्वामी के स्थान में अंकित नाम हेतु |
|---|---|---|---|
| 1 | गाटा सं0 822/1332 क्षेत्रफल 213 वर्गमीटर<br>क्षेत्रफल 322 वर्गमीटर | जगदम्बा प्रसाद पत्नी दुर्गा प्रसाद सचान नि० भैरमपुर परास, घाटमपुर कानपुर नगर।<br>मुन्शीलाल व केशनलाल पुत्र स्व० फैलुवा नि० गाँधी नगर घाटमपुर कानपुर नगर। | सूर्य कुमार सचान पुत्र रामेश्वर सचान नि० अशोक नगर दक्षिणी, घाटमपुर कानपुर नगर।<br>आशीष कुमार, अमित कुमार, अभिषेक कुमार पुत्र कामता प्रसाद नि० बसंत बिहार घाटमपुर कानपुर नगर जवाहर नगर पूर्वी द्वितीय। |
| 2. | गाटा सं० 128 क्षेत्रफल 137 वर्गमीटर वसीयतनामा<br>गाटा सं0792 मि0 में से क्षेत्रफल 81.6 वर्गमीटर | माया देवी पत्नी कामता प्रसाद, नि० बसंत विहार घाटमपुर कानपुर नगर।<br>अभिनव शुकला पुत्र महेश, विभा शुक्ला पत्नी स्व० महेश नि० मुहाल 14/21, आदर्श नगर शुक्लागंज जिला उन्नाव। | आशीष कुमार, अभिषेक कुमार पुत्र कामता प्रसाद नि० बसंत विहार घाटमपुर कानपुर नगर।<br>सावित्री देवी पत्नी रमेश चन्द्र, अशोक नगर दक्षिणी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 3. | क्षेत्रफल 31 वर्गमीटर<br>गाटा सं0 751 में से क्षेत्रफल 4524 वर्गफुट | मो० आजम पुत्र चुन्नू अंसारी, नि० पचखुरा घाटमपुर कानपुर नगर<br>मुन्शीलाल पुत्र स्व० फैलुवा नि० गाँधी नगर घाटमपुर कानपुर नगर। | फहीम अंसारी पुत्र नसीर अहमद अंसारी, नि० कजियाना घाटमपुर कानपुर नगर<br>शकीला खातून पत्नी रसीइ अहमद, नि० अशोक नगर दक्षिणी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 4. | क्षेत्रफल 51 वर्गमीटर<br>दानपत्र | महेन्द्र कुमार पुत्र मिश्रीलाल नि० बसंत विहार घाटमपुर कानपुर नगर।<br>हसमद पुत्र बफाती नि० चिल्ली, जहानाबाद फतेहपुर। | अनुराधा साहू पत्नी सुरजीत, नि० बसंत बिहार घाटमपुर कानपुर नगर।<br>मो० समी पुत्र हमसद नि० अशोक नगर दक्षिणी घाटमपुर कानपुर नगर |
| 5. | गाटा सं0 452 में से क्षेत्रफल 93.10 वर्गमीटर<br>गाटा सं0 453 में से क्षेत्रफल 93.28 वर्गमीटर | शशांक सिंह पुत्र बलबीर सिंह, नि० 117/न/62 मार्केट काकादेव नवीन नगर कानपुर नगर।<br>सुखवीर सिंह पुत्र स्व० राजनरायन सिंह, नि० नहोली अकबरपुर कानपुर देहात | राज कुमारी पुत्र अजय कुमार, नि० जवाहर नगर पश्चिमी घाटमपुर कानपुर नगर।<br>सुष्मिता देवी सचानपत्नी रंजीत कुमार नि० जवाहर नगर पश्चिमी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 6. | वसीयतनामा<br>गाटा सं0 196 मे से क्षेत्रफल 82.5 वर्गमीटर | सावित्री देवी पत्नी भग्गू सैनी, नि० कृष्णा नगर घाटमपुर कानपुर नगर।<br>शबनम पत्नी इरफान नि० आशा नगर घाटमपुर कानपुर नगर। | अनूप कुमार पुत्र स्व० चन्द्रशेखर, नि० कृष्णा नगर घाटमपुर कानपुर नगर।<br>जमीला बेगम पत्नी मुमताज अहमद नि० पचखुरा घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 7. | गाटा सं0 440 में से क्षेत्रफल 2250 वर्गफुट<br>दानपत्र | राघवेन्द्र सिंह पुत्र राज नारायण सिंह नि0 63/1 विजय नगर कानपुर नगर।<br>छुटकऊ पुत्र करियल, नि० कृष्णा नगर घाटमपुर कानपुर नगर। | राधा उर्फ राधा सचान पत्नी राजेश कुमार नि० जवाहर नगर पूर्वी प्रथम घाटमपुर कानपुर नगर<br>मीना उर्फ राम किशोरी पत्नी राम प्रसाद, नि० ग्राम व पोस्ट शूल कानपुर नगर। |
| 8. | गाटा सं0 758 में से 105 वर्गमीटर<br>क्षेत्रफल 45 वर्गमीटर | राम किशन व सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्व० दुर्गा, नि० जवाहर नगर पश्चिमी घाटमपुर कानपुर नगर।<br>राम प्रकाश पुत्र राम प्रसाद पाण्डेय, नि० घाटमपुर कानपुर नगर। | अनीता पत्नी शिवराज सिंह, नि० अशोक नगर दक्षिणी घाटमपुर कानपुर नगर।<br>निर्मला पत्नी राम किशन, नि० कुष्माण्डा नगर घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 9 | क्षेत्रफल 150 वर्गगज | मेवा सिंह व देव सिंह पुत्र मनिया सिंह नि० सिहारी घाटमपुर कानपुर नगर | देवी प्रसाद गुप्ता पुत्र रामदास गुप्ता नि० शास्त्री नगर घाटमपुर कानपुर नगर। |

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर।

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद झींझक, जनपद कानपुर देहात

पत्र सं० 22/एन.पी.पी.जे. / 2प्रति० स्टा० शु०/15वां वि०–नि०सू०/2025–26 दिनांक 23.05.2025

**पुनः ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद झींझक जनपद कानपुर देहात के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में सक्षम श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाता से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत की दर के आधार पर पं० दीनदयाल आदर्श नगर योजना/2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क/ 15वाँ वित्त आयोग के अन्तगर्त प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निर्माण कार्य हेतु निविदा निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाइट http://www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा को वेबसाइट http://www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड किया जा सकता है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत है–

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | **15वाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत** | | | | |
| 1. | नगर पालिका परिषद झींझक के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 20 नग हैण्डपम्प रिबोर का कार्य | 13.81 | 27620.00 | 1655.00 | 45 दिवस |
| 2. | वार्ड 17 बुद्ध नगर में मुन्नू सिंह के घर से ठाकुर साहब के प्लाट तक इण्टरलाकिंग रोड व दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य। | 4.44 | 8880.00 | 530.00 | 45 दिवस |
| 3 | वार्ड नं0 23 आदर्श नगर में राधे श्याम के घर से नन्द किशोर के प्लाट तक इण्टरलाकिंग रोड व दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य। | 4.54 | 9080.00 | 530.00 | 45 दिवस |
| 4 | वार्ड नं0 02 लोहिया नगर में मिश्रा जी के घर से होते हुए बाबा भट्टी से मेन रोड तक इण्टरलाकिंग रोड व दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य। | 29.40 | 58800.00 | 3540.00 | 45 दिवस |
| 5. | वार्ड नं0 11 सुभाष नगर में नीमझाल तालाब के आगे मिट्टी भराई व इण्टरलाकिंग का कार्य | 15.15 | 30300.00 | 1830.00 | 45 दिवस |
| 6. | वार्ड नं0 06 नेहरू नगर में 20000 ली० क्षमता का ओवरहेड टैंक मय बोरिंग सहित कम्पलीट निर्माण का कार्य। | 28.60 | 57200.00 | 3425.00 | 45 दिवस |
| 7. | वार्ड नं0 11 सुभाष नगर में अवस्थी के घर से ललई की पुलिया तक ईंट नाला निर्माण कार्य। | 18.94 | 37880.00 | 2245.00 | 45 दिवस |
| 8. | वार्ड नं0 18 भोला नगर में चर्च से राम प्रसाद के प्लाट तक ईंट खड़ंजा का निर्माण कार्य। | 11.51 | 23020.00 | 1360.00 | 45 दिवस |
| 9. | वार्ड नं0 06 नेहरू नगर में राजू गुप्ता के घर से डॉ० पाल के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 2.05 | 4100.00 | 235.00 | 45 दिवस |
| 10 | वार्ड नं0 18 भोला नगर में सतीश गुप्ता के घर से राजकुमार मील तक इण्टरलाकिंग रोड व एक तरफ नाली निर्माण कार्य। | 5.33 | 10660.00 | 650.00 | 45 दिवस |
| 11 | वार्ड नं0 15 शंकरगंज में राम पाल के घर से पूरन त्रिपाठी के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 1.80 | 3600.00 | 235.00 | 45 दिवस |
| 12 | वार्ड नं0 09 सम्राट अशोक नगर में गुंजन गुप्ता के घर से लकी गुप्ता के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 8.46 | 16920.00 | 1005.00 | 45 दिवस |
| 13 | वार्ड नं0 25 में मिश्रा गेस्ट हाउस से रेलबाजार तिराहा तक आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य। | 30.30 | 60600.00 | 3600.00 | 45 दिवस |
| 14 | वार्ड नं0 12/20 में बडे लाल मन्दिर से प्रेम शंकर पोरवाल के घर तक इण्टरलाकिंग रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य। | 39.77 | 79540.00 | 4720.00 | 45 दिवस |
| 15 | वार्ड नं0 16 तात्याटोपे नगर में अखिलेश गुप्ता के घर से अजय शुक्ला के ट्यूबवेल तक इण्टरलाकिंग रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य। | 29.90 | 59800.00 | 3540.00 | 45 दिवस |
| | **2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क के अन्तर्गत** | | | | |
| 1 | वार्ड नं0 11 सुभाष नगर में अशोक सिंह सेंगर के मकान से शुक्ला जी की चक्की तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 10.37 | 20740.00 | 1240.00 | 45 दिवस |
| 2. | वार्ड नं0 08 पटेल नगर में सविता के घर से गाटा सं0 402 की बाउण्ड्रीवाल तक इण्टरलाकिंग रोड व दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य। | 9.93 | 19860.00 | 1180.00 | 45 दिवस |
| 3. | वार्ड नं0 4 अब्दुल कलाम नगर में अरविन्द संखवार के घर से आर०बी कठेरिया के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 4.00 | 8000.00 | 475.00 | 45 दिवस |

2–वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि– 24.05.2025

3–ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय 13.06.2025 को सायं 02.00 बजे तक।

4–ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 13.06.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आई०टी०बी० के क्लॉज 9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://www.etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद झींझक
कानपुर देहात

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद झींझक
कानपुर देहात

### घायल अधेड़ की उपचार दौरान मौत

**फ्तेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम तेलियानी में दो दिन पूर्व आंधी-तूफान के दौरान छत से गिरकर घायल हुए 55 वर्षीय अधेड़ की उपचार के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई। बताते चलें कि तेलियानी निवासी केवला सिंह का पुत्र बृजेन्द्र सिंह बुधवार/गुरुवार की रात तेज आंधी तूफान के कारण छत से उठकर नीचे आने लगा तभी हवा के तेज झोंके में नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे परिजनों ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

# डीएम ने गोल्डन कार्ड की प्रगति सही न होने पर लगाई फ्टकार



■ आरबीएसके टीम के जरिए विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों में की जाए बच्चों की स्क्रीनिंग

**फ्तेहपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन आख्या की पुष्टि की। समीक्षा के दौरान एमडीएसआर (मैटर्नल डेथ ऑडिट रिपोर्ट) की सही जानकारी नहीं होने पर आरसीएच के एसीएमओ डॉ0 इश्तियाक अहमद से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। साथ ही अप्रैल माह में गोल्डन कार्ड बनाने की प्रगति सही नहीं होने पर स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी विजयीपुर, मलवां से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि आरबीएसके टीम द्वारा परिषदीय विद्यालय/आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों की स्क्रीनिंग छूट गई है इसके लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी से समन्वय बनाते हुए कार्ययोजना बनाकर पुनः स्क्रीनिंग कराई जाय।

बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आरबीएसके टीम द्वारा जो चिन्हित किए गए माइक्रोप्लान को परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व आंगनबाड़ी कार्यकत्री को पूर्व में ही साझा करें और जिस दिन आरबीएसके टीम की विजिट संबंधित संस्थान में लगी है उस दिन बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत अनिवार्य रूप से हो। साथ ही एक रजिस्टर में कितने बच्चों की स्क्रीनिंग हुई है और क्या-क्या रिपोर्ट आई है अंकित करते हुए संबंधित अभिभावक को भी अवगत कराएं। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों से कहा कि जिन आशा बहुओं की लगातार तीन माह से 3000 से कम इंसेटिव है उसकी सूची बनाते हुए रिपोर्ट से अवगत कराएं। बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण कराते हुए यूविन पोर्टल व एमसीपी कार्ड पर समय अवश्य अंकित कराएं। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों से कहा कि अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी संवेदनशीलता के साथ करते हुए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएं। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए सभी जांचे व अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये साथ ही गर्भवती महिलाओ व बच्चों का टीकाकरण समय से कराते हुए पोर्टल पर फीड करायें। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओ की नियमित जाँच कराएं और सभी अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं संवेदनशीलता के साथ मुहैया कराने के साथ ही निरंतर फॉलोअप करते रहे। गर्भवती महिलाओं को हाईरिस्क के बारे में जरूरी जानकारी देते हुए जागरूक किया जाये। बीएचएसएनडी दिवस में सभी अनुमन्य जांचे/स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाये। उन्होंने कहा कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो के मध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और आवश्यकतानुसार नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र मे जांचे व दवाएं दिलाये। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस नैशीन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजीव नयन गिरि, सीएमएस पीके सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए शेषमणि सिंह, डीपीएम लालचंद्र गौतम, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहित समस्त एमओवाईसी, खंड विकास अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता में निकाली गई भारत शौर्य तिरंगा यात्रा



■ भारतीय सेना जिंदाबाद भारत माता की जय के लगाए गए नारे

**बिंदकी (फ्तेहपुर)।** ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता को लेकर भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान भारतीय सेना जिंदाबाद भारत माता की जय के नारे लगाए जा रहे थे। यात्रा के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता को लेकर बिंदकी कस्बे में शुक्रवार की शाम को भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा नगर के रोडवेज बस स्टॉप परिसर से प्रारंभ हुई और गांधी चौराहा पहुंची। गांधी चौराहा से तिरंगा यात्रा तहसील रोड अस्पताल रोड होते हुए ललौली चौराहा पहुंचकर समाप्त हो गई।

तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय भारत माता की जय भारतीय सेना जिंदाबाद जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे थे। हाथों में लोग तिरंगा लिए हुए थे। इसके अलावा लोग हाथों में तख्तियां लिए हुए थे जिसमें विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिखे थे। आतंकवाद की तोड़ी कमर देखा हमने सिंदूर समर, नारी के स्वाभिमान में सेना है मैदान में, सेना ने दम झोंका है आतंकवाद को ठोका है, मारो चोट ठिकाने पर बम गिरे सब निशाने पर, दुनिया ने दम देखा है आतंकवाद ने झेला है, सिंदूर के सम्मान में भारत है मैदान में, मोदी सब बहनों का भाई है आदि स्लोगन तख्तियो में लिखे थे।

इस मौके पर भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिंदकी पूरन सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेंद्र सिंह गौतम उर्फजीतू, वीरेंद्र दुबे के अलावा भाजपा के अतुल द्विवेदी, बृजेश मिश्रा, सुल्तान सिंह, सुजीत उमराव, चंद्रिका प्रसाद उमराव, जितेंद्र सिंह जीतू, सौरभ बाजपेई, भोला, स्वाति ओमर, सोमवती निषाद, दीपिका ओमर, प्रांजल तिवारी, रजत गुप्ता, किशन सोनकर, आशीष कुमार, राजेश गुप्ता, रामसेवक, अखिलेश राज पाठक, अनूप मिश्रा, ओम शुक्ला, कल्लू उर्फ प्रशांत शुक्ला, रामनरेश लोधी, उमेश सिंह, डॉ. पंकज श्रीवास्तव, दीपक सिंह, जय उमराव, अरविंद भारतीय, पदम सिंह पटेल सहित मौजूद रहे।

## बहन के घर से लौटते समय युवक की संदिग्ध मौत

फ्तेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के बरैचा अपनी बहन के घर से वापस लौटते समय 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी गांव निवासी घसीटे का पुत्र हीरा 20 मई को थाना क्षेत्र के मातादेवी अहमदगंज तिहार में बकरे की बली दी गई थी। जिसमें वह अपने परिवार सहित शामिल होने गया था। बताया जा रहा है कि उसके कुछ बर्तन बहन सुमन अपने साथ घर ले गई थी। बाइस मई को वह अपनी बहन के घर गया और खाना खाने के बाद जब वह घर लौटने लगा तभी अचानक उसकी तबियत बिगड़ने लगी। घर आते-आते वह बेहोश होकर गिर पड़ा। जिसे परिजन उपचार के लिए अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक के चाचा पिन्टू ने शक जाहिर करते हुए बताया कि हो सकता है कि उसके भतीजे को किसी ने कुछ खिला दिया है जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सच्चाई सामने आएगी।

# तीसरे दिन भी विद्युत कर्मियों का तीन घंटे विरोध प्रदर्शन जारी



**फ्तेहपुर।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम पर प्रबंधन की हठवादिता के चलते विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वे इस मामले में प्रभावी हस्तक्षेप कर निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराएं। आज लगातार तीसरे दिन भी बिजली कर्मियों ने हाइडिल कॉलोनी स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय में तीन घंटे का विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति के पदाधिकारी राजेश कुशवाहा ने कहा है कि बिजली कर्मचारी इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को कोई तकलीफ नहीं होने देना चाहते। इसी दृष्टि से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारी शांतिपूर्वक ध्यान आकर्षण आंदोलन चला रहे हैं किंतु प्रबंधन इस ध्यान आकर्षण आंदोलन को हड़ताल बताकर बिजली कर्मियों को डराने, धमकाने, उत्पीड़न करने, ट्रांसफ्र करने, संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर छटनी करने आदि जैसे उत्पीड़नात्मक कदम उठाकर ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर अशांति का वातावरण बना रहा है। वक्ता कमलेश पाल ने कहा कि बिजली कर्मचारियों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा विश्वास है। उनके नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने 2017 में 41 प्रतिशत एटी एंड सी हानियों को घटाकर 2024 तक 16.5 प्रतिशत कर दिया है किंतु निजी घरानों से मिली भगत के चलते पावर कारपोरेशन का प्रबंधन उनके सामने झूठे मनगढ़ंत आंकड़े रखकर घाटे का हवाला देकर निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है और टकराव का वातावरण बना रहा है। विरोध सभा की अध्यक्षता राजेश कुशवाहा व संचालन सुमित भट्टाचार्य ने किया। सभा मे जेई मो नफीस, प्रियंका पाल, प्रीति सिंह, पुष्पा देवी, सीमा बेगम, अनुराग कुमार, विजय चौहान, शिवा चौरसिया, रवि रंजन, दीपनारायण, पवन कुमार आदि अधिकारी/कर्मचारी रहे।

## ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

**फ्तेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के समीप गुरूवार की शाम रेलवे लाइन पार करते समय 60 वर्षीय वृद्ध ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के देवीगंज निवासी स्व0 वंशगोपाल का पुत्र जगजीत प्रसाद गुरूवार की शाम बाजार से वापस आ रहा था। जब वह दुर्गा मंदिर के समीप रेलवे लाइन पार करने लगा इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## खबर एक नज़र

### डीएम ने वेयर हाउस का किया वाह्य निरीक्षण

**फ्तेहपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने आज जिला निर्वाचन कार्यालय/वेयर हाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत वाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के ताले की सील, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, अग्निशमन सिलेंडरो की वैधता आदि को देखा जो सही पाए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर प्रदीप रमन, सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### गंगा में नहाते समय चचेरे भाई डूबे, मौत

**फ्तेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मातिनपुर अपने पैतृक गांव आए चचेरे भाई गंगा नदी में नहाते समय डूब गए। लगभग छह घण्टे बाद गोताखोरों ने दोनों शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार कौशांबी जनपद के थाना करारी निवासी सिद्दीक अहमद का 17 वर्षीय पुत्र मुदस्सिर व हबीब का 16 वर्षीय पुत्र शहबाज दो दिन पूर्व अपने पैतृक गांव मातिनपुर आए थे। बताते हैं कि गुरूवार की दोपहर दोनों भाई गंगा नदी में नहाने चले गए। नहाते समय गहरे पानी में जाने के कारण डूबने लगे। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन सफ्लता नहीं मिली। तभी किसी ने इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को शव निकालने के लिए लगाया। लगभग छह घण्टे कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने शवों को बाहर निकाला। वहीं पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। बताया जा रहा है कि दोनों भाई परिवार में हुए दावत-ए-वलीमा कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।

### व्यापार मंडल के सहयोग से लगा विद्युत कैंप

**फ्तेहपुर।** जिला उद्योग व्यापार मण्डल (पंजी.) के तत्वाधान में विधुत विभाग के कैम्प का आयोजन अवर अभियंता जितेंद्र मौर्य, हरिहरगंज जेई सुंदरमयादव, एसडीओ अभिनय श्रीवास्तव, एसके लोहाट अधिशासी अभियंता की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें 16 शिकायते आयी। दस शिकायतों का निवारण तुरंत किया गया व छह समस्याओ के निवारण हेतु अड़तालिस घंटे का समय लिया गया। कैम्प में तय किया गया की यह कैम्प प्रत्येक माह के तीसरे बृहस्पतिवार को आयोजित किया जाएगा जिससे विधुत विभाग की किसी समस्या हेतु लोगो को आफीस के चक्कर न लगाना पड़े समस्त अधिकारी कैम्प में मिल सकें। आयोजन में वयापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष रविप्रकाश दुबे, फ्रहत अली सिद्दीकी, धीरेन्द्र सिंह, सरदार वरिन्दर सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, अरविंद गुप्ता, राजकुमार मिश्रा, विवेक श्रीवास्तव, इमरान खान, मोहम्मद आरिफ अरविंद उपस्थित रहे।

### समस्याओं पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने की चर्चा

**फ्तेहपुर।** पुलिस लाइन में शुक्रवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने हिस्सा लेकर जिले की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही सभी समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किए जाने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गोष्ठी में भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, खागा विधायक कृष्णा पासवान, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह के अलावा जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने शिरकत की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को अवगत कराया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाया जाए। जिस क्षेत्र में योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं मिल रहा है वहां जांच कराई जाए। साथ ही बिजली, पानी व सड़क के मुद्दों के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था का भी मुद्दा उठाया गया। अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि शासन की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पात्रों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए संबंधित को दिशा-निर्देश दिए गए।

### भाकियू टिकैत गुट ने बैठक कर पंचायतों पर बनाई रणनीति

**फ्तेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक नहर कालोनी प्रांगण में आयोजित हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं के अलावा जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि अलग-अलग स्थानों पर पंचायत आयोजित करके समस्याओं के निराकरण की आवाज बुलन्द की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि जिले का किसान तमाम मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट किसानों की इस लड़ाई को सड़क पर उतरकर लड़ेगा। उन्होने कहा कि 30 जून को प्रेमनगर, 02 जून को सवंत, 04 जून को विजयीपुर ब्लाक, 10 जून को धाता कस्बा, 08 जून को मंडासरांय चौराहा, 30 मई को तेलियानी ब्लाक के धरमपुर, 03 जून को महरांव व इसी दिन बहुआ ब्लाक में पंचायत का आयोजन करके किसानों की समस्याएं प्रमुखता से उठाई जाएंगी। बैठक का संचालन जिला महासचिव नवल सिंह ने किया। इस मौके पर नागेन्द्र पाल, विवेक सिंह, छोटेलाल सोनकर, ममता गुप्ता, मुन्ना शेख, दिनेश शुक्ला, विपिन द्विवेदी, जितेन्द्र सिंह, धनंजय, रमानन्द, शिवभवन, रोहित, भानू पाण्डेय, भानू पटेल, छोटू यादव, दीपक मौर्य मौजूद रहे।

## खुलासा: पति निकला प्रीती का हत्यारा

**- वैचारिक मतभेद के कारण उतारा था मौत के घाट**

**फ्तेहपुर।** दो दिन पूर्व खागा कोतवाली क्षेत्र के पूर्वी बाईपास के बगल में आरख की बगिया में मिले महिला के हत्यायुक्त शव का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस हत्याकाण्ड में शामिल उसके पति को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में पति ने हत्या का जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वैचारिक मतभेद के कारण उसने पत्नी की हत्या करके शव को पूर्वी बाईपास पर फेंक दिया था। बताते चलें कि 21 मई की सुबह खागा कोतवाली पुलिस को सूचना मिली की पूर्वी बाईपास के बगल आरख की बगिया में एक महिला का शव पड़ा है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक गिरेन्द्र पाल सिंह टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। प्रथम दृष्टया गला दबाकर हत्या करना प्रतीत हुआ। आस-पास के लोगों ने शव की पहचान प्रीती देवी पत्नी शोभित कुमार निवासी टीकर थाना असोथर व मायका ग्राम सुजरही थाना खागा के रूप में की। सूचना पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने शव की पहचान की। शव की शिनाख्त के उपरान्त मृतका के भाई गौरव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू की गई। अभियोग की विवेचनात्मक कार्रवाई में संकलित साक्ष्य से मृतका प्रीती देवी की हत्या पति शोभित कुमार द्वारा किए जाने की पुष्टि हुई। जिस पर पुलिस ने अभियुक्त शोभित कुमार पासवान पुत्र राजाराम निवासी टीकर सरांय थाना असोथर को पश्चिमी बाईपास खागा से गिरफ्तार कर उसे न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गिरेन्द्र पाल सिंह, हेड कांस्टेबल आशीष उपाध्याय, कांस्टेबल कमलेश राजभर शामिल रहे।

## नौबस्ता रोड को लेकर अब होगी आर-पार की लड़ाई

**- मंगलवार से सत्याग्रह की घोषणा गई**



**खागा, (फ्तेहपुर)।** व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल वा बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय ने जिला प्रशासन को नौबस्ता रोड के नवीनीकरण के लिए सोमवार तक का समय दिया है। सत्याग्रह को यादव महासभा के प्रदेश संयोजक राजेश चौधरी ने भी अपना समर्थन देने की घोषणा की है। प्रेस वार्ता के दौरान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल, बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, यादव महासभा के राजेश चौधरी, वरिष्ठ व्यापारी नेता गगन अग्रवाल ने कहा कि मंगलवार से सत्याग्रह चलाया जाएगा। सत्याग्रह में दूसरे दिन से सभी समाजिक संगठनों, किसान यूनियन, अधिवक्ता संघ सहित सभी का समर्थन मांगा जाएगा, जो भविष्य में सत्याग्रह को जनांदोलन का रूप भी दिया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। 27 मई दिन मंगलवार को हनुमान मंदिर से एक जुलूस निकाल कर नौबस्ता रोड मेडिकल के पास सत्याग्रह के तहत क्रमिक अनशन की शुरुआत होगी, जिसमें पहले दिन शिवचंद्र शुक्ल,प्रवीण पाण्डेय, राजेश चौधरी, गगन अग्रवाल बैठेंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से व्यापार मंडल खागा अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, महामंत्री अतुल साहू, वरिष्ठ व्यापारी नेता गगन अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अनुपम शुक्ल, समाजसेवी धर्मेंद्र दीक्षित, रामप्रसाद विश्वकर्मा, कौशल प्रताप मौर्य, भंवर यादव, नफीस अहमद, दिनेश सिंह, मन्ना यादव, ऋषि त्रिवेदी सहित मौजूद रहें।

# श्रीमद्भागवत कथा में भक्त ध्रुव की भक्ति से भाव-विभोर हुए श्रोता

■ निवर्तमान सांसद व पूर्व कैबिनेट मंत्री डा0 अशोक बाजपेई ने की शिरकत



**फ्तेहपुर।** खागा तहसील क्षेत्र के रामीपुर भखरना गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। कथा के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक डॉ. विद्यासागर शुक्ल ने भक्त ध्रुव और असुर हिरण्यकश्यप की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को अध्यात्म की गहराइयों में उतरने का आह्वान करते हुए कहा कि आज के भौतिक युग में लोग भगवान से दूर होते जा रहे हैं और पैसा ही जीवन का मुख्य उद्देश्य बन गया है, जो मनुष्यों को समाज से और भगवान से विरत कर रहा है।

डॉ. शुक्ल ने ध्रुव चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे एक बालक ने मात्र पांच वर्ष की अवस्था में भगवान विष्णु की भक्ति के लिए अपने पिता और बुआ होलिका तक से विरोध किया। कठिन तपस्या कर उसने प्रभु को प्रसन्न किया और आज भी उसकी भक्ति की मिसाल दी जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि भक्ति किसी आयु की मोहताज नहीं होती, बल्कि सच्ची श्रद्धा और समर्पण ही ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग है। कथा स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रवचन के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति में डूबे नजर आए। कार्यक्रम में व्यवस्थापक योगेश पांडेय, सोनू यादव, नीरज त्रिपाठी समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में प्रसाद वितरण किया गया और अगली कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आमंत्रण दिया गया। आयोजक योगेश पांडेय ने बताया कि कथा सप्ताह भर तक चलेगी और विभिन्न प्रसंगों पर आधारित प्रवचन किए जाएंगे। शुक्रवार को प्रभु श्री राम दरबार की स्थापना के उपलक्ष्य में आयोजित भागवत कथा में निवर्तमान सासंद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. अशोक बाजपेई का आगमन हुआ।

## दबंगों की पिटाई से घायल अधेड़ की मौत

**फ्तेहपुर।** तीन दिन पूर्व पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही आधा दर्जन लोगों की पिटाई से घायल हुए अधेड़ की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताते चलें कि खागा कोतवाली क्षेत्र के तिलकापुर गांव निवासी स्व0 बच्चन का पुत्र सौखीलाल को बीस मई की दोपहर गांव के ही राधे पासवान, नीरज, सूरज उर्फ ननका पुत्रगण राधे पासवान, सुनील, अनिल पुत्रगण छुट्टन ने पुरानी रंजिश को लेकर लाठी-डण्डा व धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया था। परिजन उसे लेकर हरदों पहुंचे जहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफ्र कर दिया गया था। जिसकी गुरूवार की देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने खागा कोतवाली में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

# नाला सफाई अभियान को चेयरमैन ने दिखाई झण्डी



फ्तेहपुर। आगामी बारिश के मौसम के मद्देनजर नगर पालिका परिषद की ओर से शहर के छोटे नाला-नालियों का सफाई अभियान जहां युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है वहीं अब बड़े नालों का सफाई अभियान भी शुरू हो गया। शुक्रवार को चेयरमैन राजकुमार मौर्य ने पोकलैण्ड को हरी झण्डी दिखाकर सफाई अभियान की शुरूआत कराई। चेयरमैन ने निर्देशित किया कि इस कार्य में हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। मियां साहब की तकिया से बेरूईहार तक जाने वाले बड़े नाला के सफाई अभियान का शुभारंभ चेयरमैन ने करते हुए कहा कि आगामी बारिश का मौसम नजदीक है। शहर में जलभराव की समस्या न होने पाए इसलिए पालिका द्वारा पूर्व से ही नाला-नाली सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होने कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नाला एवं नालियों से निकलने वाला कूड़ा करकट व सिल्ट का निस्तारण समय से कर दिया जाए। जिससे सड़कों पर गंदगी न फैले। इस मौके पर क्षेत्रीय सभासद आफ्ताब अहमद, भिक्कू मामा, मो0 आरिफगुड्डा, शादाब अहमद, शहजाद अनवर, अरुण यादव, अखिलेश कुमार, राम सिंह पटेल, पवन द्विवेदी, ऋतिक पाल, गुड्डू यादव, अतीश पासवान, साबिर अहमद, एनुल आब्दीन उर्फ हुमायूं, वसीम खान, मकबूल अहमद, नफीस अहमद के अलावा सहायक अभियंता निर्माण कुमार गौरव, अवर अभियंता अमर सिंह, अविनाश पांडेय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार गौड़, आरके चंद्राकर, मोहम्मद हबीब, गुलाब सिंह आदि उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नई चुनौती

क्लाइमेट यानी जलवायु और उससे बनने वाले वातावरण की दृष्टि से अब से करीब दो दशक पहले तक भी जिंदगी आसान ढर्रे पर थी पर अब उसकी मुश्किलें उतनी ही बढ़ती जा रही हैं। मौसम काफी तेजी के साथ असंतुलित हो रहा है। इसके कारण दिन की बेतहाशा गर्मी रिकार्ड बनाती गई। ये सिलसिला अभी भी जारी है। लेकिन पिछले दस सालों से बेहद गर्म रातों की संख्या भी बढ़ रही है। नतीजा यह है कि देश की तीन चौथाई जनसंख्या इसके जोखिमों का सामना करने के लिए मजबूर है। एक अध्ययन बताता है कि भारत के लगभग 57 प्रतिशत जिले जिनमें कुल आबादी का 76 प्रतिशत हिस्सा रहता है, वर्तमान में उच्च से लेकर अत्यधिक तापमान के जोखिम की स्थिति में है। पर्यावरण से जुड़ी संस्था काउंसिल ऑन एनर्जी एनवायरमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के मुताबिक सबसे अधिक गर्मी के खतरे वाले दस राज्यों केंद्रशासित प्रदेशों में दिल्ली, राजस्थान, यूपी, एमपी, महाराष्ट्र, गोवा, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। इनमें गर्म रातों की संख्या तेजी से बढ़ी है। पारिभाषिक शब्दावली में बहुत गर्म रातें और बहुत गर्म दिन ऐसी अवधि के रूप में जाने जाते हैं जब न्यूनतम और अधिकतम तापमान 95 प्रतिशत की सीमा से अधिक हो जाता है। रात का समय आमतौर पर शांत होता है जिसमें स्वास्थ्य से संबंधित क्रियाएं अपने स्वाभाविक रूप में गतिशील रहती हैं लेकिन गर्म रातों की संख्या बढ़ने से इनके लिए खतरे काफी बढ़े हैं क्योंकि रात का तापमान उच्च रहने पर शरीर को ठंडा होने का अवसर नहीं मिलता जबकि स्वस्थ शरीर के लिए यह बेहद जरूरी है। यह समस्या दस लाख से ज्यादा टियर-वन और टियर-टू शहरों में ज्यादा है जहां औद्योगिक एवं अन्य गतिविधियां अधिक होती हैं। समस्या एक और अधिक चिंतित करने वाला पहलू यह है कि पारंपरिक रूप से ठंडे हिमालयी क्षेत्रों में भी बहुत गर्म दिन और बहुत गर्म रातें बढ़ी हैं। इस गर्म वातावरण के बढ़ते जाने का असर देश की निम्न आय वाली श्रम शक्ति के परिवारों पर भी पड़ रहा है। आमतौर पर मौसमजनित माहौल के साथ किसी भी तरह तालमेल बिठा लेने वाली देश की ज्यादातर जनसंख्या के लिए अब जरूरी होता जा रहा है कि असंतुलित जलवायु के कारण पैदा इस नई चुनौती से निपटने के लिए खुद को नए सिरे से तैयार करे। इस पर सरकार का रुख भी देखने योग्य होगा।

## चिंतनीय विषय

लखनऊ का पुलिस प्रशासन चाहे जितना तेजतर्रार, सफल, सक्रिय हो, संगीन वारदातों की तह तक में जा चुका हो लेकिन टेंपो-ऑटो चालकों की हद दर्जे की मनमानी के साथ ही आपराधिक करतूतों के सामने पस्त है। सड़कों पर मनचाहे ढंग से वाहन चलाना, लापरवाही के साथ ओवरटेक करना, चलती सड़क के बीच बिना संकेत स्पीड के साथ वाहन मोड़ देना, सिग्नल की फिक्र बिना चौराहे पार करना, सवारियों से बदतमीजी व मनमाना किराया वसूली तो आम बात हो ही गई है, अब सवारियों से लूट, दुष्कर्म और हत्या जैसी वारदातें भी ये कर रहे हैं। एक व्यक्ति के गलत होने से सभी को उसी ढंग का नहीं माना जा सकता लेकिन जब कई लोग अलग-अलग जगहों पर ऐसे अपराध कर रहे हों तो साफ है कि ज्यादातर लोग इस मानसिकता के ही हैं। यह बात पिछले करीब ढाई महीनों में सामने आ भी चुकी है। मार्च में आलमबाग से ऑटो में सवार एक महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या ने आम लोगों को दहशत में लाकर झकझोर दिया था। तब उम्मीद जताई गई थी कि ऐसे लोगों की नकेल कसने के एहतियाती उपाय किए जाएंगे। इसके लिए कुछ दिनों तक काम भी हुआ जिसमें इन ऑटो-टेंपो चालकों का सत्यापन करने की मुहिम चली लेकिन जल्दी ही व्यवस्था की यह गर्मी ठंडी पड़ गई और अपराधी ड्राइवरों की गर्मी फिर जोर मारने लगी। आठ मई को ठाकुरगंज व बीस मई को मुंशीपुलिया क्षेत्र में छेड़खानी से सहमी दो महिलाओं चलते ऑटो व ई-रिक्शा से छलांग लगाकर अपनी इज्जत बचाई। अपराधों को छोटे-बड़े की श्रेणी में भले बांट दिया जाए लेकिन होता वह अपराध ही है। आज का छोटा अपराधी आजाद रहे तो कल को बड़ा अपराधी बन ही जाता है। महिलाओं के साथ आपराधिक कृत्य तो और अधिक वहशियाना होते हैं जिनमें जान बच भी जाए लेकिन दिलोदिमाग लंबे समय तक बुरी तरह हिला रहता है। चिंता की बात यह है कि ऐसे कृत्यों को प्रभावी कार्रवाई के योग्य क्यों नहीं माना जा रहा और बहु प्रचारित जीरो टॉलरेंस की नीति इन पर क्यों नहीं लागू हो रही।

## काँव-काँव

◆◆◆

**मेरी रगों में खून की जगह गर्म सिंदूर-पीएम मोदी**
नान बायोलॉजिकल होने में कोई संदेह नहीं!

**भीषण गर्मी पर लागू हों राष्ट्रीय दिशानिर्देश-कोर्ट**
न माने तो गर्मी को कोर्ट समन भेजा जाये!

**सतपाल मलिक के खिलाफ़ सीबीआई चार्जशीट**
रिश्वत ऑफर का मामला देश को क्यों बताया?

**इस वर्ष मानसून छह दिन पहले आने की सूचना**
महानगरों के निवासी तैरना जल्दी सीख लें!

**ज्योति मल्होत्रा की पुलिस रिमांड चार दिन बढ़ी**
पठानकोट का अपराधी देवेंदर सिंह लापता है!

**पर्यावरण रक्षण में समाज निभाये भूमिका-योगी**
सरकारें हरेभरे गांव मिटाकर शहर बसा रही हैं!

◆◆◆


# हारे मुनीर को बनाया फील्डमॉर्शल

**- विवेक शुक्ला**

जनरल से फील्ड मार्शल बन गये आसिम मुनीर के बारे में कहा जा रहा है कि वह आने वाले समय में शहबाज शरीफ सरकार का तख्ता पलट सकते हैं. वैसे भी शरीफ सरकार फौज के रहमो-करम पर ही बनी थी. वहां का सबसे लोकप्रिय नेता इमरान खान तो जेल में सड़ रहा है. मुनीर के फील्ड मार्शल बनने को लेकर हैरानी इसलिए हो रही है, क्योंकि उनकी सदारत में पाकिस्तानी सेना की भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में कसकर कुटाई की. भारत से हारने के बाद भी वहां का फौजी जनरल नायक बना रहा. पाकिस्तान में फौज ने पहली बार सत्ता का सुख 1958 में लिया था. तब जनरल अयूब खान ने मीरजाफर के वंशज इस्कंदर मिर्जा की सरकार का तख्ता पलट कर पाकिस्तान की सत्ता पर कब्जा जमा लिया था. फिर तो फौजी जनरलों ने निर्वाचित सरकारों को हटाकर खुद राष्ट्रपति बनना शुरू कर दिया. स्वतंत्र देश बनने के बाद पाकिस्तान में पहला बड़ा बदलाव 1958 में बदलाव आया. अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में पढ़े जनरल अयूब खान ने सात अक्तूबर, 1958 को पहला सैन्य तख्तापलट कर दिया. तब वहां राजनीतिक अस्थिरता चरम पर थी. तत्कालीन राष्ट्रपति इस्कंदर मिर्जा ने मार्शल लॉ की घोषणा की और अयूब खान को इसका प्रशासक नियुक्त किया. उसके कुछ ही हफ्तों बाद अयूब खान ने मिर्जा को हटाकर सत्ता संभाल ली. उन्होंने 'बेसिक डेमोक्रेसी' प्रणाली लागू की, जिसके तहत 80 हजार स्थानीय प्रतिनिधियों के जरिये अप्रत्यक्ष चुनाव कराये गये. उन्होंने आर्थिक सुधारों और भूमि सुधारों की शुरुआत की, जिससे सेना की आर्थिक ताकत बढ़ी. उनका शासन ठीक चला. पर 1965 के युद्ध में भारत से मार खाने के कारण उनकी लोकप्रियता में कमी आयी. वर्ष 1967 के राष्ट्रपति चुनाव में अयूब खान ने मोहम्मद अली जिन्ना की बहन फातिमा जिन्ना को सेना की ताकत से हरा दिया. उन पर फातिमा की हत्या करवाने के भी आरोप लगे. इससे उनके खिलाफ माहौल बनने लगा. वर्ष 1969 में बढ़ते जन आंदोलनों और राजनीतिक दबाव के कारण अयूब खान ने इस्तीफा दे दिया और सत्ता शराबी जनरल याह्या खान के पास आ गयी. उस तख्तापलट ने सेना को पाकिस्तान की राजनीति और अर्थव्यवस्था में शक्तिशाली केंद्र के रूप में स्थापित किया. जनरल याह्या खान ने 1969 में सत्ता संभाली. उन्होंने मार्शल लॉ लागू किया और खुद को राष्ट्रपति घोषित किया. अयूब खान के शासन के खिलाफ खासकर पूर्वी पाकिस्तान (आज का बांग्लादेश) में असंतोष बढ़ रहा था. याह्या खान ने 1970 में देश का पहला सामान्य चुनाव कराने की घोषणा की. चुनाव में शेख मुजीबुर रहमान की अवामी लीग ने पूर्वी पाकिस्तान में भारी जीत हासिल की, लेकिन याह्या खान और पश्चिमी पाकिस्तान के सत्ताधारी वर्ग ने सत्ता हस्तांतरण से इनकार कर दिया. परिणामस्वरूप पूर्वी पाकिस्तान में विद्रोह शुरू हुआ, जिसे दबाने के लिए सेना ने 'ऑपरेशन सर्चलाइट' शुरू किया. उसमें लाखों बांग्लाभाषियों का कत्ल हुआ. वह विद्रोह 1971 के बांग्लादेश मुक्तियुद्ध में बदल गया, जिसमें भारत के हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा और बांग्लादेश एक स्वतंत्र देश बन गया. वर्ष 1971 की हार ने याह्या खान की विश्वसनीयता को गहरा आघात पहुंचाया और उन्होंने सत्ता जुल्फिकार अली भुट्टो को सौंप दी. तख्तापलट और हार ने पाकिस्तान में सेना की प्रतिष्ठा कमजोर की, लेकिन सेना ने जिया-उल-हक के जरिये जल्द ही अपनी स्थिति फिर मजबूत कर ली. जालंधर में पैदा हुए जनरल जिया-उल-हक ने पांच जुलाई, 1977 को जुल्फिकार अली भुट्टो की सरकार का तख्ता पलट कर सत्ता हथिया ली. उस तख्तापलट को 'ऑपरेशन फेयर प्ले' नाम दिया गया. दरअसल 1977 के आम चुनाव में भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की जीत पर विपक्ष ने धांधली का आरोप लगाया और देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गये. जिया ने उसे अवसर के रूप में लिया और मार्शल लॉ लागू कर दिया. दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे जिया ने इस्लामीकरण की नीति अपनायी, जिसके तहत शरिया कानून लागू किया गया और पाकिस्तान को इस्लामी गणराज्य घोषित किया गया. जिया ने इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आइएसआइ) को मजबूत किया, जिसने विदेश नीति और आंतरिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी. जिया की देखरेख में 1979 में जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी दी गयी, जिसने जिया के शासन को विवादास्पद बना दिया. उनकी 1988 में एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गयी. जिया के शासन ने पाकिस्तान में इस्लामी कट्टरपंथ को बढ़ावा दिया और सेना की राजनीतिक हस्तक्षेप की परंपरा को और मजबूत किया. जिया के विदा होने के 11 साल बाद दिल्ली के दरियागंज में पैदा हुए परवेज मुशर्रफ ने 12 अक्तूबर, 1999 को तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की सरकार का तख्ता पलट कर सत्ता पर कब्जा किया. वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के बाद नवाज शरीफ और मुशर्रफ के बीच तनाव बढ़ गया था. शरीफ ने मुशर्रफ को हटाने का प्रयास किया, पर सेना ने उनका समर्थन किया और शरीफ को हिरासत में ले लिया. मुशर्रफ ने खुद को चीफ एक्जीक्यूटिव घोषित किया और बाद में राष्टपति बन गये. उन्होंने 'नियंत्रित लोकतंत्र' की नीति अपनायी, जिसमें 2002 में एक विवादास्पद जनमत संग्रह के जरिये उनकी सत्ता को वैधता दी गयी. उन्होंने आर्थिक सुधारों और मीडिया की स्वतंत्रता को बढ़ावा दिया, पर सेना का राजनीतिक दबदबा बरकरार रहा. वर्ष 2007 में उन्होंने आपातकाल लागू किया और मुख्य न्यायाधीश इफ्तिखार चौधरी को हटाने की कोशिश की, जिससे व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गये. वर्ष 2008 में बढ़ते दबाव के कारण उन्होंने इस्तीफा दे दिया. मुशर्रफ के शासन ने सेना की सत्ता को मजबूत किया, पर उनके अंतिम वर्षों में लोकतांत्रिक आंदोलनों ने सेना के हस्तक्षेप को चुनौती दी. पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थानों को कभी पूरी तरह मजबूत होने का मौका नहीं मिला. बार-बार के सैन्य हस्तक्षेप ने असैनिक सरकारों की विश्वसनीयता कमजोर की. पाकिस्तान के नये फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी जिया जैसे हैं. वह कठमुल्ला मानसिकता वाले इंसान हैं और भारत और हिंदुओं के खिलाफ नफरत उनमें कूट-कूट कर भरी हुई है. वर्ष 2022 में इमरान खान की सरकार के अपदस्थ होने के बाद वहां आसिम मुनीर की सदारत में सेना फिर महत्वपूर्ण हो चुकी है. उसे अवाम का प्यार और विश्वास मिल रहा है. ऑपरेशन सिंदूर में भारत से मार खाने के बाद भी जनरल मुनीर का फील्ड मार्शल बनना क्या बताता है? हमारा पड़ोसी देश फिर से सैनिक शासन की तरफ तो नहीं बढ़ रहा?



# प्रेमचंद की कहानियां



## दो बैलों की कथा

'ना दादा, पीछे से तुम भी उन्हीं की-सी कहोगे।'

दूसरे दिन झूरी का साला फिर आया और बैलों को ले चला। अबकी उसने दोनों को गाड़ी में जोता।

दो-चार बार मोती ने गाड़ी को सड़क की खाई में गिराना चाहा; पर होरा ने संभाल लिया। वह ज्यादा सहनशील था। सन्ध्या समय घर पहुंचकर उसने दोनों को मोटी रस्सियों से बांधा, और कल की शरारत का मजा चखाया। फिर वही सूखा भूसा दिया। अपने दोनों बैलों को खली, चूनी सब कुछ दी।दोनों बैलों का ऐसा अपमान कभी न हुआ था। झूरी इन्हें फूल की छड़ी से भी न छूता था। उसकी टिटकार पर दोनों उड़ने लगते थे। यहां मार पड़ी। आहत-सम्मान की व्यथा तो थी ही, उस पर मिला सूखा भूसा !

नांद की तरफ आंखें तक न उठाई।

दूसरे दिन गया ने बैलों को हल में जोता; पर इन दोनों ने जैसे पांव न उठाने की कसम खा ली थी। वह मारते-मारते थक गया; पर दोनों ने पांव न उठाया। एक बार जब उस निर्दयी ने हीरा की नाक पर खूब डंडे जमाए, तो मोती का गुस्सा काबू के बाहर हो गया। हल लेकर भागा। हल, रस्सी, जुआ, जोत, सब टूट-टाटकर बराबर हो गया। गले में बड़ी-बड़ी रस्सियां न होतीं, तो दोनों पकड़ाई में न आते।

हीरा ने मूक भाषा में कहा- भागना व्यर्थ है।

मोती ने उत्तर दिया-तुम्हारी तो इसने जान ही ले ली थी।

'अबकी बड़ी मार पड़ेगी।'

'पड़ने दो, वैल का जन्म लिया है, तो मार से कहां तक बचेंगे!''गया दो आदमियों के साथ दौड़ा आ रहा है। दोनों के हाथों में लाठियां हैं।'

मोती बोला-कहो तो दिखा दूं कुछ मजा मैं भी? लाठी लेकर आ रहा है। - हीरा ने समझाया-नहीं भाई! खड़े हो जाओ।

'मुझे मारेगा, तो मैं भी एक-दो को गिरा दूंगा?'

'नहीं हमारी जाति का यह धर्म नहीं है।' **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**तक्षकस्य विषं दन्ते मक्षिकायास्तु मस्तके।**
**वृश्चिकस्य विषं पुच्छे सर्वाङ.गे दुर्जने विषम।।**

तक्षक सर्प के दांत में विष होता है, मक्खी के मस्तक में विष होता है, बिच्छू की पूंछ में विष होता है, परन्तु दुर्जन के तो सभी अंगों में विष-ही-विष भरा होता है। अतः बुद्धिमान् व्यक्ति को दुर्जन से दूर ही रहना चाहिए।

◆◆◆

# चीन की डंपिंग रणनीति से बचने की जरूरत



**- प्रो. अश्विनी महाजन**

दोनों तरफ से तनातनी और मोर्चाबंदी के बाद आखिरकार अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील हो गयी है. दोनों ही देशों ने टैरिफ में 115 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है. व्यापार समझौते के मुताबिक, अमेरिका जहां चीनी सामान पर 30 फीसदी टैरिफ लगायेगा, वहीं अमेरिकी उत्पादों पर चीन 10 प्रतिशत शुल्क लगायेगा. दोनों देशों के बीच टैरिफ में यह कटौती नब्बे दिनों के लिए हुई है. लेकिन पिछले कुछ समय से ट्रंप के टैरिफ वार पर जितनी चर्चा हो रही है, उतनी बात चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग पर नहीं हो रही, जिससे अनेक देशों के घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है. इनमें भारत भी शामिल है. डंपिंग का मतलब है कम दामों पर सामान बेचना. अंतरराष्ट्रीय व्यापार की भाषा में डंपिंग तब होती है, जब कोई देश या कंपनी अपने घरेलू बाजार की तुलना में विदेशी बाजार में कम कीमत पर उत्पाद का निर्यात करती है. अंतरराष्ट्रीय व्यापार में डंपिंग को दुरुपयोग माना जाता है. चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है. एक बार जब कोई देश चीनी उत्पादों पर निर्भर हो जाता है, तो फिर उसका शोषण शुरू हो जाता है. सक्रिय दवा सामग्री (एपीआइ) का मामला चीनी डंपिंग और शोषण के जीते-जागते उदाहरण हैं. वर्ष 2004 के बाद, पेनिसिलिन जी और फोलिक एसिड सहित कई प्रकार की एपीआइ को भारतीय बाजारों में बेहद कम कीमतों पर डंप किया गया. इस खेल से न केवल भारतीय एपीआइ उद्योग को खत्म कर दिया गया, बल्कि देश की स्वास्थ्य सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया गया. विगत मार्च में भारत ने घरेलू उद्योगों को चीनी डंपिंग से बचाने के लिए चार चीनी वस्तुओं- सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क, एल्युमीनियम पन्नी और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड- पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया था. इससे पहले 2024 में व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) द्वारा दायर एंटी-डंपिंग जांचों में से 79 प्रतिशत चीनी उत्पादकों के खिलाफ दायर की गयी थी. चीन इतना डंपिंग क्यों करता है? दरअसल चीन के पास बहुत अधिक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, जिससे अधिशेष उत्पादन होता है. चीन का ध्यान हमेशा निर्यात आधारित विकास पर रहा है, जिसे सरकार का समर्थन प्राप्त है. चीनी कंपनियों को अन्य रूपों में सब्सिडी और सरकारी सहायता मिलती है, जिससे वे अपने उत्पादों को कृत्रिम रूप से कम कीमतों पर बेच पाते हैं. सरकारी सब्सिडी बाजार की कीमतों को विकृत करती है और अनुचित प्रतिस्पर्धा को जन्म देती है. डंपिंग के जरिये चीन ज्यादातर देशों के बाजारों को अपने उत्पादों से पाट देता है. इस तरह वह दूसरे देशों को अपने माल का गुलाम बना देता है. चूंकि चीनी उत्पाद तुलनात्मक रूप से सस्ते होते हैं, ऐसे में, वे दूसरे देशों के उद्योगों की कमर तोड़ देते हैं. डंपिंग रणनीति के जरिये चीन ने जहां दुनिया के अधिकांश देशों के बाजारों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है, वहीं उसकी इस चालाक रणनीति के आगे अमेरिका जैसे देश भी लाचार नजर आते हैं. अतीत में, ऐसे कई उदाहरण सामने आये हैं, जब चीन ने भारत समेत विदेशी बाजारों में डंपिंग की अनैतिक प्रथा अपनायी. हमारा एपीआइ उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकॉम उद्योग, कपड़ा और परिधान उद्योग, खिलौना उद्योग और कई अन्य उद्योग चीनी डंपिंग का शिकार रहे हैं. इन उद्योगों की कई विनिर्माण इकाइयां चीनी डंपिंग के कारण बंद होने के कगार पर पहुंच गयीं. डंपिंग से निपटने के लिए भारत ने डब्ल्यूटीओ नियमों के तहत उपलब्ध कई व्यापार उपायों का उपयोग किया है, जिनमें एंटी-डंपिंग शुल्क और सुरक्षा उपाय शामिल हैं. भारत द्वारा लगाये गये अधिकांश एंटी-डंपिंग शुल्क चीन पर थे. चीनी डंपिंग को रोकने के लिए अपनाये गये विभिन्न तरीकों के बावजूद चीनी आयात पर भारतीय निर्भरता लगातार बढ़ रही है. वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से फरवरी तक चीन से भारत का आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 10.4 फीसदी बढ़कर 103.7 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया. जबकि चीन को निर्यात 15.7 प्रतिशत घटकर 12.7 अरब डॉलर रह गया. इससे चीन के साथ हमारा व्यापार घाटा बढ़ गया है. यह भारत द्वारा अपनाये गये एंटी-डंपिंग उपायों की लंबी सूची के बावजूद है. जाहिर है, चीनी डंपिंग रोकने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है. अब जब भारत दुनिया के लिए विनिर्माण केंद्र बनने की आकांक्षा रखता है, तब वह चीन से डंपिंग के किसी नये दौर को बर्दाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि यह उसके आत्मनिर्भर भारत के सपने को खतरे में डाल सकता है. जब भी भारत ने एंटी-डंपिंग शुल्क, सुरक्षा उपायों या किसी अन्य तरीके का इस्तेमाल किया है, तब चीन ने इसे टालने की कोशिश की है. चीनी सामान पर अंकुश लगाने के नयी दिल्ली के प्रयासों को विफल करने के लिए चीन ने अपने कारखानों को अन्य देशों में स्थानांतरित कर दिया है और उन देशों के माध्यम से माल की आपूर्ति कर रहा है. हम न केवल चीन में उत्पादित चीनी सामान पर, बल्कि चीन के बाहर स्थापित चीनी कारखानों द्वारा उत्पादित सामान पर भी अंकुश लगाने की दिशा में विचार कर सकते हैं।



## प्रेरक प्रसंग

### नई चेतना का उदय

एक बड़ा ही धार्मिक व्यक्ति था। वह हमेशा सत्कर्मों में लीन रहता था। उसकी हार्दिक इच्छा थी कि एक दिन भगवान के दर्शन करे। उसके लिए वह बराबर प्रयत्न करता। साधु-संतों से उसका रास्ता पूछता। संयोग से एक दिन उसकी भेंट एक कपटी आदमी से हो गई। वह साधु के वेश में था। उसने कहा, अगर तू सचमुच ईश्वर के दर्शन करना चाहता है तो जो कुछ तेरे पास है, उसे बेच दे और पैसे लेकर मेरे साथ चल।

वह भोला-भाला व्यक्ति उसकी बातों में आ गया। उसने अपना सब कुछ बेच डाला और पैसे लेकर उसके साथ चल दिया। चलते-चलते रास्ते में एक कुआं मिला। कपटी साधु ने कहा, अपनी माया को यहां रख दे और इस कुएं में झांक, तुझे प्रभु के दर्शन हो जायंगे।

उस भक्त ने यही किया। रुपये वहीं रखकर कुएं पर गया और ज्यो ही झांका कि उस साधु ने उसको धक्का देकर कुएं में गिरा दिया।

कुआं सूखा था। उस आदमी को जरा भी चोट नहीं आयी और अपनी सच्ची लगन के कारण उसे ईश्वर के दर्शन हो गये।

उधर साधु ज्योंही रुपये लेकर चला कि उसे एक सिपाही मिल गया। साधु ने अपने को छिपाने का प्रयत्न किया तो सिपाही ने उसे पकड़ लिया। मारे डर के साधु ने सारी बात कह दी।

सिपाही उसे लेकर कुएं पर आया और उस आदमी को निकालना चाहा, पर उसने इन्कार कर दिया। बोला, भगवान का रूप कितना आनंददायक है। मैं कृतार्थ हो गया। मैं बाहर नहीं आऊंगा।

सिपाही ने कहा, तुम्हारे साथ जिसने छल किया है, उसे मैंने पकड़ लिया है। तुम बाहर आओ तो सही। वह आदमी बोला, जिसने मुझे दुनिया की माया से छुटकारा दिलवाकर ईश्वर के दर्शन करा दिये, उसका मैं आभारी हूं। आप उसे छोड़ दो।

सिपाही ने उसे छोड़ दिया।

उस कपटी के मन पर इस घटना का इतना असर हुआ कि उसने छल-कपट का रास्ता छोड़ दिया और प्रभु की भक्ति करने लगा।

## आपका पत्र मिला

### युवा बन रहा है भारत की आर्थिक क्रांति का झंडाबरदार

हां, हौसले हों बुलंद, वहां निवेश सिर्फ सौदा नहीं, बदलाव की शुरुआत होता है। आज का भारतीय युवा यही बदलाव लिख रहा है– शेयर बाजार के माध्यम से। देश का हर तीसरा युवा अब शेयर बाजार में निवेश कर रहा है।

यह न केवल एक आंकड़ा है, बल्कि एक आर्थिक जागृति का संकेत है। सेबी के चेयरमैन के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में 93 लाख करोड़ रुपये के निवेश युवाओं द्वारा किए गए हैं। 13 करोड़ से अधिक खुदरा निवेशक शेयर बाजार से जुड़ चुके हैं।

ये युवा अब सिर्फ नौकरी के पीछे नहीं भाग रहे, बल्कि अपने निवेश के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। यह देश के युवाओं की महत्वाकांक्षा और दूरदृष्टि का संकेत देता है। वे अब आगे बढ़ने के लिए अभिनव तरीकों को अपनाना चाहते हैं। साथ ही जोखिम उठाने के लिए भी तैयार हैं। वे इसके लिए लीक से हट कर चलने के लिए भी तत्पर हैं। युवा निवेशक केवल मुनाफे की सोच तक सीमित नहीं हैं। इसीलिए वे स्टार्टअप्स, सामाजिक परियोजनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश कर रहे हैं। एसएमई प्लेटफॉर्म और सोशल स्टॉक एक्सचेंज जैसे नए माध्यमों में इनकी भागीदारी देश को नई दिशा दे रही है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स, मोबाइल ऐप्स और आसान निवेश प्रक्रियाएं युवाओं को बाजार से जोड़ रही हैं। वे रिसर्च कर रहे हैं, समझदारी से निवेश कर रहे हैं और भारत को निवेशकों का देश बना रहे हैं।

आज का युवा सिर्फ शेयर नहीं खरीद रहा, वो भारत का भविष्य खरीद रहा है - वह भविष्य जो सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर है। यही है नए भारत की असली ताकत।

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# अच्छी सेहत के लिए बच्चों को सिखाएं ये आदतें, हमेशा रहेंगे हेल्दी और फिट



हर पैरेंट्स चाहते हैं कि उनके बच्चे सेहतमंद और बीमारियों से दूर रहें। इसके लिए उनकी लाइफस्टाइल में व्यायाम, खेलकूद, भरपूर नींद और एक हेल्दी माहौल का होना जरूरी होता है। अगर आप जागरूक पैरेंट हैं तो यह भी जरूरी है कि आप अपने बच्चों को हेल्दी हैबिट सिखाएं, जिससे वे बीमारियों से खुद को बचा सकें। इन आदतों की मदद से वे घर के बाहर भी अपना ख्याल रख सकेंगे और स्वस्थ रहेंगे। इस तरह आप भी चिंता से दूर रहेंगे। आइए जानते हैं कि बच्चों को कौन सी अच्छी आदतें जरूर सिखा देनी चाहिए।

**हेल्दी फूड की आदत**

बच्चों के बेहतर विकास के लिए बैलेंस्ड डाइट का होना बहुत ही जरूरी है। इससे उनकी इम्यूनिटी अच्छी रहती है और वे बीमार भी कम पड़ते हैं इसलिए उनकी डाइट से प्रॉसेस्ड फूड, अत्यधिक सोडियम, कैलोरी और बैड फैट को जहां तक हो सके दूर रखें। इसके बदले उनके आहार में प्रोटीन, सब्जियां, दूध, ताजे फल, साबुत अनाज आदि को शामिल करें।

**अधिक मीठी चीजों से रखें दूर**

अधिक मीठी चीजों के सेवन से इम्यूनिटी बिगड़ती है और दांत भी खराब होते हैं। इसलिए बच्चों को कोल्ड ड्रिंक्स, केक, चॉकलेट आदि का चस्का ना लगाएं। यह बाद में डायबिटीज या अन्य बीमारी की वजह बन सकता है। यही नहीं, शरीर में कैल्शियम का अब्जॉर्प्शन भी कम हो जाता है।

**ओवर ईटिंग से बचाएं**

बच्चों को हम हेल्दी बनाने के लिए ओवर ईटिंग कराना चाहते हैं। लेकिन बेहतर होगा कि आप उनके डाइट को 3 से बढ़ाकर 5 या 6 करें। ऐसा करने से उनका डायजेशन भी अच्छा होगा और उन्हें भूख भी लगेगी। वे ओवर वेट की समस्या से भी बचे रहेंगे।

**एक्टिव रहने की आदत डालें**

जहां तक हो सके बच्चों को आउटडोर रखें और तरह तरह के खेलकूद में डालें। ऐसा करने से कई फायदा मिलेगा। वे हेल्दी और मजबूत तो रहेंगे ही, टीवी और कंप्यूटर से भी दूर रहेंगे। इसके अलावा, मेंटली भी वे स्ट्रॉन्ग बनेंगे।

**पर्याप्त नींद जरूरी**

बच्चों के लिए पूरी नींद लेना भी बहुत ही जरूरी होता है। इसलिए उन्हें सही समय पर सोने और जागने की आदत जरूर डालें। ऐसा करने से वे दिनभर फ्रेश रहेंगे और इससे उनका विकास भी तेजी से होगा। उनकी इम्यूनिटी भी अच्छी रहेगी।

**हाथ धोकर खाना**

बच्चों को जब भी खाना दें तो उन्हें साफ हाथ से खाने की आदत दिलाएं। ऐसा करने से वे संक्रमण से बचे रहेंगे। बेहतर हाइजीन के लिए बच्चों में ये आदत जरूर डालें। ऐसी आदतें बच्चों को बीमारियों से बचाकर रखती हैं।

# बच्चों को खुद करने दें समस्या को हल, बढ़ेगा आत्मविश्वास


*अक्सर प्यार में हम बढ़ते बच्चों का हर काम कर देते हैं और उनकी सुविधा के लिए उनका हर संभव प्रयास हम बिना बोले करते जाते हैं। कई बार हम उन्हें प्रॉब्लम से बचाने के लिए वह बातें भी सिखाना शुरू कर देते हैं, जो शायद वे अपने एक्सपीरियंस से खुद सीख सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि अगर आप उन्हें हर बात न सिखाएं और खुद अपनी समस्याओं का हल निकालने दें, तो इससे उन्हें क्या फायदा मिलेगा और उनकी पर्सनैलिटी डेवलपेंट पर क्या असर पड़ेगा? जानिए फायदे।*



-जब बच्चे समस्याओं का समाधान खुद खोजते हैं, तो उनके अंदर आत्मनिर्भरता का विकास होता है। इसलिए उन्हें अपने तरीके से चीजों को आजमाने का अवसर दें, जिससे वे अपने निर्णय खुद ले सकें।

-बच्चों को यह समझने का मौका दें कि उन्हें अपने विचारों पर विश्वास करना चाहिए। इससे उनकी सोचने और तर्क करने की क्षमता बढ़ती है। मसलन, अगर वे पजल नहीं सॉल्व कर पा रहे तो खुद बना देने के बजाय उन्हें हिंट्स दें। -जब बच्चे अपने निर्णय खुद लेते हैं और उनके परिणामों का सामना करते हैं तब वे जिम्मेदार बनते हैं। उन्हें अपनी गलती से सीखने दें, जिससे वे भविष्य में और बेहतर निर्णय ले सकें। -बच्चों की जिज्ञासा को जीवित रखना जरूरी है। अगर वे कुछ पूछें तो तुरंत जवाब देने से बेहतर होगा कि उन्हें उस विषय पर सोचने और और जवाबों की खोज करने के लिए मोटिवेट करें। जिससे नए विषयों और अवधारणाओं के प्रति रुचि विकसित कर सकें। -यह बात समझने का प्रयास करें कि जब बच्चे समस्याओं का सामना करते हैं, तो उन्हें सही समाधान ढूंढने का अवसर मिलता है। इसलिए अपनी बातें या समझ उन पर थोपने की बजाय बिना किसी हस्तक्षेप के उन्हें चुनौती का सामना करने दें। -उन्हें सीखने के प्रोसेस में जानें दें। बच्चों को समय दें कि वे सीखें और अभ्यास करें। अगर आप उन्हें जल्दी करने की सलाह देंगे तो वे अपने अनुभवों से सीख नहीं सकेंगे। -जब बच्चे खुद समाधान खोजते हैं, तो उन्हें सेल?फ मोटिवेशन मिलता है। यह उन्हें आत्म-सम्मान और संतोष प्रदान करता है। इस तरह वे हाइपर एक्टिविटीज से दूर रहते हैं और शांति से अपना काम करते हैं। इन बातों को ध्यान में रखें तो बच्चे अच्छी सोच समझ रखने वाले, प्रॉब्लम सॉल्वर और सक्रिय इंसान बनते हैं। अपने बच्चों को स्वतंत्रता दें, जिससे वे जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें।

# रेड, येलो और ग्रीन ट्रैफिक लाइट्स




**कहानी**

एक बार की बात है, सिग्नल टाउन नाम का एक छोटा-सा शहर था जहाँ ट्रैफिक लाइट्स सिर्फ गाड़ियों को नहीं, बच्चों को भी सीख देती थीं। इस टाउन में रहती थीं तीन ख़ास लाइट्स - रेड दीदी, येलो भैया और ग्रीन छोटी। ये तीनों हर दिन स्कूल के बाहर लगी रहती थीं, बच्चों को सिग्नल देतीं, लेकिन एक दिन उन्होंने कुछ नया करने की सोची।

•रेड दीदी - रुको और सोचो

रेड दीदी बहुत शांत थीं। जब भी कोई बच्चा जल्दी में होता या गलती करने वाला होता, वो चमक उठतीं और कहतीं - रुको! पहले सोचो, फिर आगे बढ़ो।

एक दिन, एक बच्चा - विशाल बिना देखे सड़क पार कर रहा था। तभी रेड दीदी ने तेज़ चमककर कहा,

विशाल! अगर तुम सोचोगे नहीं, तो चोट लग सकती है।

विशाल रुक गया और देखा कि एक तेज बाइक आ रही थी। उसने रेड दीदी का धन्यवाद किया और समझा कि ज़िंदगी में भी कई बार रुकना ज़रूरी होता है।

• येलो भैया - तैयार रहो

येलो भैया बहुत समझदार थे। उनका काम था बच्चों को चेतावनी देना कि आगे कुछ बड़ा होने वाला है।

विशाल एक बार स्कूल में क्रिकेट खेलने जा रहा था। उसका मन नहीं लग रहा था, लेकिन येलो भैया ने धीरे से कहा -

विशाल, तैयार हो जाओ। जो आने वाला है, वो तुम्हारे लिए खास हो सकता है।

विशाल ने ध्यान दिया, और अगले ही पल उसे टीम में ओपनर बना दिया गया! उसने शानदार बैटिंग की और उसकी टीम जीत गई।

• ग्रीन छोटी - आगे बढ़ो

ग्रीन छोटी सबसे चुलबुली और पॉजिटिव लाइट थीं। जब भी कोई बच्चा डरता या हिचकिचाता, वो ग्रीन हो जातीं और कहतीं -

चलो! अब आगे बढ़ने का समय है।

विशाल एक बार स्कूल में भाषण देने से डर रहा था। तभी ग्रीन छोटी मुस्कराईं और बोलीं,

विशाल, डर छोड़ो। अब समय है चमकने का!

विशाल ने हिम्मत जुटाई, स्टेज पर गया, और पूरे स्कूल ने उसके भाषण पर तालियाँ बजाईं।

विशाल को अब समझ आ गया था

• रेड दीदी सिखाती हैं - रुकना ज़रूरी है।

• येलो भैया बताते हैं - पहले से तैयार रहो।

• ग्रीन छोटी कहती हैं - समय आने पर डरना नहीं, आगे बढ़ो।

अब वो हर दिन ट्रैफिक लाइट्स की बातों को याद करता और ज़िंदगी के हर मोड़ पर सोच-समझकर निर्णय लेता।

सीख- ट्रैफिक लाइट्स की कहानी हमें सिखाती है कि सही समय पर रुकना, सोच-विचार करना और फिर पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़ना - यही जीवन की असली ट्रिक है।

# क्या आपका बच्चा भी है लेफ्टी? जानिए कारण

अक्सर आपने देखा होगा कि कुछ बच्चे लेफ्ट हैंडेड होते हैं, यानी वे सभी दैनिक काम बाएं हाथ से ही करना पसंद करते हैं। यह उनकी निजता का एक स्वाभाविक हिस्सा होता है और एक सामान्य प्रक्रिया भी। मगर कई माता-पिता को यह चिंता रहती है कि इससे बच्चे का विकास अवरुद्ध हो सकता है या समाज उसे स्वीकार नहीं करेगा।

**लड़कियों की तुलना में लड़के ज्यादा :** बच्चों के लेफ्ट हैंडेड होने के पीछे कुछ जेनेटिक कारण तो होते ही हैं, साथ में लो बर्थ वेट भी इसका एक बड़ा कारण है। 144 बच्चों पर किए गए मेटा एनालिसिस और ब्रेन लेट्रेलिटी स्टडी के अनुसार, लड़कियों की तुलना में लड़के अधिक लेफ्ट हैंडेड होते हैं। कई मामलों में बच्चे अपने माता-पिता या पसंद के किसी व्यक्ति को देखकर भी लेफ्ट हैंडेड हो जाते हैं। वहीं लर्निंग और सामाजिक माहौल भी लेफ्ट हैंडर होने में अहम भूमिका निभाता है, क्योंकि कुछ बच्चे सीखने की प्रक्रिया में ही किसी एक हाथ का इस्तेमाल ज्यादा करते हैं और राइट या लेफ्ट हैंडेड बन जाते हैं।



**कितनी चिंता की बात :** अगर बच्चा सारे काम बाएं हाथ से करता है तो यह सामान्य है और कोई चिंता की बात नहीं है। लेफ्टी होना सिर्फ एक व्यक्तिगत विशेषता है और अगर बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास सामान्य है तथा उसे कोई अन्य समस्या नहीं हो रही है तो आपको इसके बारे में ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

**कुशाग्र बुद्धि :** माना जाता है कि लेफ्ट हैंडेड बच्चे बेहद कुशाग्र बुद्धि होते हैं। संगीत और गणित विषयों में काफी बुद्धिमान होते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि ये मस्तिष्क के सीधे हेमिस्फीयर का इस्तेमाल करते हैं, जहां सभी क्रिएटिव सेंटर्स मौजूद होते हैं। साथ ही इनकी मेमोरी भी काफी अच्छी होती है, क्योंकि इनके दोनों हेमिस्फीयर अच्छी तरह कनेक्ट होते हैं।

**खास परवरिश :** चूंकि ऐसे बच्चे बहुत क्रिएटिव होते हैं, लिहाजा आप उनकी रुचियों को जानें और उन्हें प्रोत्साहित करें। आप उन्हें लेफ्ट की जगह राइट हैंड का इस्तेमाल करने के लिए जबरदस्ती न करें। इससे बच्चे का न्यूरल सरक्यूटरी प्रभावित हो सकता है और आगे चलकर वे दोनों हाथों में से किसी एक का भी ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं।

# बच्चों को दूध में मिलाकर दें ये चीजें, नहीं पड़ेंगे बीमार



सर्दी का मौसम बच्चों के लिए खास तौर पर संवेदनशील होता है। इस समय शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है और सर्दी, खांसी, जुकाम जैसी समस्याएं अधिक होने लगती हैं। ऐसे में बच्चों को ठीक से पोषण देना और उनकी सेहत का ख्याल रखना बहुत जरूरी हो जाता है। दूध बच्चों के लिए पोषण का सबसे अच्छा स्रोत है, और अगर इसे कुछ खास चीजों के साथ मिलाकर दिया जाए, तो यह न केवल उनकी सेहत को दुरुस्त रखता है, बल्कि सर्दी और खांसी जैसी समस्याओं से भी बचाता है। आइए जानते हैं सर्दियों में बच्चों को दूध में मिलाकर दी जाने वाली कुछ बेहतरीन चीजें, जो उनकी सेहत के लिए फायदेमंद हो सकती हैं।

**दूध और गुड़ :** दूध में चीनी की बजाय गुड़ डालकर बच्चों को पिलाना एक बहुत अच्छा विकल्प है। गुड़ में आयरन, कैल्शियम, और अन्य जरूरी मिनरल्स होते हैं, जो बच्चों के शरीर को मजबूत बनाते हैं। सर्दी में गुड़ का सेवन शरीर को अंदर से गर्म करता है और इम्यूनिटी को बढ़ाता है, जिससे सर्दी-खांसी की समस्या कम हो सकती है।

**दूध और केसर :** केसर को दूध में मिलाकर पीने से बच्चे के शरीर में गर्मी बनी रहती है। सर्दी और जुकाम से बचने के लिए यह एक प्राकृतिक उपाय है। केसर के सेवन से बच्चों का पाचन भी दुरुस्त रहता है और उनका शरीर उर्जावान बना रहता है। इसे दूध में डालकर अच्छे से उबालें और फिर बच्चों को पिलाएं।

**दूध और हल्दी :** हल्दी को दूध में मिलाकर पिलाने से बच्चों की सेहत को कई फायदे होते हैं। हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुण होते हैं, जो शरीर में इन्फेक्शन से बचाव करते हैं। यह सर्दी, खांसी, जुकाम से भी राहत दिलाने में मदद करती है। हल्दी का सेवन बच्चों के इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करता है।

**बादाम और दूध :** बादाम को दूध में डालकर पिलाने से बच्चों को न केवल सेहतमंद पोषण मिलता है, बल्कि उनकी याददाश्त भी तेज होती है। बादाम में विटामिन श्च, ओमेगा-3 फैटी ऐसिड, और अन्य मिनरल्स होते हैं, जो बच्चों के मस्तिष्क और पाचन तंत्र को मजबूत बनाते हैं। इससे बच्चों की इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है और शरीर में ताकत बनी रहती है।

**खजूर और दूध :** खजूर को दूध में मिलाकर देने से बच्चों को पाचन संबंधी कोई समस्या नहीं होती और शरीर को आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। खजूर में आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम, और विटामिन बी6 जैसे जरूरी मिनरल्स होते हैं, जो बच्चों के शरीर को मजबूती प्रदान करते हैं। यह विशेष रूप से एनीमिया (रक्त की कमी) से बचाव के लिए मददगार हो सकता है। खजूर का सेवन बच्चों को गर्मी प्रदान करता है और सर्दी-खांसी से बचाता है।

**दूध और गाजर :** गाजर का दूध में मिश्रण बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद है। गाजर में विटामिन और बीटा कैरोटीन होते हैं, जो आंखों, त्वचा और बालों के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। साथ ही यह पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है। गाजर का सेवन बच्चों के इम्यून सिस्टम को मजबूती प्रदान करता है, जिससे वे सर्दियों में होने वाली वायरल बीमारियों से बच सकते हैं।

**दूध और तुलसी के पत्ते :** तुलसी के पत्तों का सेवन सर्दियों में खासतौर पर लाभकारी होता है। इन पत्तों में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सर्दी, खांसी और गले में खराश जैसी समस्याओं से राहत दिलाते हैं। तुलसी के पत्ते दूध में मिलाकर बच्चों को देने से उनकी इम्यूनिटी बढ़ती है और उनका शरीर संक्रमण से बचता है। सर्दियों में बच्चों के स्वास्थ्य का खास ध्यान रखना पड़ता है। दूध में इन खास चीजों को मिलाकर बच्चों को सेहतमंद रखा जा सकता है। यह न केवल उनकी इम्यूनिटी को बढ़ाता है, बल्कि सर्दी, खांसी, जुकाम जैसी समस्याओं से भी उन्हें दूर रखता है। ध्यान रहे, इन चीजों को छोटे बच्चों को धीरे-धीरे देना चाहिए और अगर किसी चीज से एलर्जी हो, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

# लाडलों की हैं गर्मी की छुट्टियां, आपकी नहीं कैसे बनाएं काम और परिवार में संतुलन

बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार रहता है। छुट्टियों में उन्हें पूरा आराम और खेलने का मौका मिल जाता है, वहीं माता पिता के लिए खासकर वर्किंग पेरेंट्स की जिम्मेदारी अधिक बढ़ जाती है। उनके लिए दफ्तर और परिवार के बीच संतुलन बनाना चुनौती होती है।जहां गर्मी की छुट्टियों में बच्चे अपने माता पिता का ध्यान, परवाह और साथ चाहते हैं तो वहीं काम के साथ बच्चों पर पूरा ध्यान दे पाने के लिए माता पिता को भी काफी प्रयास करने पड़ते हैं। इस लेख में कुछ टिप्स दिए गए हैं जिसे अपनाकर माता पिता बच्चों और काम दोनों को साथ में मैनेज कर सकते हैं।



**पहले से करें छुट्टियों की प्लानिंग**-गर्मियों की छुट्टियों की तारीखें पहले से तय होती हैं। ऐसे में अपने ऑफिस वर्कलोड को प्लान करें। अगर संभव हो तो एक-दो छुट्टियां बच्चों के साथ बिताने के लिए रखें।

**बच्चों के लिए बनाएं डेली रूटीन**- बच्चों के लिए एक टाइम टेबल बनाएं जिसमें खेल, पढ़ाई, क्रिएटिव एक्टिविटी और आराम शामिल हो। इससे वे व्यस्त रहेंगे और आपको भी अपने काम के लिए समय मिलेगा।

**बच्चों की लें मदद**- बच्चों को छोटा-मोटा काम देकर उन्हें व्यस्त और जिम्मेदार बनाएं। जैसे, डेस्क की सफाई, पानी की बोतल भरना, अपने खिलौने समेटना आदि। इससे बच्चे व्यस्त भी रहेंगे और आपको काम में मदद भी मिल जाएगी।

**वीकेंड बनाएं खास**-अगर सप्ताह की शुरुआत में आप व्यस्त हैं तो वीकेंड पर बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की योजना बनाएं। हर वीकेंड पर उनके साथ पार्क जाएं या साथ में किचन में कुछ बनाएं, मूवी देखें या गेम्स खेलें आदि।

**परिवार की मदद लें**-अगर आपके पास दफ्तर का बहुत अधिक काम है तो परिवार के दूसरे सदस्यों, अपने पार्टनर या दोस्तों की मदद लेने में हिचकिचाएं नहीं। बच्चे को उसके नाना नानी या दादा दादी संग वक्त दें ताकि उनकी छुट्टियां भी मजेदार गुजरें और आपका काम भी हो सके।

# बच्चे की परवरिश करते हुए न करें ये गलतियां

बच्चे के जन्म के साथ हर कपल की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। माता-पिता बनने वाला कपल अपने बच्चे को अच्छी परवरिश देना चाहता है। हर माता पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा उच्च शिक्षा हासिल करें, सद्कर्म और व्यवहार कुशल हो। लेकिन बच्चे के व्यवहार और उसके जीवन पर माता-पिता की परवरिश का प्रभाव पड़ता है। जैसी परवरिश आप अपने बच्चे को देते हैं, बच्चा बड़ा होने पर वैसा ही मार्ग अपना सकता है। वैसे तो हर माता पिता अपने बच्चे को अच्छी परवरिश ही देना चाहते हैं लेकिन भूल वश या अनजाने में वह परवरिश के दौरान कुछ गलतियां कर जाते हैं। यही गलतियां बच्चे के भविष्य पर भारी पड़ सकती हैं। इसलिए हर माता पिता को बच्चे की परवरिश के दौरान कुछ गलतियों या त्रुटियों से बचना चाहिए । आइए जानते हैं बच्चे के पालन पोषण के दौरान माता-पिता को क्या काम नहीं करना चाहिए।



**तुलना करना**

अक्सर माता-पिता अपने बच्चे की तुलना दूसरे बच्चों से करते हैं। जैसे, देखो वो कितना होशियार है। इससे बच्चे के आत्मविश्वास में कमी आती है और वह हीन भावना से ग्रसित हो सकता है।

**ज्यादा डांटना या मारना**

हर छोटी बात पर डांटना या मारपीट करना बच्चे को डरपोक या विद्रोही बना सकता है। डर के कारण बच्चा अपनी बात खुलकर नहीं कह पाता।

**मोबाइल या टीवी का उपयोग**

जब बच्चा रोता या जिद करता है या उसे व्यस्त रखना होता है तो माता पिता बच्चे को टीवी या मोबाइल का उपयोग करने देते हैं। बच्चे को शांत करने के लिए बार-बार मोबाइल देना उसके विकास में बाधक बन सकता है। इससे उसका ध्यान कम लगता है और बातचीत की क्षमता भी प्रभावित होती है।

**भावनाओं को नजरअंदाज करना**

जब बच्चा उदास या परेशान हो, तो उसकी भावना को हल्के में लेना या टालना उसे अंदर से अकेला कर देता है। बच्चे के मनोभावों का समझें, न कि उसकी बातों को इग्नोर करें।

**ना कहना**

हर बात पर मना करना बच्चे में जिद्दीपन और विद्रोह की भावना पैदा कर सकता है। जरूरी है कि माता-पिता समझदारी से हां और ना का संतुलन रखें।

**ओवरप्रोटेक्टिव होना**

बच्चे को हर समय रोकना-टोकना या उसकी हर चीज में दखल देना, उसकी आत्मनिर्भरता को रोकता है। उसे खुद से चीजें समझने और अनुभव लेने का मौका देना जरूरी है।

**बच्चे के सामने झगड़ना**

माता-पिता के बीच का झगड़ा अगर बच्चे के सामने होता है तो उसका गहरा असर उसके मन पर पड़ता है। वह असुरक्षित महसूस करता है और तनावग्रस्त हो सकता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शनिवार, 24 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे द्वादशी तिथौ शनि वासरे 19/21/रेवती नक्षत्रे 13/49/ आयुष्मान योग 15/01/ कौलव करणे 08/56/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.13मि.49पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** महापंचक। पंचक समाप्त घं.13मि.49पर। शनि प्रदोष व्रत।

**मेष :** आराधना में रुचि। अध्ययन की प्रकृति रहेगी। अधिकारी वर्ग सहयोग प्राप्त होगा। नियमित आय में वृद्धि की संभावना बढ़ेगी।

**वृष :** शिक्षा का विकास होगा। इष्ट देव की उपासना से लाभ होगा। नौकरी में उन्नति की संभावना है। लाभ खर्च का संतुलन रहेगा।

**मिथुन :** कार्य सिद्धि होगी। गंभीरतापूर्वक किसी मामले को जांच परख कर देखना जरुरी होगा। व्यापार में कुछ खराब असर भी रहेगा। यथेष्ट लाभ होगा।

**कर्क :** उत्तरदायित्व पूरे होंगे। महत्वपूर्ण कार्य समय से पूरे कर लें। कुछ अतिरिक्त समस्याएं बनी रहेंगी। कार्य सिद्धि का प्रसंग है। अपने प्रयास व्यर्थ न गवाएं।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** सभी कार्य निष्पादित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य शीघ्र ही संपन्न कर ले। आगे समय ठीक नहीं है। परिवार में बेचैनी रहेगी।

**तुला :** पत्नी का परामर्श मानने में ही भलाई है। साहसिक कार्यों में विशेष संच रहेगी विवादित मामलों में सफलता मिलेगी। नए व्यक्ति के बहकावे में ना आएं।

**वृश्चिक :** किसी स्थाई आवश्यकता के लिए व्यय करेंगे। आपकी पदोन्नति होने की भी संभावना है। साथियों में असंतोष व्याप्त होगा।

**धनु :** व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। संबंधों में मधुरता रहेगी।

**मकर :** काम में रुकावट आएगी। इष्ट मित्रों का परिवार में समागम होगा। जीवन साथी के विचारों से असहमति होगी।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** महत्वपूर्ण परिचय तथा मौखिक आश्वासन का लाभ उठा सकते हैं। स्वयं की आवश्यकताओं पर व्यय करेंगे। स्वास्थ्य नरम होगा। काम में स्थिरता रहेगी।

### माइनर-2 विषयों की परीक्षा 25 को

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य, केन्द्राध्यक्ष प्रोफेसर ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया है कि बी.ए.बी.एस-सी. द्वितीय सेमेस्टर के एन.सी.सी., टैली, फोटोग्राफी के संस्थागत, बैक पेपर, श्रेणी सुधार के छात्र, छात्राओं की माइनर-2 की परीक्षा प्रातः 10 बजे से 25 मई को नेहरू महाविद्यालय केन्द्र में सम्पन्न होगी व बी.ए./बी.एस-सी. चतुर्थ सेमेस्टर के एन.सी.सी., फूड प्रोसेसिंग एव इण्टरप्यूरशिप के संस्थागत, बैक पेपर, श्रेणी के छात्र, छात्राओं की माइनर-2 की परीक्षा प्रातः 12 बजे से 25 मई को नेहरू महाविद्यालय केन्द्र में सम्पन्न होगी।

## खबर एक नज़र

### नवागत थाना प्रभारी ने कार्यभार संभालने के बाद क्षेत्र के पत्रकारों के साथ की शिष्टाचार बैठक



उरई : पत्रकारों के साथ बैठक करते प्रभारी निरीक्षक ।

**-हर संभव पुलिस पीड़ित की करेगी मदद प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह**

**रामपुरा(जालौन)।** नवागंतुक थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने आज थाना परिसर में पत्रकारों के साथ बैठक अपनी बात रखते हुए कहा कि अमन-चैन व आपसी भाईचारा कायम रखने के उद्देश्य से हर संभव प्रयास किए जाएंगे थाना प्रभारी रजत कुमार सिंह ने पत्रकारों से वार्तालाप करते हुए बताया कि क्षेत्र में जनता के साथ बेहतर समन्वय कर सुदृढ कानून व्यवस्था उनका पहला लक्ष्य रहेगा।साथ ही प्रभारी ने मीटिंग में पत्रकारों से कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य कानूनी प्रक्रिया के तहत हर पीड़ित को न्याय दिलाना होगा उन्होंने कहा कि क्षेत्र की घटनाओं से पुलिस को अवगत कराते रहे। जिससे क्षेत्र की जनता की सेवा की जा सके। और पीड़ितों को न्याय मिल सके। साथ ही पुलिस और पत्रकार को आपस में सामंजस्य बनाएं रखने का अनुरोध करते हुए सहयोग बनाएं रखने की बात कही। इस दौरान थाना प्रभारी ने एक-एक पत्रकारों से मिलकर उनका परिचय प्राप्त किया तथा पुलिस को हर संभव मदद करने की अपील की। जिससे भयमुक्त व अपराध मुक्त क्षेत्र व समाज का निर्माण हो सके।आज की बैठक में मौके संभ्रांत नागरिक पिंकी त्रिपाठी क्षेत्रीय पत्रकारों में वरिष्ठ पत्रकार विजय द्विवेदी, अमित कुमार पुरवार, राकेश कुमार, कुलदीप जाटव, महेंद्र गौतम, अंजनीकुमार, सौरव कुमार, नीतेश कुमार, स्नेहलता रायपुरिया आदि पत्रकार मौजूद रहे।

### एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण कर बच्चों को बांटे बिस्किट



कालपी : आंगनबाड़ी केंद्र चैक करते एसडीएम ।

कालपी(जालौन)। नैनिहलो के स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक स्तर की हकीकत को परखने के लिए उपजिलाधिकारी के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को बिस्कुट बाटकर उनसे संवाद स्थापित किया। शुक्रवार को महेवा विकासखंड के ग्राम बैरई में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सीडीपीओ करन अवस्थी के साथ उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने साफ़सफाई व्यवस्था परखी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में स्वच्छता बनाए रखने के पुख्ता प्रबंध किए जायें। उपजिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिये कि विभाग के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिये मिलने वाली सुविधाओं का पूरी तरीके से क्रियान्वित किया जाए। इस दौरान उन्होंने केंद्र के बच्चों को विस्कुट वितरण किये तथा बच्चों से बातचीत कर दुलार भी किया।

### पाकिस्तान से आई फेक कॉल में रूपयों की डिमांड

**0 पीड़ित पहुंचा थाना रामपुरा प्रभारी निरीक्षक से लगाई न्याय की गुहार**

**रामपुरा(जालौन)।** जनपद जालौन में पाकिस्तान से आई फेक कॉल में रूपयों की डिमांड करते हुए मोबाइल फेन धारक से अपने पुत्र को बलात्कार के केस से बचा लेने की नसीहत दी गई । रामपुरा थाना अंतर्गत इरफन पुत्र मरुलहक के मोबाइल नंबर 9621782520 पर सुबह लगभग 11रू50 बजे के आसपास मोबाइल नंबर 92 31062 97962 से कॉल आया कि तुम्हारा बेटा तनवीर एक बलात्कार के केस में अभियुक्त है यदि उसे बचाना चाहते हो तो तत्काल 70 हजार रुपए का बंदोबस्त करलो, लेकिन प्रशासन द्वारा लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का असर यह हुआ की इरफन अपना मोबाइल लेकर सीधा रामपुरा थाने पर पहुंच गए व एसएचओ रजत कुमार सिंह को पूरी बात बताई थाना प्रभारी ने रिसीब्ड काल चेक करते ही बताया कि यह पाकिस्तानी नंबर से आई फेक कॉल है ,घबराने की जरूरत नहीं है। थाना प्रभारी रामपुरा इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह ने थाना क्षेत्र के सभी लोगों को जागरूक करते हुए आगाह किया है कि इस प्रकार की फेक कॉल के झांसा में ना आएं ।आवश्यकता पड़ने पर पुलिस की मदद लेकर साइबर ठगी का शिकार होने से बचें।

### निर्विरोध अध्यक्ष रमेश कुमार झां आदि का फूलमालायें पहनाकर किया सम्मान

**ललितपुर।** कचहरी प्रांगण में जिला झां समाज के निर्विरोध अध्यक्ष रमेश



कुमार झां एवं रामचरण झां, उपाध्यक्ष शिवलाल झां, महामंत्री रघुवीर प्रसाद झां के कोषाध्यक्ष चुने जाने पर इष्टमित्र एवं समाज के लोगों द्वारा पदाधिकारियों का फूल मालायें पहनाकर स्वागत कर सम्मान किया गया। समारोह का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता रामकिशन कुशवाहा एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर गणेशराम रजक, रामस्वरूप नामदेव अनुरागी, किशन सिंह बंजारा, कवि ब्रजेश श्रीवास्तव, रोहित राजपूत मोनू, प्रमोद रजक एवं झां समाज के रज्जन लाल झां अखिल भारतीय महासभा के अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नव निर्वाचित अध्यक्ष रमेश कुमार झां ने अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ ली और कहा कि वह समाज सेवा के लिये सदैव तत्पर रहेंगे व उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

### लापता पुत्री को बरामद करने हेतु एसपी को दिया शिकायती पत्र

ललितपुर। समस्त झां समाज ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराया कि सदर कोतवाली अंतर्गत मुहल्ला आजादपुरा निवासी अरविंद झां की 16 वर्ष पुत्री कु. रितिका झां बीती 12 मई को घर से कोचिंग के लिये गई थी, किन्तु वह सायं तक घर नहीं पहुंची और रात्रि तक भी उसका कोई पता नहीं चला, तब अरविंद झां ने कोतवाली को उसकी सकुशल बरामदगी हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था, लेकिन कु. रितिका का पता नहीं चल सका व उसे रिश्तेदारों एवं आसपास के शहरों में मालूम कर लिया है किन्तु आज तक उसका कोई पता नहीं चला। समस्त झां समाज ने मांग की है कि यदि तीन दिवस तक समस्या का समाधान नहीं हुआ तो झां समाज द्वारा अनशन किया जायेगा। शिकायती पत्र पर विकास झां, रमेश कुमार झां, मन्नूलाल झां, लक्ष्मण प्रसाद, राजेश झां, अरविन्द झां, रीना, राजेश, रामचरन, अरविन्द झां, महेन्द्र झां, सुनील कुमार, सोनू झां आदि के हस्ताक्षर मौजूद थे।

## हत्या के आरोपी की कोतवाली में मेहमाननबाजी से भड़के परिजनों ने कलेक्ट्रेट में काटा हंगामा



उरई : मृतक सोनू के परिजनों से वार्ता करती सीओ सदर अर्चना सिंह ।

**उरई(जालौन)।** शुक्रवार को उस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में अच्छा खासा हंगामा खड़ा हो जब वहां पर ग्राम चक जगदेवपुर के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे जहां उन्होंने मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिया। इसके बाद वहां पर अन्य लोग भी जा पहुंचे। हालांकि नगर मजिस्ट्रेट आक्रोशित लोगों की बात सुनने के लिये पहुंचे लेकिन लोग संतुष्ट नहीं हुये तो उन्होंने सीओ सदर को मामले से अवगत कराया इसके बाद सीओ सदर पहुंची और उन्होंने पीड़ित लोगों की बातों को गंभीरता से सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि

**■ सीओ सदर ने मौके पर पहुंच पीड़ित परिजनों को दिया निष्पक्ष जांच का आश्वासन**

**■ नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी में शिथिलता बरतने का पुलिस पर जड़ा आरोप**

सोनू की हत्या में पुलिस जांच चल रही है एक नामजद आरोपी को हिरासत में लिया गया है जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। इस पर आक्रोशित लोगों का कहना था कि कई दिनों से पुलिस घटना में नामजद आरोपी की कोतवाली में मेहमान नवाजी करा रही है उसे तत्काल जेल भेजा जाये।

गौरतलब हो कि गत दिवस सदर कोतवाली क्षेत्र के चक जगदेवपुर निवासी सोनू पुत्र शिवनारायन दोहरे का सड़क किनारे झाड़ियों में शव मिलने के मामले में मृतक की पत्नी द्वारा दी गयी तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली थी साथ ही एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया था लेकिन उसे जेल न भेजने से मृतक युवक के परिजनों व रिश्तेदार शुक्रवार को डीएम कार्यालय जा पहुंचे जहां पर उन्होंने हंगामी नारेबाजी करते हुये कहा कि उरई कोतवाली पुलिस नामजद आरोपी को कोतवाली में कई दिनों से मेहमाननवाजी कराने का आरोप लगाते हुये कहा कि कोतवाली पुलिस घटना को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास कर रही है। जब तक सभी नामजद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार जेल भेजा जाये। उक्त जानकारी जैसे ही सीओ सदर अर्चना सिंह को पता चली तो मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को निष्पक्ष जांच के साथ आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर ग्रामीण वहां से गांव के लिये जाने को राजी हुये।

## नर्स द्वारा लगाया गया गलत इंजेक्शन बना मौत का कारण



उरई : गलत इंजेक्शन से गर्भवती महिला की मौत पर हंगामा करते परिजन ।

**0 परिजनों ने सड़क पर शव रखकर लगाया जाम**

**कोंच(जालौन)।** एक नर्स द्वारा गर्भवती महिला को गलत इंजेक्शन लगा दिया जिससे कुछ ही मिनटों में उसकी मौत हो गयी जिस पर परिजनों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया।

थाना नदीगांव के बार्ड नम्बर 6 निवासी संजीब यादव की पत्नी साधना उम्र करीब 22 बर्ष करीब 6 माह के गर्भ से थी और जब उसके पेट मे दर्द हुआ तो नगर के चन्दकुआँ स्थित एक प्राइवेट अस्पताल पर दिखाने के लिए संजीब यादव लाया जिस पर अस्पताल में कार्यरत नर्स ने इलाज के लिए उसे गांधी नगर स्थित नसरीन नर्स के यहां जाने की सलाह दी और करीब 11 बजे नर्स के घर पहुंचकर चेकप कराया और 3.30 बजे नर्स ने साधना को इंजेक्शन लगाया इंजेक्शन लगने के 5 मिनट बाद ही उसकी हालत बिगड़ गयी और बेहोशी की हालत में नर्स की सलाह पर परिजन झांसी के लिए चल दिये लेकिन कोंच नगर की सीमा समाप्त होने के पहले ही गर्भबती महिला की मौत हो गयी जिस पर परिजनों ने मार्कण्डेश्वर तिराहे पर शव रखकर धरने पर बैठ गए सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंच गई और विधिक कार्यवाही में जुट गई वहीं बताया जा रहा है कि मृतका की दो बेटी राशि उम्र करीब 3 बर्ष व प्राची उम्र करीब डेढ़ वर्ष है।

## भाजपा ने आपरेशन सिन्दूर की सफलता पर शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली



उरई : शौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपाई ।

**उरई(जालौन)।** आज भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में सटीक आपरेशन सिन्दूर की सफलता पर गर्व करते हुए जिला जालौन के उन्नीस मंडलों में लगातार भाजपा जिला जालौन की जिलाअध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित के आदेश से भारतीय सेना शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज शहर उरई के झांसी रोड स्थित जे के हाउस से रामनगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन भाजपा नगर उरई अध्यक्ष (द्वितीय) अमित समाधिया जी के निर्देशन में किया गया। इस तिरंगा यात्रा की संयोजक भाजपा महिला मोर्चा नगर उरई द्वितीय अध्यक्ष सीमा सिंह जादौन रहीं। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा जिला जालौन के पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र विक्रम सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ नवाबसिंह जादौन, भाजपा नगर अध्यक्ष अमित समाधिया, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र दाऊ सभासद, नगर उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पाल , राजीव मिश्रा, प्रशान्त तिवारी, अनिल चतुर्वेदी, संतोष गोस्वामी, राकेश राजावत, पूर्व सभासद अनुराग दाऊ, विजय रावत, राकेश प्रजापति, अरुण प्रताप सिंह राजू टिमरों, नरेश सिंह पप्पू ठाकुर, सभासद प्रतिनिधि अभिषेक राम, हरिमोहन सोलंकी, मुकेश सक्सेना, भाजपा जिला महामंत्री श्री विवेक कुशवाहा जी तथा संघ जिला महिला प्रमुख श्रीमती रचना श्रीवास्तव, अनीता सोलंकी, माधुरी भदौरिया, गरिमा पाठक, संगीता पाठक, शिव्या श्रीवास्तव, राशि राजपूत, मुस्कान श्रीवास, मोंटी वर्मा, सहकार भारती जिला जालौन महिला प्रमुख श्री मती सुमन गोस्वामी एवं भाजपा महिला मोर्चा नगर उरई द्वितीय अध्यक्ष सीमा सिंह जादौन अपनी टीम सहित हिंदुस्तान जिंदाबाद जैसे गगनभेदी नारों को लगाते हुए सैकड़ों राष्ट्र प्रेमी तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए थे।

### किशोरी को भगाने के आरोप में युवक को दबोचा

जालौन। घर से बाजार के लिए निकली किशोरी लगभग एक माह से लापता थी। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने आरोपी युवक को बंगरा रोड से पकड़कर न्यायालय में पेश किया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 17 वर्षीय बेटी बीती 26 अप्रैल की दोपहर 12 बजे जालौन जाने की बात कह कर घर से निकली थी। जब वह शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश की। कई दिनों तक तलाश करने के बाद भी उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि उनकी बेटी को शिवम निवासी भिटारा अपने साथ भगा ले गया है। पुलिस मामले में युवक की तलाश कर रही थी। शुक्रवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी युवक बंगरा रोड पर छहपुला के पास कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

### एसडीएम के साथ अधिकारियों ने तरीबुल्दा बालू खनन क्षेत्र की जांच की



कालपी : कालपी में खनन क्षेत्र का निरीक्षण करते एसडीएम,जिला अधिकारी, सीओ व अन्य ।

**कालपी (जालौन)।** शुक्रवार को यमुना नदी के कालपी तरीबुल्दा बालू खनन घाट का विभागीय कर्मचारियों व जिला खनिज अधिकारी के साथ उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के द्वारा औचक निरीक्षण किया तथा खनन क्षेत्र की हकीकत परखी गई।

विदित हो कि पिछले महीने से कस्बा कालपी के यमुना नदी के किनारे स्थित तरीबुल्दा बालू खनन क्षेत्र में ठेकेदार कंपनी के द्वारा खनन का कार्य शुरू किया गया है। कतिपय व्यक्तियों के द्वारा खनन क्षेत्र में अनियमितता को लेकर शिकायत प्रस्तुति गई थी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन के अनुरूप शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, जिला खनन अधिकारी जीपी दत्ता, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, क्षेत्रीय लेखपाल जितेंद्र कुमार, राजस्व एवं खनन विभाग की कर्मचारियों के साथ टीम स्थलीय निरीक्षण करने के लिये खनन क्षेत्र में पहुंचे। संयुक्त रूप से अधिकारियों के द्वारा तरीबुलदा बालू खनन क्षेत्र का अभिलेखों तथा मानचित्र के आधार पर स्थलीय निरीक्षण करके नाप-जोख कराई गई। जांच के दौरान बालू खनन का कार्य उचित पाया गया। अधिकारियों की टीम के द्वारा जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है।

### लकड़ी ले जाने से रोकने पर दबंग ने कर दी मारपीट

**कोंच(जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सदूपुरा निवासिनी संजय कुमारी पत्नी कमलेश कुमार ने दिन शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना दिनांक 22 मई 2025 की सुबह की है जब बीती रात्रि आंधी से खेत पर खड़ा सिरस के पेड़ की लकड़ी टूट कर गिर गयी और उस लकड़ी को ग्राम का ही निवासी गोले पुत्र रतीराम ले जा रहा था जिसे रोकने पर गोले व उसकी पत्नी सुनीता व पुत्र राघवेंद्र व गोपाल ने गाली गलौच करते हुए मुझे मारापीटा और मेरा पति जब बचाने आया तो उसे भी डंडों से मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए जिसकी शिकायत दिनांक 22 मई 2025 को थाना नदीगांव पुलिस से की जिस पर पुलिस ने मेरा व मेरे पति का मेडीकल करवाया लेकिन उक्त लोगों के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की संजय कुमारी ने सी ओ से रिपोर्ट दर्ज कराकर उक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## इटावा के विक्रम के रूप में हुई जगम्मनपुर में नीम से लटके शव की शिनाख्त

**– ग्राम छौना निवासी सगे फूफा के घर से 28 अप्रैल को निकला था विक्रम**

**रामपुरा(जालौन)।** जालौन। रामपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा जगम्मनपुर में नीम के पेड़ से फांसी पर लटके मिले अज्ञात शव की शिनाख्त विक्रम निवासी मलेपुरा जिला इटावा के रूप में हुई है।

रामपुरा थाना अंतर्गत कस्बा जगम्मनपुर में किला के सामने नजर बाग में पश्चिम उत्तर की बाउंड्री पर खड़े नीम के पेड़ से 16 मई को फांसी पर लटकता हुआ एक अज्ञात शव मिला था जिसकी शिनाख्त ना हो पाने के कारण लोगों में कौतूहल बना हुआ था आखिर इस जंगल में पेड़ से फांसी पर लटका हुआ युवक कौन हो सकता है , अंतोगत्वा शव की शिनाख्त विक्रम पुत्र अरविंद उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी ग्राम मलेपुरा थाना लवेदी जिला इटावा के रूप में हो गई है। मृतक के पिता



अरविंद से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि मेरे तीन पुत्र क्रमशः विकास ,विक्रम व सचिन है। विक्रम इंटरमीडिएट तक प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण बहुत बुद्धिमान लड़का था एवं अपने स्वजनों के साथ कर्नाटक में पानी पुरी का धंधा करता था। इसके साथ ग्राम छौना थाना रामपुरा निवासी राजेश पुत्र बाबूराम के पुत्र भी कर्नाटक में पानी पुरी का धंधा करते हैं। राजेश पुत्र बाबूराम मृतक विक्रम के सगे फूफा है इसलिए यह अपनी बुआ फूफा एवं फुफेरे भाई भूरे नेता से मिलने ग्राम छौना जिला जालौन गया था। दिनांक 28 अप्रैल को दिन में 10:30 बजे एक लड़का मोटरसाइकिल से विक्रम को जगम्मनपुर में पंचनद तिराहे के पास टेंपो स्टैंड पर छोड़ गया था। इसके बाद से विक्रम का कहीं पता नहीं चला। काफी खोजबीन करने के बाद पिता अरविंद ने हताश होकर अपने बड़े बेटे विकास को सूचना देकर कर्नाटक से घर आने को कहा । दिनांक 16 में को जगम्मनपुर में नीम के पेड़ से लटके मिले अज्ञात शव की जानकारी मिलने पर विकास सीधा थाना रामपुरा पर आया और उसने कपड़ों व जेब में मिले कागजातों के माध्यम से अपने भाई विक्रम के रूप में शिनाख्त करके शव का अंतिम संस्कार किया है। विक्रम की मृत्यु पर पिता अरविंद ने कुछ भी बता पाने में असमर्थता व्यक्त करते हुए कहा कि क्या हुआ, कैसे हुआ उसने आत्महत्या क्यों कर ली इस संबंध में हमें कुछ भी पता नहीं है। विक्रम की मृत्यु से पूरे घर में मातम पसरा हुआ है।

## महाविद्यालय में 45 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित



**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में चल रही बुंदेलखंड विश्वविद्यालय परीक्षा में प्राचार्य केन्द्राध्यक्ष प्रोफेसर ओमप्रकाश शास्त्री के निर्देशन में प्रथम पाली में बी.एस.सी. कृषि द्वितीय सेमेस्टर, बी.बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर, बी.सी.ए. द्वितीय सेमेस्टर बी.ए. छठवां, एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर समाजशास्त्र, इतिहास, शारीरिक शिक्षा, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, संस्कृत में छात्रांकन 1115 के सापेक्ष 1080 छात्र, छात्राएं उपस्थित हुए एवं 35 छात्र, छात्राएं अनुपस्थित रहे व द्वितीय पाली में एल.एल.बी. छठवां सेमेस्टर, एम.एस-सी. रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान में छात्रांकन 104 के सापेक्ष 98 छात्र, छात्रायें उपस्थित हुए एवं 6 छात्र अनुपस्थित रहे एवं तृतीय पाली में एम.ए. अर्थशास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान, संस्कृत, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी द्वितीय सेमेस्टर में छात्रांकन 325 के सापेक्ष 321 छात्र, छात्रायें उपस्थित रहे व 4 छात्र, छात्राएं अनुपस्थित रहे। इस प्रकार तीनों सत्रों की परीक्षा में छात्रांकन 1544 के सापेक्ष 1499 छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे और कुल 45 छात्र, छात्राएं अनुपस्थित रहे। परीक्षा सम्पन्न कराने में प्राचार्य, केन्द्राध्यक्ष ओमप्रकाश शास्त्री, प्रोफेसर अनिल सूर्यवंशी, डॉ. रामकुमार रिछारिया, डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. अरिमर्दन सिंह, धीरेंद्र तिवारी, डॉ. सुभाष जैन, डॉ. ओ.पी.चौधरी, डॉ. बलराम द्विवेदी, डॉ. रोहित वर्मा, फहीम बख्श, अंकित चौबे आदि ने सहयोग प्रदान किया।

### योजनाओं का भौतिक सत्यापन हेतु विशेष सचिव आज जनपद आयेंगे दो दिवर्षीय दौरे पर

ललितपुर। विशेष सचिव रेशम विकास एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन सुनील कुमार वर्मा आई.ए.एस. का जनपद में नोडल अधिकारी के रूप में प्रमुख स्टाफ ऑफीसर मुख्य सचिव शासन के आदेश के आदेशानुसार ललितपुर जनपद में योजनाओं का भौतिक सत्यापन हेतु आज 7.15 बजे सर्किट हाउस में उनका आगमन होगा व 10 बजे जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल योजना तथा गो आश्रय स्थल एवं 50 करोड़ से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं के विषय में संबंधित अधिकारियों के साथ वार्ता करेंगे व भौतिक सत्यापन हेतु स्थलीय निरीक्षण करेंगे, इसी तरह 25 मई को 10 बजे जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना तथा गो आश्रय स्थल एवं पचास करोड़ की लागत वाली परियोजनाओं का भौतिक, स्थलीय निरीक्षण करने के बाद वह रेल द्वारा लखनऊ के लिये प्रस्थान करेंगे।

### सांसद अनुराग शर्मा ने बिजली संकट को लेकर ऊर्जा मंत्री को भेजा पत्र

**ललितपुर।** झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा ने क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर उत्तर प्रदेश के ऊर्जा विभाग के कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि झाँसी-ललितपुर क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी हिस्सों में लगातार बिजली कटौती, कम वोल्टेज और अनियमित आपूर्ति की शिकायतें निरंतर प्राप्त हो रहीं हैं, जिससे आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यह समस्या न केवल जनजीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल आपूर्ति, किसानों की सिंचाई व्यवस्था, विद्यार्थियों की पढ़ाई, व्यापारिक गतिविधियों व छोटे उद्योगों पर भी प्रतिकूल असर डाल रही है, जिस पर तत्काल कार्यवाही किये जाने की मांग की है व स्थानीय विद्युत अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएं ताकि वह समयबद्ध, पारदर्शी और जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें व राज्य स्तर से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन विद्युत आपूर्ति की समीक्षा की जाए, जिससे निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके एवं उपभोक्ताओं को बिजली कटौती के पूर्व सूचना दी जाए और शिकायत निवारण प्रणाली को अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाया जाए व इस गंभीर जनसमस्या को प्राथमिकता पर लेकर शीघ्र समाधान किया जाये, जिससे क्षेत्र की आम जनता को राहत मिल सके।

### अपर मुख्य सचिव आज जनपद में

**ललितपुर।** अपर मुख्य सचिव आर्थिक सलाहकार डॉ. के.वी. राजू का आज पूर्वान्ह 9.15 पर जिलाधिकारी आवास पर आगमन होगा उसके बाद 10 बजे वाया ललितपुर से सैदपुर फार्मा पार्क के लिये प्रस्थान करेंगे व 11 से 12 बजे तक फार्मा पार्क, सैदपुर ललितपुर का भ्रमण एवं चर्चा करेंगे व 1 बजे अपरान्ह मुख्यालय पर 1 से 2 बजे अपरान्ह तक आरक्षित व 2 बजे अति विशिष्ट अतिथि गृह नैमिषारण्य लखनऊ के लिये प्रस्थान करेंगे।

# समय से पूर्ण कराएं कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही-रीभा


बांदा : बैठक को संबोधित करती जिलाधिकारी ।

**बाँदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जहां डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि समय से कब्जा परिवर्तन का कार्य कराएं। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा ने चकबन्दी अधिकारियों एवं सहायक चकबन्दी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन 40 गॉवों में चकबन्दी का कार्य किया जा रहा है, उसमें धारा-9, पडताल का कार्य एवं कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रतिदिन चकबन्दी लेखपालों एवं कर्मियों के द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा करते हुए चकबन्दी कार्य में तेजी लायें। उन्होंने ग्रामवार चकबन्दी के कार्यों की समीक्षा करते हुए हटेटी पुरवा में धारा-9 के पश्चात प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई का कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम लोहरा में धारा-20 का कार्य पूर्ण करते हुए अगले माह तक प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने चकबन्दी अधिकारियों को निर्देश दिये कि चकबन्दी कार्य में गॉवों के भूमि विवाद, चकरोड एवं भूमि सम्बन्धी पैमाइश आदि के विवाद समाप्त करते हुए चकबन्दी कार्यों को पूर्ण करायें। उन्होंने पडताल एवं कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाये जाने के निर्देश चकबन्दी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक/उप संचालक चकबन्दी माया शंकर, अतिरिक्त मजिस्टेªट इरफानउल्ला खॉ एवं चकबन्दी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- **चकबंदी की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश**
- **जनपद के दर्जनों गांव में चल रहा है चकबंदी का कार्य**

## चोरी के माल सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देश में अपराध नियंत्रण एंव वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिवांर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं. 91/2025 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण ज्ञानेन्द्र सिंह उर्फ नंदू पुत्र कमल सिंह व अंसारी उर्फ बउवा पुत्र सुबराती निवासीगण ग्राम बांधुर बुजुर्ग थाना बिवांर जनपद हमीरपुर को बिवांर जलालपुर मार्ग पर स्थित बडी नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्तगण की निशादेही पर चोरी किये माल (गेहूं) 2 कुन्तल 71 किलो 0.08 ग्राम को बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में वैधानिक कार्यवाही करते हुये चालान सम्बन्धित न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ज्ञानेन्द्र सिंह उर्फनंदू पुत्र कमल सिंह व .अंसारी उर्फ बउवा पुत्र सुबराती निवासीगण ग्राम बांधुर बुजुर्ग थाना बिवांर जनपद हमीरपुर के कब्जे से गेहूं 2 कुन्तल 71 किलो 0.08 ग्राम (10 बोरियों में) बरामद हुआ है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जगतनारायण, उपनिरीक्षक अंकित कुमार, कांस्टेबल हरिनन्दन सिंह, छोटेलाल शामिल रहे।

# अवैध खनन पर कार्यवाही का जबर्दस्त एक्शन


बांदा : खदान में छापेमारी करते अधिकारी ।

**बांदा।** अवैध खनन पर एक बार फिर डीएम ने कार्यवाही की जबर्दस्त स्ट्राइक कराई है। एडीएम तथा एडीशनल एसपी ने सदर तहसील के अंतर्गत हटेटीपुरवा खदानों में औचक छापेमारी की। मौके पर जहां अवैध खनन पाया गया वही कई ओवरलोड ट्रक भी पकड़े गए। जिनके विरुद्ध सीज की कार्यवाही की गई है। वहीं खदान संचालकों पर डीएम ने 39 लाख से अधिक का जुर्माना ठोका है।

गौरतलब हो कि अवैध खनन के अलावा ओवरलोड वाहनों पर डीएम जे0 रीभा की सख्ती लगातार जारी है। उन्होंने साफतौर पर निर्देश दिए है कि जनपद में किसी भी दशा में अवैध खनन तथा ओवरलोड परिवहन होने नहीं दिया जाएगा। लेकिन डीएम की सख्ती के बावजूद खदान संचालक अपनी हरकतों के बाज नहीं आ रहे है। यहीं नहीं वह लोकेशन के लिए खदान से लेकर पूरे जिले में अपना जाल भी बिछाए हुए है। अगर कोई अधिकारी रूट पर निकले तो इस बात की सूचना उन्हें तत्काल लोकेशनबाजों के द्वारा दे दी जाती है। जिससे वह अधिकारियों के पहुंचने से पहले सब मेनटेन कर लेते है। वहीं अधिकारियों को सूचना के बावजूद खाली हाथ लौटने के लिए विवश होना पड़ता है। लेकिन इस बार हटेटीपुरवा के पट्टाधारक गच्चा खा गए। एडीएम राजेश कुमार, एडीशनल एसपी शिवराज देर रात पहुंचे। जहां मौके पर उन्हें अवैध खनन होता मिला। इधर अवैध खनन पाए जाने पर डीएम ने खदान संचालकों पर 39 लाख से अधिक का जुर्माना ठोका है। बता दे कि जिलाधिकारी जे0 रीभा द्वारा जनपद में बालू/मोरम के खनन पट्टा/खनन अनुज्ञा-पत्र खनन क्षेत्रों की संयुक्त रूप से जांच हेतु निर्देश दिए गए। जिसके क्रम में संयुक्त टीम द्वारा निम्न खनन पट्टा क्षेत्र की जांच/माप की गई।

जिस पर जांच किए गए खनन पट्टा में अनियमितता पाई गई। जिसमें ग्राम हटेटीपुरवा के गाटा संख्या-3061मि (खण्ड संख्या-01) कुल रकबा 4.048 हे0, जो वेण्टी टेªडिंग प्राइवेट लि0 जो दीप शर्मा पुत्र गिरीश कुमार शर्मा निवासी पुरानी अवदेशपुरी कमला नगर जिला अगरा के पक्ष में स्वीकृत है की संयुक्त जांच राजस्व विभाग व खनिज विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को की गई। जांच में पाया गया कि पट्टाधारक द्वारा स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर 1896 घन मी0 बालू/मोरम का अवैध खनन/परिवहन किया जाना पाया गया। उक्त के अतिरिक्त पांच अवैध परिवहन/ओवरलोडिंग में संलिप्त वाहन ग्राम हटेटीपुरवा खण्ड सं0-01 के कांटे के आगे पाए गए जिसे जिलाधिकारी के अग्रिम ओदशों तक थानाध्यक्ष कोतवाली नगर की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया है। पट्टाधारक द्वारा किए गए उक्त कृत्य के संबंध में 18 लाख 31 हजार 400 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

इसी तरह ग्राम हटेटीपुरवा के गाटा संख्या-3061मि (खण्ड सं0-01) कुल रकबा 3.644 हे0 जो ग्लिंट ट्रेडिंग प्रा0 लि0 राशिद अली पुत्र शमीम अहमद निवासी जिन्दोपुर ठेमका आजमगढ़ के पक्ष में स्वीकृत है। की संयुक्त टीम द्वारा जांच की गई तो जांच में पाया गया कि पट्टाधारक द्वारा स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र से 2383 घन मी0 बालू/मोरम का अतिरिक्त खनन/परिवहन किया जाना पाया गया। पट्टाधारक द्वारा किए गए उक्त कृत्य के संबंध में 21 लाख 44 हजार 700 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किए जाने हेतु नोटिस निर्गत करने की कार्यवाही की गई।

- **एडीएम तथा एडीशनल एसपी ने देर रात दो खदानों में मारा छापा**
- **अवैध खनन के साथ मौके से पकड़े गए कई ओवरलोड ट्रक**

## खबर एक नज़र

### अवैध शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**राजापुर, चित्रकूटः** अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना राजापुर के उपनिरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह व उनके हमराही आरक्षी शाकिर अली ने आरोपी बरमदीन निवासी ग्राम टिकरा सिरावल थाना राजापुर को 10 लीटर कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### नाबालिग से दुराचार के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**चित्रकूट ब्यूरोः** नाबालिग लड़की के साथ दुराचार करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश ने आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीती सात जनवरी 2019 को एक व्यक्ति ने रैपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी नाबालिग बेटी के साथ अगरहुण्डा गांव के निवासी सुखराम उर्फसुखउवा ने बुरा काम किया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी सुखराम उर्फ सुखउवा को 10 वर्ष कठोर कारावास और 10,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### मारपीट के मामले में दोनों पक्षों को कोर्ट ने सुनाई सजा

**चित्रकूट ब्यूरोः** पचोखर गांव में लगभग 14 वर्ष पहले दो पक्षों में मारपीट के मामले में न्यायालय ने निर्णय सुनाया है। जिसमें दोनों पक्षों के 25 आरोपियों को सजा सुनाई गई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 13 जुलाई 2011 को पचोखर गांव के धर्मराज उर्फधर्मा ने पहाड़ी थाने में गांव के ही दूसरे पक्ष के विरुद्ध अपने परिवार के लोगों को लाठी-डंडों से मारने और इसमें एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत होने का मामला दर्ज कराया था। इसी प्रकार इसी विवाद में दूसरे पक्ष के बबुली ने भी अपने परिवार पर हमला होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किए थे। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद शुक्रवार को अपर जिला जज अनुराग कुरील ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें धर्मराज उर्फ धर्मा द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पचोखर गांव के निवासी चुनकौना उर्फ रामकेश, मौलवी उर्फ वीरेन्द्र व माताबदल को पांच-पांच सश्रम कारावास के साथ सात-सात हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। साथ ही दौनत, गनेश उर्फ गनेशी, राजकरण, सहदेव, राजबहादुर व बबुली को तीन-तीन वर्ष कारावास और दो-दो हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। इसी प्रकार दूसरे पक्ष के बबुली द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पचोखर गांव के ही निवासी कुबेर, धर्मराज उर्फ धर्मा, राखेलावन उर्फ खेल्ला, सुंदरलाल, नत्थू, जौहरी, मनीवां, छेदीलाल, शिवमोहन, श्रीपाल, बिट्टी, संगीता, सुखमनिया, चुनकीवा, शिवकुमारी, रामलली को दो-दो वर्ष कारावास की सजा सनाई गई।

### अज्ञात शव बरामद

**मऊ, चित्रकूटः** तहसील अंतर्गत एक अज्ञात बच्चे का शव यमुना पुल के पास मिलने से हड़कम्प मच गया। पुलिस शव को बरामद कर शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। मऊ तहसील अंतर्गत यमुना पुल में शुक्रवार को नदी में एक अज्ञात बच्चे का शव नजर आया। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। इस सम्बन्ध में मऊ थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि नदी से लगभग 10 वर्षीय एक अज्ञात बच्चे का शव बरामद किया गया है। जिसकी शिनाख्त के लिए प्रयास किए जा रहे है।

# काली फिल्म लगाकर चलना पड़ेगा महंगा

- **वाहनों में लगी काली फिल्म के हटवाए जाने के एसपी ने दिए निर्देश**
- **एसपी के एक्शन के बाद यातायात पुलिस का दिया**


बांदा : अभियान के दौरान चेकिंग करते यातायात प्रभारी ।

**बांदा।** काली फिल्म लगाकर चलना अब महंगा पड़ेगा। एसपी ने निर्देश दिए है कि जिन वाहनों में काली फिल्म लगी पाई जाए तो उन वाहनों से फिल्म उतराने के साथ कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। एसपी के एक्शन के बाद यातायात पुलिस का रिएक्शन भी देखने को मिला। अभियान चलाकर यातायात पुलिस ने दर्जनों वाहनों की फिल्मे उतराई। साथ ही कार्यवाही भी की।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने तथा अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को यातायात पुलिस द्वारा जनपद में वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्म के विरुद्ध एक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें चारपहिया वाहनों मे अवैध रुप से लगी लगी काली फिल्मों को हटवाया गया और वाहन चालकों को काली फिल्म के दुष्परिणामों व कानून प्रावधानों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया। साथ ही आम जनमानस से भी अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन करें एवं अपने वाहनों में किसी भी प्रकार की काली फिल्म ना लगाए तथा जनपद में यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें। एसपी पलाश बंसल ने कहा कि वाहनों में फिल्म लगाकर अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे है। जिसको लेकर उनके द्वारा वाहनों की फिल्म उतराए जाने के निर्देश दिए गए है। कहा कि जिन वाहनों में फिल्म लगी पाई गई तो तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

## फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के लौली टीकामऊ गांव निवासी 22 वर्षीय शीलू उर्फ बड़कू पुत्र राजबहादुर ने शुक्रवार दोपहर मवेशी बाड़ा में रस्सी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। शाम को मवेशी लेकर घर लौटे पिता ने शव देखा तो चीख पड़ा। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के चाचा बबलू यादव ने बताया कि शीलू के दिल की बीमारी से परेशान था। उसका इलाज भी चल रहा था। डाक्टरो ने दिल मे छेद होने की उसे जानकारी दे दी। जानकारी मिलते ही वह मानसिक अवसाद में चला गया था। इसी से परेशान हो कर उसने यह घटना अंजाम दी। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। पिता किसानी करता था। शीलू भी उसके साथ खेती मे हाथ बटाता था। अचानक हुई इस घटना से मां भगवती देवी समेत परिजनो का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

# ऑपरेशन सिंदूर में सक्रियता के जरिए डॉ उदित ने बढ़ाया चित्रकूट का गौरव



चित्रकूट ब्यूरोः गौतमबुद्ध नगर में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के रूप में कार्यरत धर्मनगरी के मानिकपुर क्षेत्र के सकरौंहा गांव के मूल निवासी डॉ उदित नारायण पाण्डेय को आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना को समय से वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि विगत दिनों भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी टीम द्वारा भारतीय सेना की 509 सेना सेवा कोर बटालियन को समय से वाहनों की उपलब्धता कराई गई थी। जिसके लिए बटालियन के कमान्डिग ऑफीसर कर्नल सुमित शर्मा द्वारा उन्हें भारतीय सेना की मदद करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ उदित ने भारतीय सेना द्वारा प्रदान किए गए इस प्रशस्ति पत्र के लिए धन्यवाद दिया है।

उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए अत्यन्त गर्व का विषय है। यह प्रशस्ति पत्र उनकी टीम के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और भारतीय सेना के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऑपरेशन सिन्दूर जैसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील अभियान में उनकी टीम द्वारा दी गई सेवाओं को भारतीय सेना द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर मान्यता देना अत्यंत प्रेरणादायक है। इस प्रशस्ति पत्र ने उनकी टीम के प्रयासों को और अधिक सार्थक बना दिया है। कहा कि वह भारतीय सेना के साथ सहयोग करने के अवसर को अत्यंत मूल्यवान मानते हैं और भविष्य में भी इसी प्रकार की उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कहा कि वह व उनकी टीम सदैव राष्ट्रीय सुरक्षा और सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

# लाखों नगदी के साथ पकड़े गए दो जालसाज



बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़े गए जालसाज ।

**बांदा।** मुनाफे का लालच देकर फर्जी ढंग से ग्रुप बनाकर बीसी चलाने वाले दो जालसाजों को पुलिस ने पकड़ा है। उनके पास से साढ़े चार लाख की नगदी भी बरामद हुई है। गिरफ्तार करने के बाद अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में शुक्रवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा कम्पनी बनाकर लाभ का लालच देकर ठगी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अलीगंज की रहने वाली अफरोज पत्नी आरिफ द्वारा थाना कोतवाली नगर पर आरजेएस निधि प्राफिट लिमिटेड नामक कम्पनी व बीसी ग्रुप बनाकर लाभ का लालच देकर स्वयं के साथ ठगी करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दी गई थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए। प्रकरण में विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा शुक्रवार को दोनों अभियुक्तों को नवाब टैंक अतर्रा रोड से गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 4.5 लाख रुपये बरामद हुए है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह आरजेएस निधि प्राफिट लिमिटेड नामक कम्पनी व बीसी ग्रुप बनाकर लोगों को लाभ का लालच देकर पैसे जमा कराते थे तथा बाद में कार्यालय बन्द करके भाग गये। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम शीबू पुत्र यूसुफ खान निवासी निम्नीपार थाना कोतवाली नगर तथा जासिम उर्फ अब्दुल रहमान पुत्र जुनैद रहमान निवासी मर्दननाका थाना कोतवाली नगर बताया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक परवेज अहमद, आरक्षी फिरोज अंसारी, अखिलेश कुमार शामिल रहे।

- **मुनाफे का लालच देकर अभियुक्त चलाते थे बीसी का ग्रुप**
- **गिरफ्तार कर पुलिस ने अभियुक्तों को भेजा जेल**

# प्रभारी एसपी ने परेड़ की सलामी लेकर किया निरीक्षण



**चित्रकूट ब्यूरोः** प्रभारी पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक सुधार के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया।

परेड के निरीक्षण के दौरान प्रभारी एसपी ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया। साथ ही स्वास्थ्य लाभ के दृष्टिगत सभी टोलियों के साथ परेड ग्राउंड में दौड़ लगायी तथा सभी टोलियों की ड्रिल देखकर आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इसके बाद प्रभारी एसपी ने परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार पहिया व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों को देखा। इसके अलावा उन्होंने पुलिस लाइन स्थित डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरक्षी बैरिक, आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, मंदिर, भोजनालय, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा साफसफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। प्रभारी एसपी ने क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली तथा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम भी किया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# तेज आंधी तूफान मैं सोलर पैनल टूट कर गिर गया तथा पेड़ भी टूट कर गिर पड़े



**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** सहित। आज दिन शुक्रवार को अचानक आए तेज आंधी तूफान से तमाम पेड़ टूट कर गिर गए लोगो के छानी छप्पर भी हवा में उड़ गए। साथ ही मोतियारी गांव में एक किसान के खेत में लगा सोलर पैनल टूट कर गिर गया और उसकी सभी प्लेट भी क्षतिग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के अनुसार

पूरे क्षेत्र भर में तेज हवाओ ने तबाही मचा दी। मोतियारी गांव के किसान श्रीपाल मिश्रा के खेत में लगा पांच हॉर्स पावर का सोलर पैनल आंधी तूफान में क्षतिग्रस्त हो वही खेतो में धराशाही हो गया।इस दौरान सोलर की कई प्लेटें भी टूट गई।पीड़ित किसान ने बताया कि खेतो में मूंग की फसल बोई है।इसी सोलर के जरिए सिंचाई का काम होता रहता था।किसान ने चिंता जाहिर करते हुए स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।इसी प्रकार से तेज हवाओ के कारण तहसील परिसर में लगे पेड़ गिर गए चपेट में आए वकीलों के चैंबर भी नष्ट हो गए।कई जगह एलटी और एचटी बिजली लाइन में पेड़ गिर गए।जिससे तकरीबन 18 घंटे आपूर्ति बाधित रही।

## रिमझिम वर्षा होने से गर्मी और बढ़ गई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** इस समय भीषण तरीके से गर्मी अपने चरम सीमा पर चल रही है जिसके चलते अधिकांश लोग 10रू00 बजे सुबह से शाम 4रू00 बजे तक लोग घर में रहने को मजबूर आज दिन शुक्रवार की शाम रिमझिम बरसा होने के कारण इंद्रदेव ने गर्मी को और तीव्र कर दिया है। जानकारी के अनुसार चाहे जानवर हो या पशु पक्षी या फिर व्यक्ति क्यों ना हो इस समय अत्यधिक मात्रा में गर्मी एवं तेज धूप के कारण निकलना मुश्किल हो गया है लोगों का। आज शाम को इंद्रदेव ने रिमझिम बरसा करके गर्मी को और अधिक बढ़ा दिया है जिसके कारण इलेक्ट्रॉनिक उपकरण कूलर पंखे भी काम करना बंद कर दिया है ठंड हवा की जगह गर्म हवा कूलर पंखे दे रहे हैं। लोगों का मानना है कि यदि वर्षा अच्छी तरह से हो जाए तो गर्मी से राहत सभी को कुछ मिल सकती है।

# अज्ञात बदमाशों ने घर में दंपति पर किया प्राण घातक हमला, पत्नी की हुई मौत व पति हुआ गंभीर घायल

**हमीरपुर।** राठ कोतवाली क्षेत्र के चिल्ली गांव में अज्ञात बदमाशों ने चोरी/डकैती की घटना को अंजाम देते हुए एक मकान में घुसकर दंपति पर प्राण घातक हमला कर दिया। बदमाशों के हमले से 26 वर्षीय महिला गीता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा उसका पति अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल इलाज हेतु राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने अनिल की नाजुक हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर तुरंत पहुंची पुलिस टीम के अलावा पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने घटनास्थल का मुआयना किया तथा इसके अलावा फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची है। बताया जाता है कि चोरी/डकैती के इरादे से घुसे हत्यारों ने ट्रैक्टर की टपलिंग से प्रहार कर गृहस्वामिनी 26 वर्षीय गीता को मार दिया।

वहीं दंपत्ति की 3 वर्षीय पुत्री शानवी भी मौका ए वारदात पर मौजूद थी। जिसे नहीं छुआ गया तथा गंभीर रूप से घायल हुए युवक अनिल का पिता राजेश मुस्करा थाना के पहाड़ी भिटारी गांव में यज्ञ में सम्मिलित होने दो दिन पूर्व से गया हुआ था। दोनों पति-पत्नी घर पर पुत्री सहित सो रहे थे। जिसके बाद शुक्रवार की रात करीब 2 बजे शादी से लौटते समय ग्रामीण प्रमोद ने अनिल के मकान से कराहने की आवाज सुनी तो उसके जालीदार दरवाजे से देखा। जिसके बाद खून फैला देखकर उसने अन्य गांववासियों सहित अनिल के परिजनों को सूचना दी। जिस पर घर के अंदर घुसे लोग पति पत्नी की हालत देख सकते में आ गए। गांव वालों ने 112 नंबर को कॉल करके बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने बताया कि राठ के चिल्ली गांव में घटना हुई है। जिसमें गीता नाम की महिला की मौत हो गई है तथा उसके पति अनिल गंभीर रूप से घायल है। घटना की गहनता से जांच पड़ताल कराई जा रही है तथा परिजनों से तहरीर प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। जानकारी प्राप्त होते ही पुलिस महानिरीक्षक बांदा ने चिल्ली गांव पहुंचकर घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मैनपुरी, कुसमरा।** नगला दुली निवासी शिशुपाल पुत्र महावीर सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष ने देर सांय खेतों में जाकर पेड़ पर फंद्धा लगाकर आत्महत्या कर ली। शव पेड़ पर लटकता देख ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि मृतक की पत्नी पांच वर्ष पूर्व दो बच्चों को छोड़कर चली गई थी। तभी से मृतक परेशान रहता था। चौकी इंचार्ज आदेश भरद्वाज ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चलाया अभियान



**स्वतंत्र भारत संवाददाता फीरोजाबाद।** फिरोजाबाद शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफयातायात पुलिस ने अभियान चलाया यह अभियान कोटला चुंगी चौराहे जैन मंदिर बम्बा चौराहा सैलई चौराहे पर चलाया गया अभियान चलने के बाद ही वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया और चालानी कार्रवाई से बचने के लिए इधर.उधर के रास्ते से निकलते हुए दिखाई दिए यातायात इंस्पेक्टर महेश चंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत शुक्रवार को 253 वाहनों का चालान किया गया तथा 192000 की जुर्माना राशि वसूली गई है उन्होंने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने से कई नुकसान है जिसमें वाहन स्वामी सहित वाहन चालक सहित दुर्घटना होने पर सामने वाले की जान भी चली जाती है और दुर्घटना होने पर घायल हो जाते हैं इसलिए सभी वाहन चालकों को नशा करके वाहन चलाने से हमेशा बचना चाहिए वाहन चलाने से पहले नशा नींद और तेज रफ्तार इन तीन बातों का हमेशा ध्यान रखें।

## विद्युत विभाग ब्रेकडाउन में उपभोक्ताओं की कॉल अटेंड जरूर करें-डीएम



**स्वतंत्र भारत संवाददाता फरुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ में उ0प्र0 के ऊर्जा क्षेत्र में आगामी रिफार्म के दृष्टिगत सुचारू विद्युत व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने की तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी प्रशासनिक पुलिस व विद्युत अधिकारियों का एक ग्रुप बना लिया जाये किसी भी दशा में विद्युत व्यवस्था बाधित न हो अतिरिक्त कर्मियो की व्यवस्था कर ली जाये विद्युत आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न करने बालो पर दंडात्मक कार्यवाही की जाये विगत दिनों आई आंधी के दौरान छतिग्रस्त हुई लाइनों को जल्द ठीक कर लिया जाये ब्रेकडाउन में उपभोक्ताओं की कॉल अटेंड जरूर करे सभी कर्मियों के नाम नंबर व पता का डाटाबेस तैयार करे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल सभी उपजिलाधिकारी व सी0ओ0 एवं विधुत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### बिजली उपकरण विक्रेता के यहां चेकिंक के दौरान 33 लाख का स्टॉक शॉर्ट मिला

**मैनपुरी।** जिले में जीएसटी की बड़ी कार्रवाईए बिजली उपकरण विक्रेता के यहां छापा 33 लाख का स्टॉक शॉर्ट मिला। मैनपुरी में जीएसटी की टीम ने बिजली उपकरण विक्रेता के यहां छापा मारा।

चेकिंक के दौरान 33 लाख का स्टॉक शॉर्ट मिला। टीम ने बिजली सामान विक्रेता को नोटिस थमाया है। मैनपुरी शहर के कचहरी रोड स्थित अग्रवाल बिजली वालों के यहां जीएसटी की टीम ने एक शिकायत के आधार पर छापामारी की। सर्वे के दौरान टीम को 33 लाख रुपये का स्टॉक शॉर्ट मिला। इतने रुपये के माल और बिल का मिलान नहीं हो सका। करीब छह घंटे तक यह कार्रवाई चली। जीएसटी की टीम ने सर्वे के बाद करीब सात लाख रुपये का जुर्माना आरोपित किया है। नोटिस देते हुए 15 दिन के भीतर जवाब मांगा गया है।

### हिंदू बनकर धोखे से की शादी जबरन धर्म परिवर्तन का प्रयास

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी युवती ममता पुत्री स्वर्गीय पप्पू शंखवार के भाई और बहन किसी घटना में एटा जेल में बंद थे युवती ममता अपने भाई बहन से मिलाई करने एटा जेल जाती थी वहीं पर जेल में बंद एक कैदी से मिलाई करने सलीम उर्फसुनील पुत्र सद्दीक निवासी अगौनापुर अलीगंज एटा आया करता था जेल के बाहर उसकी मुलाकात ममता से हुई उसने ममता को अपना नाम सुनील शंखवार बताया और मिलाई की पर्ची लगाने के बहाने ममता का मोबाइल नंबर ले लिया दोनों में बात होने लगी सुनील ने ममता को अपने प्रेम जाल में फंसा कर धोखे से शादी का प्रस्ताव रखा ममता के घर वालों ने बिना जांच पड़ताल किए सुनील के एक हिंदू दोस्त के घर पहुंच कर शादी की बात तय कर दी शादी के 18 माह बाद ममता सुनील से अपने घर ले जाने की जिद करने लगी तो सुनील उसे लेकर अपने गांव अगौना ले गया वहां ममता ने देखा सुनील एक मुस्लिम युवक है और उसका मुस्लिम परिवार है तो ममता ने उसका विरोध किया सलीम उसके पिता सद्दिक भाई मोबीन इरफान मां नजमा मिलकर ममता पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया और ममता के साथ मारपीट करने लगे ममता किसी तरह कल 22 मई को वहां से रात के 4 निकालकर बस से फर्रुखाबाद आई उसके बाद अपने घर कमालगंज पहुंची सारी आप बीती अपनी मां को बताई मां की तहरीर पर आज थाना पुलिस कमालगंज ने पांच लोगों के खिलाफधर्म परिवर्तन से संबंधित सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दो समुदायों से जुड़ा है गहनता से विवेचना के बाद कानूनी कार्यवाही की जाएगी

### कृषक दुर्घटना बीमा में 6 दावे सही पाए गए

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभगार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित योजना एवं विभाग की अन्य सदृश्य पूर्व में प्रचालित कृषक बीमा योजनाओं के अंतर्गत लंवित दावों को समयान्तर्गत निस्तारित किये जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तहसील सदर के 4 कायमगंज के 8 व अमृतपुर का 1 कुल 13 दावे प्रस्तुत किया गया जिसमें से 6 दावे उपयुक्त पाये गये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा अवनींद्र कुमार नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल व सभी उपजिलाधिकारी उपस्थिति रहे।

### कार ने सामने से बाइक में मारी टक्कररूयुवक की मौत

**भरथनाए इटावा।** भरथना कोतवाली ग्रामीण क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम झिंदुआ नदी पुल के पास सामने से आ रही कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार के ड्राइवर की तलाश कर रही है।

फ्रेंड्स कॉलोनी रेलवे कॉलोनी के रहने वाले 26 वर्षीय राहुल कुमार पुत्र महेश बाबू भरथना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में स्वास्थ्य कर्मी था। गुरुवार देर रात घर लौट रहा था। झिंदुआ पुल के पास सामने से आ रही कार ने राहुल कुमार की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर से राहुल कुमार बाइक से उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख.पुकार मच गई। राहुल की डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। पत्नी रचना सहित परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है। पुलिस दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कार के ड्राइवर की तलाश कर रही है।

### तिरंगा यात्रा का आयोजन

इटावा। द्वितीय मंडल की तिरंगा यात्रा का आयोजन फर्रुखाबाद फाटक से लाइन पर क्षेत्र में हुआ कार्यक्रम में भारत माता की जय सैनिक ऑन के सम्मान में भारत मैदान में हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे के साथ समापन हुआ। मुख्य रूप से जिलाउपाध्यक्ष विवेक भदौरियाए मंडल अध्यक्ष अनुग्रह सेंगरए भाजपा नेता रामशरण गुप्ताए महामंत्री चंदन मिश्राए बृजमोहन मिश्राए पंकज कुशवाहाए सचिन मिश्राए नीरज पांडेए धर्मेंद्र भदौरियाए आदित्य सिंहए बल्ली चौधरीए शिरोमणि राजावतए चंचल पांडे मौजूद रहे।

### बिजलीं करंट लगने से युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**इटावा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत पहाड़पुरा में बिजली का करंट लगने से एक युवक की मौत हो गईए घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। अमन 20 वर्ष पुत्र सर्वेश कुमार निवासी पहाड़पुरा सिविल लाइन इटावा घर पर दोपहर के समय बिजली ठीक कर रह था तभी उसके विद्युत करंट लग गयाए परिवारीजन तत्काल उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आये जहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर ने उसे चेक करने के मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

## प्रधानाचार्य परिषद ने दो वरिष्ठ सहायकों को हटाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता फर्रुखाबाद ।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के वरिष्ठ साहित्य प्रेमचंद यादव मनोज कुमार मिश्रा के द्वारा कार्यालय में प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों से आए दिन दुर्व्यवहार करते हैं इनकी उनके द्वारा किया गया कृत कर्मचारी आचरण नियमावली के विरुद्ध है लिहाजा इनका तबादला संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल को करने की संस्तुति की जाए

परिषद के प्रदेश महामंत्री डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया गया

एक सूचना मांगने पर खर्च जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में ही वरिष्ठ सहायक प्रेमचंद यादव ने टेबल पर सूचना से संबंधित पत्र सके कर रखा और तल्ख लेजी में प्रधानाचार्य से बातचीत की ईश्वर प्रधानाचार्य ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन है ।

इन दोनों वरिष्ठ सहायकों को यहां तैनात हुए 5 वर्ष हो गए हैं और उनके तबादले की संस्तुति की जाए यदि जिला विद्यालय निरीक्षक ने संस्तुति नहीं की तो परिषद की ओर से आंदोलन किया जाएगा इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह जिला महामंत्री वृजभूषण सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार त्रिपाठी डॉक्टर अनिल कुमार मिश्रा डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर दुष्यंत पाल आदि। सभी प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## कुछ महिलाओं ने हाथ में डंडा लेकर कोतवाली का घिराव कर दिया



**छिबरामऊ कन्नौज।** अभी इलाज हुई लापरवाही की में छात्र की मौत का मामला ठंडा नहीं हुआ तब तक कुछ महिलाओं ने हाथ में डंडा लेकर कोतवाली का घिराव कर दिया ।

कल शाम कुछ महिलाएं आरएलडी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष के साथ कोतवाली पर पहुंचे उनके हाथ में डंडे थे महिलाएं सड़क पर बैठ गई आवा गमन बैंडिट कर दिया कोतवाली पुलिस पर अवधता का आरोप लगा रहे थे काशीराम कॉलोनी निवासी महिला सोनम पत्नी गणेश ने बताया कि कई अन्य महिलाओं के साथ असलत नगर में पंचायत करने गई थी वहां विवाद हो गया इसी बीच किसी ने उनके गले से मंगलसूत्र तोड़ लिया घटना के जानकारी कोतवाल ने कार्रवाई के बजाय उनके साथ आवडता की महिलाओं का गुस्सा अधिक होने के कारण रहागिरो की डंडे से पिटाई भी कर दी गई।

### प्राइवेट नर्सिंग होम में 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय से किए जाते हैं मरीज रेफर

**छिबरामऊ कन्नौज ।** सो सैया संयुक्त चिकित्सालय में चिकित्सकों की मनमर्जी के चलते अपने.अपने चाहते प्राइवेट नर्सिंग होम में किया जाता है रेफर 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय मैं तैनात चिकित्सक अपनी मा मर्जी के हिसाब से मरीज को शहर में स्थित नर्सिंग होम में रेफर करते हैं जहां से अच्छा खासा कमीशन प्राप्त होता है जांच के नाम पर मरीज का किया जा रहा है शोषण जरूरी बगैर जरूरी जांच कराकर कमीशन प्राप्त किया जाता है आम चर्चा है कि मेडिकल स्टोर संचालक वी पैथोलॉजी संचालक चिकित्सकों को कमीशन के रूप में मोटी रकम अदा करते हैं यहां तक की चिकित्सा ऑन के खाने.पीने का इंतजाम भी इन्हीं लोगों के हाथों में रहता है आम चर्चा है कि एक चिकित्साक ऐसा भी है कि मरीज को भारती नहीं करते हैं उपचार भी नहीं करता है मरीज बेहोश होकर प्राइवेट नर्सिंग होम में ले जाते हैं।

### 10 लीटर कच्ची शराब 2 किलो यूरिया के साथ गिरफ्तार किया

**छिबरामऊ कन्नौज।** मुखवार की सूचना के आधार पर छिबरामऊ कोतवाली पुलिस ने काशीराम कॉलोनी में छापा डालकर कच्ची शराब सहित महिला को किया गिरफ्तार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी उपनिरीक्षक दीपांजलि वर्मा उप निरीक्षक अंकित तिवारी उप निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह हेड कांस्टेबल सरल हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार महिला कांस्टेबल शिवानी कांस्टेबल मणि चंद ने सुबह मुखवार की सूचना के आधार पर काशीराम कॉलोनी में छापा डाला जिसमें 10 लीटर कच्ची शराब 2 किलो यूरिया के साथ सोनम पत्नी गणेश ब्लॉक नंबर 23 निवासिनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

### पूर्व राज्य मंत्री के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा किया दर्ज

**छिबरामऊए कन्नौज।** ग्राम सरदामई में कूड़ा डालने वाले स्थान को जाने वाले रास्ते में कांटे डालकर रास्ता बंद करने तथा विरोध करने पर पीड़ित के साथ मारपीट करने वाले दबंगो के खिलाफपुलिस ने मुकदमा किया दर्ज । विशुनगढ थाना क्षेत्र के ग्राम सरदामई निवासी राजवीर ने बताया कि वह गाँव के बाहर कुडा डालने जा रहा था। तभी रास्ते में गाँव के ही निवासी प्रमोदए विनोद व आलोक पुत्रगण ग्याप्रसाद तथा दयाशंकर पुत्र रामदीन ने कांटे डालकर रास्ता बंद कर दिया। कांटे डालने का विरोध करने पर उक्त दबंग किस्म के व्यक्तियों ने राजवीर के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे लेकर पीड़ित के दरवाजे पर पहुंच गए और उनके परिजनों के साथ बेहरमी से मारपीट करके उनको घायल कर दिया था। पीड़ित राजवीर ने आरोपियों के खिलाफकार्रवाई के लिए भाजपा विधायक अर्चना पांडेय पूर्व राज्य मंत्री से न्याय की गोहार लगाई थी जिसके बाद पूर्व राज्य मंत्री ने थाना पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद पुलिस ने अब आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया।

## महिला पोस्टमैन ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी हालत गंभीर

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव कंधरापुर निवासी 22 वर्षीय युवती रानी गांव के डाकघर में पोस्टमैन के पद पर तैनात है रानी के पिता राजेश श्रीवास्तव पोस्ट ऑफिस में नौकरी करते थे 10 साल पहले पिता की मृत्यु के बाद उनकी जगह पर मृतक आश्रित में रानी को नौकरी मिली आज सुबह रानी ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया परिजनों ने आनन.फानन में रानी को फांसी के फंदे थे उतार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज लेकर पहुंचे

यहां डॉक्टरों ने रानी की हालत गंभीर देखकर उसे डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है वहां उसका इलाज चल रहा है परिजनों ने बताया की रानी की हालत स्थिर है

## मरी हुई गोवंश को खुले में ऐसे ही डाल दिया गया



**छिबरामऊ कन्नौज ।** विकासखंड छिबरामऊ के अंतर्गत ग्राम सभा अहेरुआ राजा रामपुर नगला डाल मैं बनी गौशाला में मरी हुई गोवंश को खुले में ऐसे ही डाल दिया गया जिससे ग्रामीणों में रोश व्याप्त ग्राम सभा अहेरुआ राजा रामपुर नगला डाल मैं बनी गौशाला में मरी हुई गोवंश को खुले में ऐसे ही डाल दिया गया घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे को दी घटना की सूचना मिलते ही राष्ट्रीय संयोजक अपने समर्थकों सहित प्रदेश महामंत्री गौ रक्षा मुकेश द्विवेदीए गौ रक्षा प्रकल्प के जिला अध्यक्ष विकास दीक्षितए शिव दुबे के साथ घटना स्थल पर पहुंचे गांव बांसों के सब की दुर्दशा देख उच्च अधिकारियों से दूरभाष से संपर्क कर घटना की जानकारी दी तब खंड विकास कार्यालय के टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

## वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहर सिंह गंगवार ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**-जिला प्रशासन की मध्यस्थता में ब्राह्मण समाज और वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहर सिंह गंगवार के बीच विवाद का पटाक्षेप**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** जिला प्रशासन की मध्यस्थता में ब्राह्मण समाज और वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहर सिंह गंगवार के बीच भगवान परशुराम पर की गई टिप्पणी का आज पटाक्षेप हो गया श्री गंगवार ने खेद व्यक्त कर भगवान परशुराम मूर्ति पर माल्यार्पण किया और बोले भगवान में सभी की आस्था है

विगत दिनों कलेक्ट्रेट में समाजवादी पार्टी के धरने में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने भगवान परशुराम पर कोई टिप्पणी कर दी थी इसको लेकर ब्राह्मण समाज ने कड़ा एतराज जताते हुए धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की थी

शुक्रवार को जिला प्रशासन के मध्य बैठकर वरिष्ठता जवाहर सिंह गंगवार ने पूर्व में भगवान परशुराम के लिए कहे शब्दों के लिए दिल से गलती मानी और कहा कि भगवान परशुराम हमारे भी भगवान हैं और उनके लिए भूलवश यदि कोई गलत शब्द निकल गये है तो उसके लिए मुझे बहुत खेद है और भविष्य में मेरे व्दारा इस प्रकार की पुनरावृत्ति नही की जायेगी

श्री गंगवार ने यह भी कहा कि उसे दौरान उन्हें भी ब्राह्मण समाज की ओर से अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली गलौज की गई तथा तथा धमकियां भी दी गई थी फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भइयन मिश्र ने कहा कि जवाहर सिंह गंगवार ने भगवान परशुराम जी के लिए जो शब्द वोले गये थे उसके लिए अपनी गलती को स्वीकार करते हुए भविष्य में कभी भी इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने की बात बोली है उनके लिखित और मौखिक बयान से हम सब लोग सहमत है अब आगे आंदोलन की आवश्यकता नहीं हैप्रदेश के संघठनोः की ओर से 30 मई को फर्रुखाबाद चलो की आवश्यकता अब नही है नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल की मौजूदगी में उन्हीं के कार्यालय में ब्राह्मण समाज और और वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहर सिंह गंगवार के मध्य सभी सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत हुई और उन्होंने अपनी टिप्पणी को वापस लेते हुए खेत व्यक्त किया इस दौरान ब्राह्मण समाज के नेताओं की ओर से श्री गंगवार को अगस्त किया गया कि अब कोई भी व्यक्ति उनके खिलाफ अनर्गल प्रलाप नहीं करेगा सिद्ध करेगी तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

इस दौरान यूपी जिला अधिकारी रजनीकांत का सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय एल आई यू इंस्पेक्टर धर्मराज सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव बाजपेई प्रबल त्रिपाठी माध्यमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष लालाराम दुबे सरल दुबे फर्रुखाबाद विकास मंच जिलाध्यक्ष भैय्यन मिश्रा अनुज तिवारी कोमल पांडे मौजूद रहे उधर उधर बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहर सिंह गंगवार ने पहुंचकर वहां भगवान परशुराम की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमनकिया किया इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव बाजपेई राम जी वाजपेई अतुल मिश्रा मौजूद रहे।

# छात्रों को नशे की लत से बचाने के लिए सरकार सजग

## शिक्षा मंत्रालय ने तंबाकू और नशीले पदार्थों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान में राज्य और समाज से मांगा सहयोग

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** स्कूली छात्र जीवन से ही नशे के लत की शुरुआत होने की प्रबल संभावना को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार इस मसले पर बेहद सजग दिखाई पड़ रही है। इसके तहत शिक्षण संस्थाओं के नजदीक तम्बाकू आधारित नशीले पदार्थों की सहज सुलभता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए इस पर कड़ाई रोक लगाने का निर्णय किया गया है। इसके लिए सरकार ने औपचारिक तौर पर शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू, शराब और नशीले पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है जो 31 मई यानी विश्व तंबाकू निषेध दिवस से आरंभ होकर 26 जून को मनाए जाने वाले नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस तक चलेगा।इस अभियान को सफल बनाने के लिए सरकार ने ना सिर्फ समाज बल्कि राज्य सरकारों के साथ ही कानूनों को लागू कराने वाली तमाम सक्षम एजेंसियों और शिक्षण संस्थानों से सक्रिय भागीदारी और यथासंभव सहयोग करने का आह्वान किया है। अभियान के तहत तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान यानी टीओएफईआई के दिशानिर्देशों पर आधारित नौ प्रमुख गतिविधियों का पालन करना सभी शैक्षणिक संस्थानों के लिए अनिवार्य किया गया है जिसमें परिसर में तंबाकू मुक्त क्षेत्र का संकेत प्रदर्शित करना, प्रवेश द्वार पर तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का बोर्ड लगाना, तंबाकू के उपयोग का कोई प्रमाण न होना, जागरूकता सामग्री का प्रदर्शन, हर छह महीने में तंबाकू नियंत्रण गतिविधि का आयोजन, तंबाकू मॉनिटर नियुक्त करना और स्कूल की आचार संहिता में तंबाकू मुक्त नीति शामिल करना शामिल है। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू मुक्त क्षेत्र को पीली रेखा द्वारा चिह्नित करना और इस क्षेत्र में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक सुनिश्चित करना भी शामिल है। युवाओं व खास तौर से छात्रों में नशे की लत की समस्या कितनी बड़ी व गंभीर है इसका सहज अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार 13 से 15 वर्ष की आयु के 8.5 फीसदी विद्यार्थी किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। इससे भी चिंताजनक तथ्य यह है कि भारत में प्रतिदिन 5,500 से अधिक बच्चे तंबाकू का उपयोग शुरू करते हैं। जबकि तंबाकू का सेवन अक्सर अधिक खतरनाक नशीले पदार्थों की ओर पहला कदम साबित होता है क्योंकि कई किशोर स्कूलों के आसपास की दुकानों से आसानी से इन उत्पादों को खरीद लेते हैं। नशे के लत की शुरुआत को ही प्रतिबंधित करने की दिशा में जहां एक ओर तम्बाकू उत्पाद अधिनियम की धारा छह को सख्ती से लागू कराने की कोशिश की जा रही है जिसके मुताबिक शिक्षण संस्थाओं के 100 मीटर के दायरे को पूरी तरह तम्बाकू मुक्त क्षेत्र बनाया जाए वहीं दूसरी ओर राज्यों से भी छात्रों तक नशे की सुलभ पहुंच को प्रतिबंधित करने के लिए एसओपी बनाने का अनुरोध किया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

# भाजपा ने अदलपुर मे निकाली भारत शौर्य तिरंगा यात्रा




**सीखड़ (मिर्जापुर)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने अदलपुर बाजार मे शुक्रवार को मण्डल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा मीरजापुर रविन्द्र नारायण सिंह की देखरेख मे आपरेशन सिंदूर की सफलता मे तिरंगा यात्रा निकाली यात्रा कुशाहां मोड़ से प्रारंभ होकर माता शीतला गेट पर समाप्त हुई। कार्यकर्ता हांथों मे तिरंगा लिए उत्साहित होकर भारत माता की जै, वन्देमातरम, पाकिस्तान मुर्दाबाद के उदघोष के साथ आगे बढ़ रहे थे। उक्त अवसर पर संयोजक जय हिन्द सिंह, डब्लू मिश्रा, गणेश सिंह, बृजमोहन जायसवाल, प्रेमचंद सिंह, अनूप सिंह, संकटमोचन तिवारी, प्रदीप गुप्ता, गौरव पाण्डेय, निसार अहमद, ओमप्रकाश सिंह, रमाशंकर राजभर, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अदवा नदी के किनारे चरने गई पशुपालक की भेड़ों को मगरमच्छ ने बनाया निवाला

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोठिया कला गांव अदवा नदी के किनारे शुक्रवार की सुबह चरने के लिए गई पशुपालक के दो भेड़ो को अदवा नदी के पानी से बाहर निकलकर मगरमच्छ ने अपना निवाला बना लिया और अदवा नदी के गहरे पानी में चला गया। मगरमच्छ द्वारा भेड़ो को निवाला बनाने पर पशु पालकों में दहशत व्याप्त हो गया है। पशुपालको ने इसकी सूचना वनकर्मियों को दे दिया है।

थाना क्षेत्र के सोठिया कला गाँव निवासी पशुपालक शिव नारायण पाल अपने भेड़ो के झुंड को लेकर अदवा नदी के किनारे चरा रहे थे की दो भेड़ चरते चरते अदवा नदी के समीप पहुंच गए पहले से ही घात लगाए बैठे मगरमच्छ ने दोनों भेड़ो को पकड़कर अदवा नदी में ले जाकर निवाला बना लिया। पशुपालक द्वारा मगरमच्छ को भेड़ो को अदवा नदी में लेकर जाते हुए देखकर शो मचाया। लेकिन तब तक मगरमच्छ भेड़ो को पानी में लेकर चला गया पशुपालक ने वन विभाग से मुआवजा की मांग किया है। पशुपालक द्वारा इसकी सूचना वनकर्मियों को दे दिया गया है मौके पर पहुँचे वनकर्मियों ने जांच पड़ताल किया है। मगरमच्छ द्वारा भेड़ो को निवाला बनाने पर पशुपालको में दहशत व्याप्त है। इस संबंध में डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी ने बताया की सूचना मिली है। जांच के लिए वनकर्मियों को मौके पर भेजा गया है।

# सड़क खराब होने से नाराज ग्रामीणों ने की मार्ग मरम्मत की मांग



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के हरसड़ गाँव से प्रशिद्ध कोटार शिव धाम संपर्क मार्ग लगभग दो किलोमीटर जिला पंचायत का सम्पर्क मार्ग पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो चुका है। सड़क का मरम्मत कार्य नहीं होने से ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह ने कहा कि सड़क की मरम्मत हेतु तहसील स्तर एवं उच्च अधिकारियों को कई बार ध्यान आकृष्ट कराया गया। लेकिन आज तक सड़क नहीं बनी।सड़क की गिट्टीया बिखर गई है और बड़े बड़े गड्ढे हो गए है मंदिर पर दर्शन पूजन के लिए आने वाले दर्शनार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है दर्शन पूजन के लिए आने वाले बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे है। सम्पर्क मार्ग के मरम्मत कार्य कराने के लिए ग्राम प्रधान ने तहसील दिवस व जिला पंचायत के अधिकारियो के यहां गुहार लगाया है लेकिन विभागीय अधिकारियो की लापरवाही से आज तक सम्पर्क मार्ग का मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है।

# किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गाँव के गुलाब तिराहा से शुक्रवार की सुबह पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चौकी प्रभारी मतवार मय हमराह हेड कांस्टेबल अलीम अहमद के साथ मुखबिर की सूचना पर किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपित मतवार गाँव के तिलरी निवासी करन कोल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित कही भागने के लिए किसी वाहन का इंतजार कर रहा था थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की पिता ने नामजद तहरीर देकर गांव निवासी युवक के विरुद्ध आर्केस्ट्रा देखने के लिए गई नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश करने में जुट गई थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपित को मुखबिर की सूचना पर हथेड़ा के गुलाब तिराहा से गिरफ्तार के जेल भेज दिया गया है।

# गिट्टी लादकर जा रहे दो ट्रैक्टर ट्राली को एआरटीओ ने पकड़ा, की कार्रवाई

**हलिया (मिर्जापुर)।** एआरटीओ प्रवर्तन एस पी सिंह ने शुक्रवार सुबह क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज से अवैध रूप से ओवरलोड गिट्टी लादकर मिर्जापुर की ओर जा रहे दो ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर ड्रमंडगंज थाना परिसर में खड़ा करवाते हुए सीज की कार्रवाई की। एआरटीओ एस पी सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह ड्रमंडगंज क्षेत्र में अवैध रूप से गिट्टी बालू लादकर परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जिसमें बिना परिवहन प्रपत्र के अवैध रूप से मध्यप्रदेश की ओर से ओवरलोड गिट्टी लादकर मिर्जापुर की ओर जा रहे दो ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा गया। जिन्हें ड्रमंडगंज थाना परिसर में खड़ा करवाते हुए सीज की कार्रवाई की गई है। एआरटीओ द्वारा अवैध रूप से गिट्टी बालू लादकर परिवहन कर रहे वाहनों की धरपकड़ से वाहन चालकों में अफ्रातफ्री का माहौल रहा।

# विकास खंड हथेडा में 35 लाख में मिनी बस स्टैंड बनकर तैयार

## एक भी परिवहन संचालित बसों के न होने से हो रहा निस्प्रयोज्य

## ग्रामीणों ने दशकों से बंद हुई बसों के संचालित कराने की मांग



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के हथेड़ा में प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन के तहत 35 लाख रुपये से मई 2023 को मिनी बस स्टैंड का निर्माण कराया जा चुका है। लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी विभागीय लापरवाही के कारण हैंड ओवर नहीं हो पाया है। सरकार की मन्शा है कि परिवहन बसो का ठहराव की ब्यवस्था स्टैंड पर बना दी गयी है।

जहाँ से यात्रियों को प्रयागराज, मिर्जापुर डिपो, मध्य प्रदेश के हनुमाना, सीधी मार्ग पर लालगंज तहसील मुख्यालय सहित सभी जगह जाने की सुविधा उपलब्ध हो। लेकिन क्षेत्र में चल रही पूर्व में परिवहन की बसे दशकों वर्ष से बंद है जिसमें हलिया कस्बा, पिपरा मनिगढ़ा, अदवा, सोनगढ़ा, सिकटा, बंजारी कला, मतवार तक जाने वाली रोड बेज बसों का संचालन बंद हो गया है जिसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। स्थानीय निवासी विध्यकिसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द शेखर गिरि, देवशेखर मिश्रा, अजय गिरि, महेश गिरि, अनुज सिंह, सत्यनारायण तिवारी, लल्लन तिवारी, बद्रीनारायण तिवारी, कमलेश तिवारी, गोलू अग्रहरि, किताब अली, सामिद अली आदि लोगों ने जिला अधिकारी प्रियंका निरंजन से परिवहन के बस संचालित कराने की मांग की है जिससे लाखों रुपये की लागत से बने मीनी बस स्टैंड से यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिल सके। यह कार्य किया जाना पूरी तरह जनहित में है।

# हैंडपंप दे रहा पीला पानी, भूमिगत पाइप लाइन क्षतिग्रस्त

**जिगना (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के नरोइयां एवं भावां ग्रामों में शुक्रवार को पंचायत में नरोइयां गाँव की चौपाल में राजकुमार पुरवा के धर्मराज नेतल्ख लहजे में कहा कि हैंडपंप सेपीला-जहरीला पानी निकल रहाहै। 20 हजार की आबादी वाले 12 मजरों मेंबंटे गाँव की आधी आबादी बूंद-बूंद पानी के लिए हलकान है। मात्र दो साल के अंतराल में ही भूमिगत पाइप लाइन ध्वस्त हो गई है। नलों की टोटियां सूखी पड़ी हैं।हर घर नल योजना का हाल- बदहाल है। पानी की सतह नीचे खिसक जाने से हैंडपंप निस्प्रयोज्य साबित हो रहे हैं। पीला व बदबूदार पानी के इस्तेमाल के लिए मजबूर ग्रामीण डिहाइड्रेशन की चपेट में हलकान हैं। प्रधान अशोक बिंद ने बताया कि नमामि गंगेपरियोजना के प्रबंधक को कई बार अवगत कराया गया है। भावां गाँव की चौपाल मेंशिवमनि व लालमनि नेहांक लगाया कि मलिनबस्तियों मेंगंदे पानी की निकासी के लिए पक्की नाली का निर्माण कब कराया जाएगा। प्रदूषण व मच्छरों के प्रकोप से नारकीय परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रधान शिवकुमार उर्फ धारा बिंद नेबताया कि कार्ययोजना स्वीकृत है।

# गड़बड़ा धाम में हुई आगजनी की घटना का पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली ने किया निरीक्षण



**हलिया (मिर्जापुर)।** पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली ने शुक्रवार को विगत सोमवार को गड़बड़ा धाम में आग जनी की घटना के मद्देनजर मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया।पीड़ित परिवारों को राहत मुहैया करने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि सोमवार को गड़बड़ा धाम में आगजनी की घटना से दुखी हूँ। आगजनी की घटना में पांच बाइक, दो साइकिल, सहित 9 दुकानें जलकर खाक हो गई। जिस मे लगभग 10 लाख रुपए से अधिक की छति हुई है।मुआवजा मुहैया करने हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से पत्र दिया जाएगा। गैस सिलेंडर फटने से आग जनी की घटना घटी है। जिसकी जांच कराई जाएगी किस कारण से गैस सिलेंडर फटा ऐसी स्थिति में गैस सिलेंडर की कंपनी भी जिम्मेदार है। पीड़ितों को कंपनी भी मुआवजा देगी। इस मौके पर गणेश माली, त्रिवेणी प्रसाद माली, कैलाश चौरसिया,मगरु चौरसिया आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस के धक्के से बाइक सवार दंपत्ति घायल, रेफर

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के किसान इंटर कॉलेज के पास नदिहार गांव के पास शुक्रवार के दोपहर लगभग 12.00 बजेरोडवेज बस के टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां दोनों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल सोनभद्र रेफर कर दिया गया।सोनभद्र जनपद के मारकुंडी बेलखर गांव निवासी 45 वर्षीय श्याम कुमार अपनी पत्नी 42 वर्षीय ज्योति को साथ बाइक सेलेकर मिर्जापुर अपनेबहनके यहाँशादी मेंशामिल होनेजा रहेथे। थाना क्षेत्र के किसान इंटर कॉलेज के पास मिर्जापुर सोनभद्र मार्गपर सामने से आ रही रोडवेज नेबाइक सवार दंपत्ति को धक्का मार दिया। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप सेघायल हो गए।

# बाइक के धक्के से महिला घायल, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग रतेह चौराहा पर गुरुवार की शाम बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क के पटरी पर खड़ी महिला को धक्का मार दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने महिला को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए। जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनवाल गांव निवासी राधे श्याम की 48 वर्षीय पत्नी सोमारी देवी बाइक से अपनी 13 वर्षीय पुत्री पुष्पा व पति के साथ मायका कोल्हां जा रही थी की रतेह चौराहा पर सामान लेने के लिए पति बाइक से रुके पति सड़क के पटरी पर खडी थी


**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं. 3 कानपुर नगर

वाद सं. 2847 सन् 2024

नीरज शाक्य उम्र 30 वर्ष पुत्र स्व. राधा कृष्ण नि. प्लाट नं. 5 राधापुरम कल्यानपुर आई.आई.टी. कानपुर नगर मो.नं. 8445752685..प्रार्थी/वादी

बनाम– पूजा शाक्य उम्र 32 वर्ष पत्नी नीरज शाक्य पुत्री स्व. हरीराम शाक्य नि. मुहल्ला सुजरई कुरावली मैनपुरी मो.नं. 7302669166...प्रतिवादिनी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 9 हि.वि. अधिनियम 1955 दाम्पत्य अधिकारों की पुर्नस्थापना हेतु

हरगाह वादी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 9 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 28.07.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 23.05. 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं. 3 कानपुर नगर

सी.आर.-392/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर तहसील कानपुर सदर

वाद सं. 19546/2025

कम्प्यूटरीकृत वाद सं. टी202503410119546

मुखराम सिंह चौहान आदि बनाम पंकज आदि

1. मुखराम सिंह चौहान उम्र 75 वर्ष पुत्र स्व. शिवराम सिंह आदि सभी निवासीगण आराजी सं. 77 नई बस्ती गोवा गार्डेन थाना कल्यानपुर कानपुर नगर मो. 7052182883..परिवादीगण

बनाम–1. पंकज उम्र वर्ष पुत्र मुखराम सिंह चौहान 2. धीरज उम्र वर्ष पुत्र मुखराम सिंह चौहान 3. श्रीमती आरती उम्र वर्ष पत्नी पंकज 4. श्रीमती अंजू उम्र वर्ष पत्नी धीरज सभी निवासीगण आराजी सं. 77 नई बस्ती गोवा गार्डेन थाना कल्यानपुर कानपुर नगर मो. 6369406778,9794426452.विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 माता–पिता एंव वरिष्ठ नागरिको के भरण पोषण एंव कल्याण अधिनियम 2007 थाना कल्यानपुर कानपुर नगर

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-392/K-CN

**अदालती सूचना**

श्रीमान ए.सी.जे. 10 जू.डि. कानपुर नगर

मुकदमा सं. 30/25

रामबहादुर उम्र लगभग 44 वर्ष पुत्र स्व. कालीदीन नि. ग्राम नगवा तहसील व जिला कानपुर नगर हाल मुकाम पो. मटका तहसील सलोन जनपद रायबरेली 229001...वादी

बनाम– श्रीमती शांतीदेवी बालिग पत्नी दुर्गाप्रसाद निवासिनी 555/क/2ग/4ख/7 शांती नगर भोला खेड़ा लखनऊ...प्रतिवादिनी

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 26.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-392/K-CN

**ब्रह्मानन्द कालेज, माल रोड, कानपुर - 04**

**आवश्यकता है**

इलेक्ट्रिशियन कम मैकेनिक – 01 पद (अनारक्षित)

न्यूनतम योग्यता – इण्टरमीडिएट एवं डिप्लोमा (मान्यता प्राप्त संस्था से) इलेक्ट्रिक ट्रेड।

उपरोक्त पद का वेतनमान व आयु सीमा शासन के नियमानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय अवधि में महाविद्यालय से आवेदन पत्र दिनांक 24/05/2025 से 10/06/2025 तक निर्धारित शुल्क रु. 100/– देकर प्राप्त करें। आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि 12/06/2025 तक जमा करें।

प्राचार्य /प्रबन्धक

सी.आर.-392/K

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

सं०- सी/54/एमपीएस/ई-ऑक्शन दिनांक 21.05.2025

वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक / इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से एमपीएस ठेकों हेतु बोलिया आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है:-

| श्रेणी | कैटलॉग सं० | ऑक्शन प्रारम्भ | ऑक्शन समापन |
|---|---|---|---|
| एमपीएस | IZN-MPS-25-02 | 06.06.2025/12.00.00 | 06.06.2025/14.10.00 |

| क्रम सं० | स्टेशन | स्टेशन कोड | श्रेणी | प्लेटफार्म सं० | चिन्हित इकाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बरेली जं० | BRY | A | 05 | अनारक्षित |
| 02 | लालकुआँ | LKU | B | 2/3 | अनारक्षित |
| 03 | पीलीभीत | PBE | B | 2/3 | अनारक्षित/महिला |
| 04 | काशीपुर | KPV | B | 2/3 | अनारक्षित |
| 05 | सिकंदाराऊ | SKA | D | 01 | अनुसूचित जाति |
| 06 | खटीमा | KHMA | D | 01 | स्वतंत्रता सेनानी/युद्ध विधवा/रेलवे कर्मचारियों की विधवा, किसी भी श्रेणी से संबंधित |
| 07 | गंजडुडवारा | GWA | D | 01 | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 08 | फतेहगढ़ | FGR | D | 01 | स्वतंत्रता सेनानी/युद्ध विधवा/रेलवे कर्मचारियों की विधवा, किसी भी श्रेणी से संबंधित |
| 09 | इज्जतनगर | IZN | D | 2/3 | अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला |
| 10 | निगोही | NOH | E | 01 | अनुसूचित जाति/महिला |
| 11 | भोपतपुर | BFPA | E | 01 | अनारक्षित /दिव्यांग |

1. बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिये रेलवे की बेवसाइट www.ireps.gov.in देखें। 2. उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एंव शर्तें आदि आई.आर.ई. पी.एस. (IREPS) की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4. बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एंव समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। 5. सभी संभावित बोली दाताओ से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की बेवसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहें।

मुजाधि/वा.- 46 सहायक वाणिज्य प्रबन्धक / इज्जतनगर

''ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें''

**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्**

(भारत सरकार का सांविधिक निकाय)

(शिक्षा मंत्रालय)

नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070

वेबसाईट: www.aicte-india.org फोन नं. 011-29581000

**अभातशिप में निम्नलिखित पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं**

| क्रम सं० | पद का नाम | छठे केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतनमान एवं वेतन ग्रेड | 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मेट्रिक्स एवं स्तर | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सलाहकार–I (समूह–क) | पे बैंड–4, रू0 37400–67000 + ग्रेड वेतन (पे) रू0 10000 | (रु0 144200–218200) स्तर – 14 | 01 |
| 2 | सलाहकार–II (समूह–क) | पे बैंड–4, रू0 37400–67000 + ग्रेड वेतन (पे) रू0 8900 | (रु0 131100–216600) स्तर – 13ए | 02 |
| 3 | निदेशक (समूह–क) | पे बैंड–4, रू0 37400–67000 + ग्रेड वेतन (पे) रू0 8700 | (रु0 123100–215900) स्तर – 13 | 01 |
| 4 | सहायक निदेशक (समूह–क) | पे बैंड–3, रू0 15600–39100 + ग्रेड वेतन (पे) रू0 6600 | (रु0 67700–208700) स्तर – 11 | 08 |

* परिषद् की आवश्यकतानुसार पदों की संख्या को घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है। नियुक्ति हेतु अन्य सभी विवरण जैसे पात्रता मानदंड, अर्हता, अनुभव, ऑनलाईन आवेदन जमा करने हेतु प्रक्रिया एवं सामान्य नियम और शर्तों के संबंध में विस्तृत जानकारी दिनांक 26.05.2025 से अभातशिप की वेबसाईट (https://www.aicte-india.org/bulletins/advertisements) पर उपलब्ध होगी। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त पदों के लिए दिनांक 25.06.2025 अथवा उससे पूर्व सभी सहायक दस्तावेजों को अपलोड करते हुए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। परिषद् को बिना कोई कारण बताए उल्लेखित रिक्तियों की संख्या को घटाने अथवा बढ़ाने अथवा विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार है।

विज्ञापन सं0 – प्रशासन/(स्थापना)/अभातशिप/05 (03)/2025 प्रो. राजीव कुमार सदस्य सचिव, अभातशिप

CBC21300/12/0006/2526

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



**स्वतंत्र भारत**

एप्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

फोन : 0512-2332212, 0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

# बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता?

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं, क्योंकि राजनीतिक दलों के बीच सहमति नहीं बन पाने के कारण उन्हें काम करना मुश्किल

### इस्तीफा देने की सोच रही यूनुस सरकार



लग रहा है। बीबीसी बांग्ला सेवा ने नेशनल सिटिजन पार्टी के प्रमुख नाहिद इस्लाम के हवाले से यह खबर दी। इस्लाम ने बीबीसी बांग्ला से कहा, 'हम आज सुबह से ही सर (यूनुस) के इस्तीफे की खबर सुन रहे हैं। इसलिए मैं इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सर से मिलने गया था। उन्होंने कहा कि वह इस बारे में सोच रहे हैं। उन्हें लगता है कि स्थिति ऐसी है कि वह काम नहीं कर सकते।' छात्रों के नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के संयोजक ने कहा कि मुख्य सलाहकार यूनुस ने आशंका जताई कि देश की मौजूदा स्थिति में वह काम नहीं कर पाएंगे। इस्लाम के मुताबिक यूनुस ने कहा, 'जब तक राजनीतिक दल सहमति नहीं बना लेते, मैं काम नहीं कर पाऊंगा।' इस साल फरवरी में यूनुस के मार्गदर्शन में राजनीतिक पटल पर उभरे एनसीपी के नेता ने कहा कि उन्होंने यूनुस से कहा कि 'देश की सुरक्षा और भविष्य के लिए मजबूत बने रहें और जन-विद्रोह की उम्मीदों पर खरा उतरें।'
इस्लाम के मुताबिक, उन्होंने मुख्य सलाहकार से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राजनीतिक दल एकजुट होकर उनके साथ सहयोग करेंगे और 'मुझे उम्मीद है कि हर कोई उनके साथ सहयोग करेगा'। हालांकि, एनसीपी नेता ने कहा कि अगर यूनुस अपना काम नहीं कर सकते तो उनके रहने का कोई मतलब नहीं है।

# यूक्रेनी ड्रोन हमले के बीच मॉस्को में हवाई अड्डे बंद

**मॉस्को।** रूस में यूक्रेन के ड्रोन हमलों के बीच मॉस्को के हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है। इस दौरान डीएमके नेता कनिमोझी के नेतृत्व में भारतीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को लेकर पहुंचे विमान को लैंडिंग से पहले काफी मशक्कत करनी

### आसमान में घूमता रहा भारतीय सांसदों का विमान



पड़ी। रूसी अधिकारियों और सरकारी मीडिया ने बताया कि रात भर यूक्रेनी ड्रोन हमलों के कारण मॉस्को में हवाई अड्डों को बंद करने का फैसला किया गया है।
मॉस्को के वनुकोवो, डोमोडेडोवो और जुकोवस्की हवाई अड्डों पर परिचालन निलंबित कर दिया गया। इस दौरान भारतीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को लेकर एक विमान मॉस्को पहुंचा। ड्रोन हमले के कारण विमान को कुछ देर तक आसमान में चक्कर लगाना पड़ा, लेकिन बाद में विमान सुरक्षित उतर गया। कनिमोझी के करीबी सूत्रों ने बताया कि विमान को बीच हवा में चक्कर लगाना पड़ा। यह हवा में चक्कर लगाता रहा और बाद में उतरा और इसमें 45 मिनट की देरी हुई। कनिमोझी सुरक्षित उतर गईं। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के मुताबिक, रूसी वायु रक्षा ने कथित तौर पर छह ड्रोन को मार गिराए हैं, जो मॉस्को की ओर उड़ रहे थे। स्थानीय समयानुसार सुबह 2:41 बजे सोबयानिन ने बताया कि कथित तौर पर तीन और ड्रोन को मार गिराया गया है। आपातकालीन सेवाएं मौके पर काम कर रही हैं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।
लगातार तीन रातों से यूक्रेन ने रूसी क्षेत्र में ड्रोन हमले जारी रखे हैं। 20 मई की शाम से 22 मई की सुबह के बीच रूस ने अपने क्षेत्र में 485 ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। रूस में हवाई यात्रा को बाधित करने के लिए यूक्रेनी ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। बताया गया कि यूक्रेन ने सैकड़ों ड्रोन लॉन्च किए, जिसके कारण 1 जनवरी से रूस भर में कम से कम 217 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है।

**सांसदों का प्रतिनिधिमंडल मॉस्को पहुंचा**

कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में सांसदों का एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल गुरुवार रात को पांच देशों की यात्रा के पहले चरण में मॉस्को पहुंचा। यात्रा का मकसद पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को जागरूक करना है। डोमोडेडोवो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करुणानिधि और उनकी टीम के सदस्यों का भारतीय राजदूत विनय कुमार और अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया।

# 'हमारा पानी रोका तो तुम्हारी सांसें रोक देंगे'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना पर आतंकी संगठनों को पालने-पोसने के आरोप लगते रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर

### पाकिस्तानी सेना के अधिकारी ने उगला जहर

### बोली आतंकी हाफिज सईद की भाषा



एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भारत के खिलाफ जहर उगलते और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद की भाषा बोलते नजर आ रहे हैं। वीडियो पाकिस्तानी सेना के एक शीर्ष अधिकारी का है, जो एक इवेंट के दौरान वही भाषा और शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पूर्व में आतंकी हाफिज सईद कर चुका है। ऐसा लगता है कि स्क्रिप्ट एक ही है, बस बोलने वाले अलग हैं।
वीडियो पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी का है, जो पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा कि अगर आप हमारा पानी रोकेंगे तो हम आपकी सांसें रोक देंगे। इस बयान को भारत के सिंधु जल समझौते को स्थगित करने से जोड़कर देखा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने यह सख्त कदम उठाया था। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी का यह बयान बिल्कुल आतंकी हाफिज सईद के पुराने बयान जैसा है, जिसने कहा था कि अगर तुम पानी रोकेंगे तो इंशाअल्लाह, हम आपकी सांसें रोक देंगे और फिर इन नदियों में खून बहेगा। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सेना के अधिकारी और आतंकी की भाषा में इतनी समानता पर सवाल उठाए हैं।

# भारत-पाक संघर्ष विराम पर अमेरिका ने फिर ठोकी अपनी पीठ

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि यह 'उत्साहजनक' है कि उसके 'हस्तक्षेप' के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच 'लगभग

### कहा- यह उत्साहजनक कि हमारे सहयोग से बचा युद्ध

पूर्ण पैमाने पर युद्ध छिड़ने' से रुक गया। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने संवाददताओं से कहा, '....भारत और पाकिस्तान के बीच दिक्कतों के साथ उस क्षेत्र में हिंसा और आतंकवाद के बारे में पीढ़ीगत चिंता रही है। वहां संघर्षविराम पर सहमति बनी है।'
ब्रूस ने कहा, 'हम जानते हैं कि पूर्ण पैमाने पर युद्ध छिड़ने के पूरे आसार थे और जो बात बहुत उत्साहजनक है वह यह है कि अमेरिका के सहयोग से इसे रोका गया और संघर्षविराम कराया गया जो जारी है, लेकिन निश्चित रूप से जैसा कि विश्व ने फिर देखा कि इसका समाधान नहीं हुआ है। इन दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान की संभावना वापस आ गई है।' उन्होंने अमेरिका और भारत के बीच संबंधों और भारत के खिलाफ पाकिस्तान में पनपते आतंकवाद पर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। ब्रूस ने कहा, 'अच्छी खबर यह है कि कुछ अन्य क्षेत्रों के विपरीत संघर्षविराम के लिए प्रतिबद्धता रही है।'

# चीन में भूस्खलन से चार की मौत, 17 लापता

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण-पश्चिमी गुइझोउ प्रांत के एक ग्रामीण इलाके में भूस्खलन के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य लोग अब भी लापता हैं। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के अनुसार, बृहस्पतिवार को चांग्शी कस्बे में दो शव मिले और पास के किंगयांग गांव में दो अन्य लोगों के शव मिले। उसने बताया कि मलबे में दबे 17 अन्य लोग अब भी लापता हैं। एक स्थानीय समाचार पत्र ने बताया कि भूस्खलन के बाद गुओवा कस्बे के अधिकांश हिस्सों में बिजली गुल हो गई। किंगयांग गांव इसी कस्बे में स्थित है। एक स्थानीय निवासी ने सरकारी मीडिया को बताया कि पूरी रात बारिश हुई थी।

## एक नज़र

### ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ से चार की मौत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तटीय इलाकों में भारी बारिश के चलते बाढ़ और तबाही का मंजर है। इस बाढ़ में चार लोगों की मौत हो गई है और एक व्यक्ति लापता है। गनीमत है कि अब बादल छंट गए हैं और मौसम साफ है, जिससे राहत और बचाव कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। बाढ़ और बारिश के चलते 50 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। पूर्वी तटीय इलाकों में कम दाब का क्षेत्र बनने पर भारी बारिश हुई थी और अब यह कम दाब का क्षेत्र सिडनी की तरफ चला गया है। बुधवार से न्यू साउथ वेल्स में बाढ़ के पानी से चार शव निकाले गए हैं। तीन लोग वाहन चलाते समय बाढ़ के पानी में बह गए थे, जबकि एक व्यक्ति का शव उसके घर के बरामदे में मिला था। बुधवार रात बाढ़ग्रस्त इलाके में घूमने के दौरान एक 49 वर्षीय व्यक्ति लापता हो गया, जिसकी अभी भी तलाश जारी है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस्टोफर मिन्स ने शुक्रवार को बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा किया। मिन्स ने राहत और बचाव कार्यों में लगे लोगों की जमकर तारीफ की और कहा कि आपातकालीन सेवाओं और स्वयंसेवकों ने 678 लोगों को बचाया।

### पहलगाम हमला : एक महीने बाद भी पर्यटकों का इंतजार

**श्रीनगर।** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की गोली मारकर हत्या करने के एक महीने बाद शहर में पर्यटकों का आना कम हो गया है। इस घटना ने पहलगाम और जम्मू-कश्मीर में पर्यटन को बड़ा झटका दिया है। स्थानीय लोग यात्रियों का इंतजार कर रहे हैं। पहलगाम होटल और मालिक संघ ने कहा है कि पिछले महीने में होटल में बुकिंग दर घटकर 10 प्रतिशत रह गई है, शहर के 1,500 से अधिक होटल खाली हो गए हैं। स्थानीय रेस्तरां, जिनके कर्मचारी अपनी आजीविका के लिए पर्यटकों पर निर्भर हैं, उन्हें भोजन परोसने के लिए ग्राहक नहीं मिल रहे हैं। स्थानीय व्यापारी मोहम्मद अशरफ ने कहा कि मेरा मुख्य व्यवसाय वाहनों से जुड़ा है, जो पर्यटन से जुड़ा है। (पहलगाम में) पर्यटकों की हत्या हुए एक महीना हो गया है। ऐसा नहीं होना चाहिए था। उन आतंकवादियों ने जो किया, वह नहीं होना चाहिए था। उस दिन से पहलगाम सुनसान है। उन्होंने कहा कि हमारे पास ये सभी गाड़ियाँ हैं, लेकिन उन्हें किराए पर देने वाला कोई नहीं है। फिर भी, हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में या अगले साल पर्यटन फिर से फलेगा-फूलेगा। हमें सरकार पर 100 प्रतिशत भरोसा है कि चीजें एक बार फिर से बेहतर होंगी।

### हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में विदेशी छात्रों का दाखिला बैन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन ने प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालय को होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) द्वारा मांगे गए विदेशी छात्रों की आचरण रिपोर्ट को सौंपने से इनकार करने के बाद अंतरराष्ट्रीय छात्रों को संस्थान में दाखिला देने से रोक दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी ने एक बयान में कहा, हार्वर्ड अब विदेशी छात्रों को दाखिला नहीं दे सकता है और मौजूदा विदेशी छात्रों को स्थानांतरित करना होगा या फिर अपनी कानूनी स्थिति खोनी होगी। होमलैंड सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने अपने विभाग को हार्वर्ड के छात्र और विनिमय आगंतुक कार्यक्रम (एसईवीपी) प्रमाणन को समाप्त करने का आदेश दिया, जिसमें पिछले महीने डीएचएस द्वारा मांगे गए विदेशी छात्रों के आचरण रिकॉर्ड को सौंपने से विश्वविद्यालय के इनकार का हवाला दिया गया। यह निर्णय हार्वर्ड के अंतरराष्ट्रीय छात्र निकाय के एक चौथाई से अधिक छात्रों को प्रभावित कर सकता है, जिनका भविष्य बीए के बाद अनिश्चित हो गया है। प्रोफेसरों को आशंका है कि विदेशी छात्रों के सामूहिक पलायन से संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा प्रभावित हो सकती है जिसने अपनी वैचारिक स्वायत्तता की रक्षा के लिए प्रशासन का सामना किया है।

### गाजा में अब भुखमरी से मर रहे लोग

**गाजा।** फिलिस्तीन के युद्धग्रस्त गाजा में भुखमरी से होने वाली मौत का सिलसिला शुरू हो चुका है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्री माजेद अबू रमादान ने बताया कि हाल के दिनों में गाजा पट्टी में भुखमरी से संबंधित कारणों से कम से कम 29 बच्चों और बुजुर्गों की मौत हो चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि हजारों अन्य लोग भी इस संकट का शिकार हो सकते हैं, क्योंकि क्षेत्र में सीमित सहायता पहुंच रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सहायता प्रमुख ने बीबीसी को दिए गए बयान में 14,000 शिशुओं की मौत की आशंका जताई थी, जो बिल्कुल वास्तविक है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह संख्या वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाती है जो और भी विकराल है। गाजा में 11 सप्ताह से जारी इजरायली नाकेबंदी के बाद गुरुवार को कुछ सहायता ट्रक क्षेत्र में पहुंचे, लेकिन फिलिस्तीनी और सहायता अधिकारियों का कहना है कि यह जरूरतों की तुलना में नाकाफी है।

# बलात्कारियों को दवा खिलाकर काबू करेगा ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार यौन अपराधियों की यौन इच्छा को कम करने के लिए दवा का उपयोग शुरू कर रही है। अपराधों में कमी लाने और जेलों में जगह कम होने की वजह से जेल प्रणाली पर पड़ने वाले दबाव को कम करने के उपायों के तहत यह कदम उठाया गया है। एक स्वतंत्र समीक्षा जारी होने के बाद न्याय मंत्री शबाना महमूद ने संसद में कहा कि तथाकथित रसायन का उपयोग दो क्षेत्रों की 20 जेलों में किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं इस बात पर विचार कर रही हूं कि क्या इस दृष्टिकोण को साकार करना संभव है।

# कनाडा में लगातार घट रही भारतीय छात्रों की संख्या

**ओटावा।** कनाडा लगातार भारतीय छात्रों को जारी वीजा परमिट की संख्या में कमी कर रहा है। कनाडा सरकार के इमीग्रेशन रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप कनाडा विभाग ने नए

### जारी परमिट की संख्या में 31 प्रतिशत की गिरावट



आंकड़े जारी किए हैं, जिनके मुताबिक साल 2025 की पहली तिमाही में सिर्फ 30,640 भारतीय छात्रों को परमिट जारी किए गए। पिछले साल की पहली तिमाही के मुकाबले में कनाडा जाने वाले भारतीय छात्रों में 31 प्रतिशत की कमी आई है। साल 2024 की पहली तिमाही में 44,295 भारतीय छात्रों को परमिट जारी किया गया था।
दरअसल कनाडा सरकार विदेशों से कनाडा पढ़ने आने वाले छात्रों की संख्या को नियंत्रित करना चाहती है। साल 2023 में कनाडा ने 6,81,155 विदेशी छात्रों को वीजा जारी किए थे, जिनमें से 2,78,045 भारतीय छात्रों को वीजा दिए गए थे, लेकिन उसके बाद से भारतीय छात्रों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। साल 2024 में कनाडा ने कुल 5,16,275 विदेशी छात्रों को वीजा जारी किए थे, जिनमें भारतीय छात्रों को जारी वीजा की संख्या 1,88,465 थी। कनाडा में रिकॉर्ड अप्रवासन और इसके चलते वहां घरों की कीमत में इजाफे और स्वास्थ्य एवं परिवहन पर बढ़ते दबाव के चलते कनाडा सरकार ने विदेशी छात्रों को जारी वीजा परमिट में कटौती का फैसला किया। कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि साल 2028 तक कनाडा में अस्थायी नागरिकों की, जिनमें छात्र, विदेशी कामगार शामिल हैं, उनकी संख्या देश की कुल जनसंख्या के पांच प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगी। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कनाडा सरकार विदेशी छात्रों को जारी परमिट की संख्या में लगातार कटौती कर रही है। साल 2025 में कनाडा सरकार सिर्फ 4,37,000 विदेशी छात्रों को ही परमिट जारी करेगी और अगले साल इसमें और कटौती हो सकती है।

# युद्धक जहाज की असफल लॉन्चिंग से किम जोंग उन नाराज

### अब जिम्मेदारों को झेलना होगा तानाशाह का कोप

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया की सरकार ने शुक्रवार को बताया कि उन्होंने युद्धक जहाज की असफल लॉन्चिंग के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जांच और उनकी गिरफ्तारी शुरू कर दी है। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने जहाज की असफल लॉन्चिंग पर नाराजगी जताई थी और उन्होंने हादसे की वजह गंभीर लापरवाही को बताया था। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने बताया कि 5,000 टन वजनी नौसेना का युद्धपोत बुधवार को चोंगजिन के पूर्वोत्तर बंदरगाह पर लॉन्च समारोह के दौरान हादसे का शिकार हो गया था। दरअसल युद्धक जहाज इसके पिछले हिस्से पर लगे ट्रांसपोर्ट क्रैडल के अलग हो जाने से क्षतिग्रस्त हो गया। सैटेलाइट तस्वीरों में जहाज पानी में एक तरफ़ पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है, जिसका ज्यादातर हिस्सा पानी में डूबा हुआ है और उस पर नीले रंग के कवर लगे हुए हैं। उत्तर कोरिया की सेंट्रल मिलिट्री कमेटी ने चोंगजिन शिपयार्ड के मैनेजर होंग किल हो को समन जारी कर पेश होने का निर्देश दिया है। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया के अनुसार, भले ही जहाज को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन इस हादसे की माफी नहीं है और यह एक अपराध है। इसके जिम्मेदार लोग इससे बच नहीं पाएंगे।

# अमेरिका में नफरती समूह घटे पर उनका असर बढ़ा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** अमेरिका में श्वेत राष्ट्रवादी, घृणा फैलाने वाले और सरकार विरोधी समूहों की संख्या 2024 में थोड़ी

### रिपोर्ट में किया गया दावा



कम हुई है, लेकिन उनका प्रभाव कम नहीं होकर बढ़ा है। कई लोगों को लगता है कि उनकी मान्यताएं, जिनमें नस्लवादी कथन और तथाकथित ईसाई उत्पीड़न शामिल हैं, सरकार और मुख्यधारा के विमर्श में अधिक सामान्य हो गई हैं।
अपनी वार्षिक घृणा और उग्रवाद रिपोर्ट में, दक्षिणी गरीबी कानून केंद्र (एसपीएलसी) ने कहा कि उसने 1,371 घृणा और उग्रवादी समूहों की गिनती की है। इसमें 5 प्रतिशत की गिरावट आई है। गैर-लाभकारी समूह इसका कारण संगठित होने की कम जरूरत को मानता है क्योंकि उनके समर्थक राजनीति, शिक्षा और समाज में आम तौर पर घुसपैठ कर चुके हैं। पिछले साल, 533 सक्रिय नफरती समूह थे। इनमें ऐसे समूह शामिल हैं जो एलबीजीटीक्यू+, अप्रवासी विरोधी, यहूदी विरोधी और मुस्लिम विरोधी विचार रखते हैं। 2018 में 1,021 के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद से यह संख्या लगातार घट रही है। एसपीएलसी के इंटेलिजेंस प्रोजेक्ट की अंतरिम निदेशक रेचेल कैरोल रिवस ने कहा, रुझान थोड़े ऊपर-नीचे हुए हैं, लेकिन हम सामान्य तौर पर कहें तो, हमारी ट्रैकिंग के बाद से, इसमें वृद्धि हुई है। और यह केवल कुल संख्या के स्तर पर ही नहीं बल्कि प्रति व्यक्ति के स्तर पर भी है। अलबामा के मोंटगोमरी में स्थित कानून केंद्र के अनुसार पिछले साल सरकार विरोधी समूहों की संख्या कुल 838 थी।

# ईसाई धर्म से जुड़े लोग तेजी से हो रहे नास्तिक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** दुनिया भर के कई देश मजहब के नाम पर संघर्ष कर रहे हैं तो वहीं आंतरिक संघर्ष भी आस्था के नाम पर होते रहे हैं। लेकिन विश्व में एक ऐसा तबका भी तेजी से बढ़ रहा है, जो किसी धर्म में आस्था ही नहीं रखता यानी नास्तिक। खासतौर पर यूरोप, अमेरिका, साउथ कोरिया आदि में मजहब से दूरी बनाने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे मसलों पर शोध करने वाली संस्था प्यू रिसर्च के अनुसार इटली, जर्मनी, स्पेन, स्वीडन जैसे देशों में जन्म से प्राप्त धर्म को छोड़ने वाले लोगों की संख्या अधिक है। सर्वे के अनुसार इटली में 28.7 फीसदी लोग ऐसे हैं, जो नास्तिक हो गए हैं और उन्होंने अपने परिवार से प्राप्त धर्म को छोड़ दिया है।
ऐसे ही जर्मनी में 19.8 फीसदी, स्पेन में 19.6 पर्सेंट और स्वीडन में 16.7 फीसदी लोगों ने अपना धर्म छोड़ दिया है और खुद को नास्तिक

### पश्चिमी देशों में धर्म छोड़ने वालों की संख्या बढ़ रही

घोषित किया है। इसी तरह चिली में 15, मेक्सिको में 13.7 फीसदी और नीदरलैंड में 12.6 पर्सेंट लोगों ने अपने जन्म से प्राप्त धर्म छोड़ा है। इनमें से 99 फीसदी से ज्यादा लोग ईसाई थे, जो अब खुद को नास्तिक बताने लगे हैं। इस तरह धर्म छोड़कर जाने वाले लोगों की सबसे ज्यादा संख्या ईसाइयों की है। यूके में भी धर्म के प्रति लोगों की रुचि कम हो रही है और करीब 12 फीसदी लोग नास्तिक हो गए हैं। इसी तरह जापान में 10.7, ग्रीस में 10.2, कनाडा में 9.5 फीसदी लोगों ने अपना धर्म त्याग दिया है और अब उनका कहना है कि वे किसी भी मजहब में आस्था ही नहीं रखते। अब सवाल यह है कि ब्रिटेन से लेकर इटली तक नास्तिक बनने वाले लोगों की बड़ी संख्या किस पंथ की है और इससे किसे ज्यादा नुकसान है। इसका जवाब भी प्यू रिसर्च के सर्वे में दिया गया है। सर्वे के अनुसार सबसे ज्यादा ईसाई धर्म से जुड़े लोगों ने ही खुद को नास्तिक घोषित कर लिया है। सर्वे में बताया गया कि 28.4 फीसदी ने ईसाई धर्म छोड़ा है तो महज 1 फीसदी ने ही अपनी आस्था बदलते हुए ईसाई पंथ को अपनाया है।

# छोटे पर्दे पर नॉन-स्टॉप एन्टरटेनमेंट!

लोकप्रिय टीवी शो 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में इस हफ्ते नॉन-स्टॉप एन्टरटेनमेंट का आनंद मिलने वाला है। एण्डटीवी के शोज़ मनोरंजन ही मनोरंजन होगा। 'भीमा' के बारे में बताते हुये कैलाशा बुआ ऊर्फ नीता मोहिन्द्रा ने कहा, ''भीमा (तेजस्विनी सिंह) का बढ़ता प्रभाव अब न सिर्फ़ उसके परिवार, बल्कि पूरे गांव की जड़ों को हिला रहा है। इधर फुलमतिया को बिंदिया पर झूठा इल्ज़ाम लगाने की भारी कीमत चुकानी पड़ती है, उधर कैलाशा बुआ (नीता मोहिन्द्रा) भीमा को रास्ते से हटाकर अपनी पुरानी सत्ता वापस पाने की एक खौफ़नाक साज़िश रचती है। तनाव तब और बढ़ जाता है जब विशंभर (विक्रम द्विवेदी) और कालिका सिंह (मयंक मिश्रा) के बीच सीधी भिड़ंत हो जाती है। तभी मीरा (आयुषी जीना) निडर होकर सामने आती है, अपने बरसों के दर्द का सामना करती है और कालिका सिंह को एक ज़ोरदार थप्पड़ जड़ देती है।'' उधर, 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में दरोगा हप्पू सिंह का किरदार अदा कर रहे योगेश त्रिपाठी कहते हैं,'' एक फिल्म देखने के बाद, राजेश (गीतांजलि मिश्रा) ये जानना चाहती है कि अगर जान का खतरा हो, तो हप्पू खुद को बचाएगा या उसे। उसकी मां कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) आग में घी डालने का काम करती है और उसे हप्पू की परीक्षा लेने के लिये उकसाती है। मलाइका (सोनल पंवार) राजेश को समझाने की कोशिश करती है कि ये सब बेकार है, तो राजेश और अवधेशिया (उर्मिला शर्मा) उसे चुप करा देती हैं।'' इधर, 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुये विभूति नारायण मिश्रा ऊर्फआसिफशेख ने कहा, ''अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) को अचानक उसके कॉलेज के एक्स-बॉयफ्रेंड चंदन का फोन आता है, जो अब लंदन में रहता है।

# बचपन की शरारतों से लेकर उम्रभर का साथ!

हर साल 24 मई को मनाया जाने वाला नेशनल ब्रदर्स डे उन खास रिश्तों को सलाम करता है जो हम अपने भाइयों के साथ शेयर करते हैं। इस खास मौके पर ज़ी टीवी के कुछ पसंदीदा एक्टर्स अपने भाइयों को लेकर कुछ अनमोल यादें साझा कर रहे हैं। 'वसुधा' में वसुधा का किरदार निभा रहीं प्रिया ठाकुर ने कहा, ''मेरे लिए अपने भाई के साथ रिश्ता ज़िंदगी के सबसे सच्चे और संभालने वाले रिश्तों में से एक है। बचपन में मैं उसकी प्रोटेक्टर थी, लेट-नाइट स्टोरीटेलर थी, और वो ऐसा इंसान था जो मेरी ख़ामोशी भी समझ जाता था। हम भी बाकी भाई-बहनों की तरह झगड़ते थे।'''सरू' में अनिका का किरदार निभा रहीं अनुष्का मर्चंडे ने कहा, ''मैं एक ऐसे घर में बड़ी हुई जहां सिर्फ लड़कियां थीं, इसलिए ब्रदर्स डे मेरे लिए बहुत खास है।वो सिर्फ कज़िन नहीं है। हर मायने में मेरा भाई है।'''भाग्य



लक्ष्मी' में ऋषि का किरदार निभा रहे रोहित सुचंती ने कहा, ''मेरे बड़े भाई मेरे पहले दोस्त और सबसे बड़े सपोर्ट सिस्टम रहे हैं। उन्होंने ही मुझे साइकिल चलाना सिखाया, और ये भी सिखाया कि हार के बाद कैसे उठ खड़े होना है।'' 'जाने अनजाने हम मिले' में रीत का किरदार निभा रहीं आयुषी खुराना ने कहा, भाई जैसा रिश्ता सिर्फ खून का नहीं होता, कभी-कभी ये उन कहानियों, भरोसे और उस अनकहे जुड़ाव से बनता है जो दो लोग साथ में जीते हैं।

## बाजार दर्पण







